रांची का तापमान

| | कांके | | रांची |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 29.0° | अधिक. | 29.2° |
| न्यून. | 24.0° | न्यून. | 25.4° |

रांची, बुधवार
18 जून 2025
वर्ष-26, अंक-136, पृष्ठ-12

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 07, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




पेज 10



# एलिवेटेड कॉरिडोर का काम अंतिम चरण में 3 जुलाई को होगा लोकार्पण

## एनएचएआई के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने की है इसकी पुष्टि

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी वासियों को रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर पर फर्राटे भरने के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा। क्योंकि लोकार्पण की तारीख को 19 जून से बढ़ाकर 3 जुलाई कर दिया गया है। एनएचएआई के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने इसकी पुष्टि की है। अब केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 3 जुलाई को रांची वासियों को रातू रोड फ्लाईओवर की सौगात देंगे और एनएचएआई के द्वारा झारखंड में चल रहे कार्यों की समीक्षा भी करेंगे।

### काम पूरा करने का लक्ष्य जनवरी 2025 था पर हुआ विलंब

रातू रोड फ्लाईओवर की लंबाई 3.57 किमी है। इसका निर्माण कार्य नवंबर 2022 में शुरू हुआ था। काम पूरा करने का लक्ष्य जनवरी 2025 था। लेकिन तकनीकी कारणों से थोड़ा विलंब हो गया। इसके निर्माण और भूमि अधिग्रहण पर लगभग 400 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। राजभवन के बगल में मौजूद नागा बाबा खटाल के पास इसका रैंप है। पिस्का मोड़ पहुंचने पर यह फ्लाईओवर दो हिस्सों में बंट गया है। एक हिस्से का रैंप हेहल के पास है तो दूसरे हिस्से का इटकी रोड पर करीब 800 मीटर आगे है। इसको तैयार करने में कुल 101 पिलर्स का इस्तेमाल हुआ है। इसका निर्माण एनएचएआई ने केसीसी बिल्डकॉन नाम कंपनी से करवाया है। वहीं यह भी चर्चा है कि रातू रोड फ्लाई ओवर का काम पूरा नहीं हुआ है, इसकारण भी लोकार्पण को टाल दिया गया है। इसके अलावा फ्लाई ओवर के नामांकरण को लेकर भी विवाद चल रहा है।

**नॉयज बैरियर लगाने का काम जारी :** अब एनएचएआई के अधिकारी इस अतिरिक्त समय का सदुपयोग करने में जुट गए हैं। प्रोजेक्ट डायरेक्टर एकता कुमारी ने बताया कि अब फ्लाईओवर के दोनों ओर शोर अवरोधक यानी नॉयज बैरियर लगाया जा रहा है। इसके लगने से फ्लाई ओवर के आसपास रहने वाले लोगों तक गाड़ियों की आवाज नहीं पहुंचेगी। इसके अलावा पीवीआर ग्रिल का काम भी चल रहा है।

**राजभवन की सुरक्षा का विशेष ख्याल :** दरअसल, रातू रोड फ्लाईओवर का रैंप नागा बाबा खटाल के पास राजभवन के दक्षिणी गेट से बिल्कुल करीब है। लिहाजा, राजभवन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस जगह पर बुलेट प्रूफ बैरियर लगाया गया है। साथ ही इस बात का भी ख्याल रखा गया है कि फ्लाईओवर से गुजरने वाली गाड़ियों की आवाज राजभवन तक ना पहुंचे।

## भारत का शांत रहना विरोधियों को दिखता है कमजोरी

राष्ट्रीय नवीन मेल




**पूनम शर्मा स्नेहिल**

कभी कारगिल, कभी पुलवामा ,तो कभी पहलगाम, उद्दंता की हदों को पार कर एक बार नहीं बार-बार एक ही प्रयास को दोहराने की कोशिश और बार-बार नाकामी का मुंह देखना। भारत में कभी भी किसी भी युद्ध की शुरुआत नहीं की इसका मतलब यह नहीं कि भारत के सैनिक किसी बात में किसी की शक्तियों से कम है परंतु उनका शांत रहना विरोधियों को उनकी कमजोरी दिखने लगता है। उदंड बालक की तरह हर बार पका ने हिंदुस्तानियों को नुकसान पहुंचाने का ही प्रयास किया है। गंगा जमुना संस्कारों को दिल में लेकर शांति से जीने वाले भारतीय ,और हमारे भारत के वीर जवान इन्हें कभी भी किसी का लहू बहाने की मंशा मन में नहीं आती ,क्योंकि मानव और दानव के बीच में थोड़ा सा फर्क होता है।

शेष पेज 11 पर

### शहीद जवान सुनील धान के आश्रितों को मिली 2.66 करोड़ की वित्तीय मदद

# शहीद के परिजनों के साथ खड़ी रहेगी हमारी सरकार : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड जगुआर (एसटीएफ) के शहीद जवान सुनील धान के परिजनों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने शहीद आरक्षी सुनील धान के परिजनों को सम्मान राशि के रूप में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पुलिस सैलरी पैकेज के तहत 1 करोड़ 20 लाख रुपए का चेक वित्तीय सहायता के रूप में सौंपा। गृह विभाग द्वारा 1 करोड़ 46 लाख 26 हजार 972 रुपए उनके बैंक अकाउंट में क्रेडिट किए गए। मुख्यमंत्री ने शहीद जवान के परिजनों से पारिवारिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि झारखंड हमेशा अपने शहीदों का ऋणी रहेगा। राज्य सरकार शहीद के परिजनों के साथ सदैव खड़ी है। आरक्षी सुनील धान ने राज्यवासियों की सेवा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी शहादत को वे नमन करते हैं।



### हिम्मत और धैर्य के साथ आगे बढ़ें, सरकार आपके साथ

मुख्यमंत्री ने शहीद की पत्नी से कहा कि आप सभी परिजन हिम्मत और धैर्य के साथ आगे बढ़ें, राज्य सरकार सदैव आपके दु:ख-सुख में साथ खड़ी रहेगी। मुख्यमंत्री से शहीद आरक्षी सुनील धान की 65 वर्षीया माता फगनी उरांइन ने कहा कि खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड की कांटी पोहरा टोली में उनका पुश्तैनी घर है, जहां आय के लिए खेतीबाड़ी का साधन उपलब्ध है। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहीद के परिजनों को मिलने वाले सभी प्रकार का लाभ उन्हें शीघ्र प्रदान किए जाए। पेंशन सहित अन्य लाभ से परिजनों को जोड़ें। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि पेंशन राशि दिए जाने से संबंधित प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अगले महीने से संबंधित परिजनों को पेंशन राशि मिलना प्रारंभ हो जाएगा तथा अन्य लाभ दिए जाने संबंधित सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

**शहीद की पत्नी से अनुकंपा पर नौकरी करने का किया आग्रह :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शहीद आरक्षी सुनील धान की 65 वर्षीया माता फगनी उरांइन, 29 वर्षीया पत्नी गंदरी धान एवं दो पुत्र प्रियांश धान (5 वर्ष) तथा अनिकेत धान (3 वर्ष) सहित अन्य परिजनों ने

शेष पेज 11 पर

### आईईडी ब्लास्ट में हुए थे सुनील धान शहीद

12 अप्रैल 2025 को चाईबासा जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र के रातामाटी गांव के घने जंगल में नक्सलियों के विरुद्ध विशेष छापामारी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से झारखंड जगुआर के एजी 11 में प्रतिनियुक्त आरक्षी 361 सुनील धान गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। उन्हें बेहतर चिकित्सा के लिए एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया था, जहां इलाज के क्रम में 12 अप्रैल 2025 को वे वीरगति को प्राप्त हुए थे।

## शराब घोटाला मामले में एक और आईएएस हुआ गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में हुए शराब घोटाले में एसीबी ने एक और बड़ी कारवाई की है। एसीबी ने पूर्व उत्पाद कमिश्नर अमित प्रकाश को शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को अमित प्रकाश से दिन भर पूछताछ के बाद देर शाम उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अमित प्रकाश दिसंबर 2024 तक उत्पाद विभाग में आयुक्त के साथ साथ जेएसबीसीएल के एमडी के प्रभार में रहे थे।

**सदर में हुआ मेडिकल :** एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व आईएएस अधिकारी और तत्कालीन उत्पाद कमिश्नर अमित प्रकाश को शराब घोटाले में गिरफ्तार कर लिया गया है। विनय चौबे के बाद अमित प्रकाश दूसरे आईएस है जिनकी गिरफ्तारी शराब घोटाला मामले में की गई है। पूर्व आईएएस अधिकारी अमित प्रकाश को 13 जून को पूछताछ के बाद मंगलवार को भी एसीबी ने बुलाया था।जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने के बाद अमित प्रकाश को एसीबी की विशेष अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया। उससे पहले पूरे दिन पूछताछ के बाद एसीबी के सवालों का



### पहले अप्राथमिक अभियुक्त बने अमित

एसीबी ने शराब घोटाले में पूर्व उत्पाद आयुक्त विनय कुमार चौबे, संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह समेत 12 लोगों को नामजद आरोपी बनाया था। इस केस में एसीबी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एसीबी ने जांच के बाद इस केस में अमित प्रकाश को पहला अप्राथमिक अभियुक्त बनाया है।

अमित जवाब नहीं दे पाए। एसीबी ने जांच में पाया है कि अमित प्रकाश के कार्यकाल में प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए खुदरा दुकानों में शराब बिक्री के अनुपात में काफी कम राशि जमा करायी गई थी।

**कार्यकाल में 70 करोड़ की अनियमितता :** एसीबी ने जांच में पाया है कि अमित प्रकाश के एमडी रहने के दौरान शराब की बिक्री का घाटा बढ़कर 70 करोड़ हो गया था।

शेष पेज 11 पर


**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।


## झारखंड में हुई मानसून की एंट्री

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। झारखंड में मंगलवार को मानसून की एंट्री हो गई। मानसून की दस्तक के साथ हुई झमाझम बारिश के दौरान वज्रपात से पलामू और गढ़वा जिले में चार लोगों की मौत हो गई। एक बच्ची समेत दो लोग घायल भी हो गए हैं। पलामू में जहां मां-बेटी की मौत हो गई, वहीं गढ़वा में दो की मौत और दो लोग घायल हो गए हैं।

**पलामू और गढ़वा में वज्रपात का कहर :** पलामू जिले के चैनपुर के चांदो गांव में जोरदार बारिश हुई।

शेष पेज 11 पर



पहली बारिश में वज्रपात से 04 की गई जान 02 घायल

### कोविड-19 : कोरोना आया काबू में, एक्टिव केसों की संख्या 7 हजार से नीचे

**नई दिल्ली।** कोविड-19 संक्रमण के नए वैरिएंट की रफ्तार थमने से भारत को बड़ी राहत मिली है। लगातार तीसरे दिन भारत में कोविड संक्रमण के मामलों में गिरावट दर्ज की गई है। ताजा आंकड़ों के बाद देशभर में एक्टिव केस घटकर 7 हजार से नीचे आ चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने ये नए आंकड़े जारी किए हैं। कोविड संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने 17 जून, सुबह 8 बजे तक के आंकड़े जारी किए। मंत्रालय के मुताबिक, देशभर में एक ही दिन में

शेष पेज 11 पर

### झारखंड हाईकोर्ट का राज्य सरकार को निर्देश

## आधुनिक टेक्नोलॉजी के जरिए भूमि सर्वेक्षण का कार्य तेजी से पूरा करें

**रांची (आईएएनएस)**

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य की सरकार को भूमि सर्वेक्षण का कार्य आधुनिक टेक्नोलॉजी के जरिए तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने मंगलवार को एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से भूमि सर्वे नई टेक्नोलॉजी के जरिए अपडेट करने के कार्य की प्रगति पर जानकारी मांगी।

इस पर झारखंड सरकार की ओर से बताया गया कि भूमि सर्वेक्षण की नई टेक्नोलॉजी की जानकारी लेने और इसकी बारीकियां सीखने के लिए तीन टीमों को बिहार, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक भेजा जा रहा है। एक टीम ने हाल में आंध्र प्रदेश में भूमि सर्वे की टेक्नोलॉजी पर कॉन्फ्रेंस में भाग लिया है। इसके बाद झारखंड में भी आधुनिक तकनीक आधारित फॉर्मूले पर काम किया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि सरकार इस प्रक्रिया में तेजी लाए। इस मामले में अगली सुनवाई 16 सितंबर को निर्धारित करते हुए कोर्ट ने कार्य प्रगति से अवगत कराने का निर्देश दिया है। झारखंड में भूमि सर्वेक्षण कराने और इसके रिकॉर्ड को अपडेट करने की मांग को लेकर गोकुल चंद नामक शख्स ने जनहित याचिका दायर की है।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# झरनों कुओं व तालाबों की भी हो ऑडिट और आवश्यक गणना

जातीय जनगणना के शोर के बीच हमारे बचपन की स्मृतियों में बसे हमारे आसपास के अनेक तालाब अब इतिहास बन गए और भूमाफिया की वक्र दृष्टि बेशकीमती शहरी के बाद अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में लगी है जबकि पूर्व की बसी कॉलोनियां पीने के पानी के लिए तरस रही हैं । भारत सरकार के केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने प्राकृतिक और मानव निर्मित सभी तरह के जल स्त्रोतों की गणना करा रही है। 2023 में हुई पहली गणना की रिपोर्ट के आधार पर यह पता चला था कि देश में नदियों, नहरों के साथ ही कितने तालाब, पोखर, झील हैं और उनकी स्थिति क्या है? इस बार की गणना में झरनों को भी शामिल किया गया है।देश की सैकड़ों गैर हिमालयी नदियां, खासकर दक्षिण राज्यों की नदियों का तो उद्गम ही झरनों से है। कोयल,स्वर्णरेखा,नर्मदा, सोन जैसी नदियां झरने से ही फूटती हैं। जब दो साल बाद इस गणना के नतीजे सामने आएंगे, तो देश के पास एक व्यापक परिदृश्य होगा कि नदियों की धार का भविष्य क्या है? जल विद्युत परियोजनाओं की संभावना क्या है? झरने का अस्तित्व पहाड़ से है, उसे ताकत मिलती है परिवेश के घने जंगलों से और संरक्षण मिलता है अविरल प्रवाह से।2020 में, अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका 'वाटर पॉलिसी' ने भारतीय हिमालय क्षेत्र (आईएचआर) में स्थित 13 शहरों में 10 अध्ययनों की एक श्रृंखला आयोजित की थी। इस अध्ययन से पता चला कि इन शहरों में से कई जिनमें मसूरी, दार्जिलिंग और काठमांडू जैसे प्रसिद्ध पर्वतीय स्थल शामिल हैं, पानी की मांग-आपूर्ति के गहरे अंतर का सामना कर रहे हैं, जो कई जगह 70 फीसदी तक है और इसका मूल कारण इन इलाकों में जल सरिताओं-झरनों का तेजी से सूखना है। ठीक यही बात अगस्त 2018 में नीति आयोग की रिपोर्ट में कही गई थी। इसमें स्वीकार किया गया था कि आईएचआर में करीब 50 फीसदी झरने सूख रहे हैं और गायब भी हो रहे हैं।झरना एक ऐसी प्राकृतिक संरचना है, जहां से जल पृथ्वी की सतह तक बहता है। देश की बीस करोड़ से अधिक आबादी पानी के लिए झरनों पर निर्भर है। भारतीय हिमालय क्षेत्र के 12 राज्यों के 60,000 गांव हैं, जिनकी आबादी पांच करोड़ है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा इसके दायरे में हैं। असम और पश्चिम बंगाल भी आंशिक रूप से इसके तहत आते हैं। यहां की करीब 60 प्रतिशत आबादी जल संबंधी जरूरतों के लिए धाराओं पर निर्भर है। दक्षिणी भारत में पश्चिमी घाटों में, कभी बारहमासी रहने वाले झरने मौसमी होते जा रहे हैं और इसका सीधा असर कावेरी, गोदावरी जैसी नदियों पर पड़ रहा है। यहां झरनों के जलग्रहण क्षेत्र में बेपरवाही से लगाए जा रहे नलकूपों ने भी झरनों का रास्ता रोका है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा क्षेत्र में झरनों की संख्या पिछले 150 वर्षों में 360 से घटकर 60 रह गई। उत्तराखंड में नब्बे प्रतिशत पेयजल आपूर्ति झरनों पर निर्भर है, जबकि मेघालय में राज्य के सभी गांव पीने और सिंचाई के लिए झरनों का उपयोग करते हैं। ये झरने जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र के महत्वपूर्ण घटक भी हैं।झारखंड में भी नदी तालाबों के लगातार लुप्त होने या उनमें जल की मात्रा कम होने का सारा दोष जलवायु परिवर्तन पर नहीं मढ़ा जा सकता। अंधाधुंध पेड़ कटाई और निर्माण के कारण पहाड़ों को हो रहे नुकसान ने झरनों के नैसर्गिक मार्गों में व्यवधान पैदा किया है। नए सर्वेक्षण की रिपोर्ट से झरनों को सहेजने की योजनाएं बनेंगी।यह सुखद है कि सिक्किम ने इस संकट को सन 2009 में ही भांप लिया था। इससे पहले सिक्किम में प्रति परिवार पानी का खर्च 3200 रुपये महीना था। 2013-14 में झरनों के आसपास 120 हेक्टेयर पहाड़ी क्षेत्र में गड्ढे बनाकर बारिश के पानी को संरक्षित करने पर काम शुरू किया और इसके 100 फीसदी परिणाम आने शुरू हो गए।झरनों को लेकर सबसे अधिक लापरवाही झारखंड,उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में है, जो बीते पांच वर्षों में प्रभावित हुए हैं।राजधानी रांची के पुराने बाशिंदे एडवोकेट अरविंद लाल बताते हैं कि उन्होंने अपने बचपन में 25 तालाब देखे थे जिनमें से अधिकांश के ऊपर आज इमारतें खड़ीं हैं डॉ अमित मुखर्जी के सामने जेल रोड का तालाब,पुरानी जेल के सामने के दो तालाब,हिंदपीढ़ी का छोटा तालाब,मोराबादी के दिव्यायन के पास वकील डी मजूमदार का एक निजी तालाब,रातू रोड कबिस्तान के पीछे खादगढ़ा का तालाब अब इतिहास बन गए हैं । इसके अलावा वर्तमान में जयपाल सिंह स्टेडियम,अटल वेंडर मार्केट और अन्य दुकानों वाले भूभाग में 1969 तक भुतहा तालाब हुआ करता था जिसे एनडीजे राव कमिश्नर ने बिनोबा भावे से लेकर बच्चों-बड़ों के श्रमदान से यह कहकर स्टेडियम बनवाया था कि बच्चों के खेलने के लिए जगह नहीं है।रांची के हर मुहल्ले के कुएं भी उपेक्षा और भूमाफिया के कारण इतिहास बन रहे हैं । समय की मांग है कि जीवन रक्षक नदी तालाबों झरनों कि ऑडिट 1932 के खतियान और नक़्शे के आधार पर हो और उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक



## ईरान में बिगड़े हालात भारतीय छात्रों को तेहरान से निकाला गया



- **कई लोगों को आर्मेनिया की सीमा से बाहर निकलने में भी मदद की गई**

**तेहरान । एजेंसी**

ईरान में बिगड़ते हालात के मद्देनजर भारत ने तेहरान में रहने वाले भारतीय छात्रों को सुरक्षा कारणों से शहर से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया है। यह व्यवस्था भारतीय दूतावास द्वारा की गई है। इसके अलावा भारत ने अन्य भारतीयों से अनुरोध किया है कि यदि वह अपने वाहनों से तेहरान से बाहर निकलने में सक्षम हैं तो उन्हें भी मौजूदा स्थिति को देखते हुए शहर छोड़ने की सलाह दी गई है। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि कुछ भारतीय नागरिकों को आर्मेनिया की सीमा के रास्ते ईरान से बाहर निकलने के लिए भी सहायता प्रदान की गई है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि दूतावास लगातार भारतीय समुदाय के संपर्क में है, ताकि सभी संभव सहायता प्रदान की जा सके। बयान में कहा गया है कि स्थिति की अनिश्चितता को देखते हुए आगे भी सलाहें जारी की जा सकती हैं। इससे पहले भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा था कि

शेष पेज 11 पर

## सर्वजन पेंशन के तहत 2.32 लाख लाभुकों को 23.23 करोड़ का भुगतान

**रांची।** राज्य सरकार की सर्वजन पेंशन योजना के तहत रांची जिले में जून की पेंशन राशि का भुगतान लाभुकों के बैंक खातों में कर दिया गया है। रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर कुल 2,32,310 लाभुकों को एक हजार की दर से कुल 23.23 करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी गई। इस योजना के अंतर्गत वृद्धावस्था, निराश्रित महिला, दिव्यांग, एचआईवी पीड़ित, आदिम जनजाति और ट्रांसजेंडर लाभुक शामिल हैं। जिला प्रशासन ने अपील की है कि यदि किसी लाभुक को पेंशन राशि प्राप्त नहीं हुई है तो वे जिला प्रशासन के अबुआ साथी व्हाट्सऐप नंबर 9430328080 पर शिकायत कर सकते हैं। जून महीने में सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत लाभुकों की संख्या : मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना - 334 एचआईवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना - 406 मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना - 167684 मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना - 47271 स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना - 16608 ट्रांसजेंडर/तृतीय लिंग के व्यक्तियों हेतु मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना - 07।

### डीसी ने कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

# अनुपस्थित कर्मियों को जारी किया शो-कॉज

- जिला भू अर्जन कार्यालय का निरीक्षण
- अपर जिला दंडाधिकारी कार्यालय की व्यवस्था को सराहा
- जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



### स्वच्छता व समयबद्धता के साथ कार्य करने का निर्देश

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालयों की साफ-सफाई, ऑफिस की स्थिति, अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति, नेम प्लेट और कार्यालयी दस्तावेजों की व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को स्वच्छता और समयबद्धता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही, कार्यालयों में बेहतर कार्य संस्कृति और जनसेवा के प्रति समर्पण को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

### आमजनों की समस्याओं के त्वरित निवारण व पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के निर्देश

उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कुछ कार्यालयों में व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कार्यालयों में आने वाले आमजनों की समस्याओं के त्वरित निवारण और पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने पर बल दिया। "जिला प्रशासन का उद्देश्य आम जनता को बेहतर और समयबद्ध सेवाएं प्रदान करना है। कार्यालयों की स्वच्छता और कर्मचारियों की उपस्थिति इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। हमारी प्राथमिकता है कि सभी कार्यालय सुव्यवस्थित और कार्यकुशल हों, ताकि जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।" उपायुक्त ने सख़्त लहजे में कहा की सभी पदाधिकारी/ कर्मी ससमय कार्यालय आए देर से आने वालें और बिना जानकारी दिए अपने कार्यालय से अनुपस्थित पाए जाने वालें पदाधिकारी/ कर्मी पर सुनिश्चित रुप से कार्रवाई की जाएगी।

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए में अवस्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त द्वारा विभिन्न कार्यालयों के निरीक्षण क्रम में जिला कल्याण शाखा के निरीक्षण क्रम में कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए नलिता कुमारी महतो एवं विकास जायसवाल (कार्यालय लिपिक) को शो कॉज करने के निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिए गए। साथ इस कार्यालय के मुख्य लिपिक दिलीप कुमार को आईडी कार्ड नही पहनने के कारण शो कॉज करने एवं दिनेश कुमार पासवान क्लर्क को अपने टेबल पर नेम प्लेट नही लगाने के कारण शो कॉज करते हुए जल्द जवाब देने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त के विभिन्न कार्यालयों के निरीक्षण क्रम में जिला भू अर्जन कार्यालय का निरीक्षण किया उन्होंने पुरे कार्यालय में तमाम व्यवस्था को देखा साथ कर्मियों की उपस्थिति देखा। निरीक्षण क्रम में जिला भू अर्जन कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर आदर्श कुमार सिंह को आईडी कार्ड नही पहनने के कारण शो कॉज करते हुए जल्द जवाब देने के निर्देश दिए गए। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यालयों की कार्यप्रणाली, स्वच्छता, कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यालयीन व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेना था।

उपायुक्त ज़ब विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर रहें थे तों निरीक्षण क्रम में वे अपर जिला दंडाधिकारी कार्यालय की व्यवस्था एवं साफ-सफाई पुरे कार्यालय को व्यवस्थित रखने के लिए सराहा साथ उन्होंने कहा की अगली ऑल हैंड बैठक में कार्यालय के कर्मी बाकी कार्यालयों को बताएंगे की कैसे कार्यालय को सुंदर और व्यवस्थित रखा जाता है। इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) रांची, राजेश्वर नाथ आलोक भी उपस्थित थे, उन्होंने अपने कार्यालय के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

उपायुक्त द्वारा समाहरणालय कार्यालय के औचक निरीक्षण क्रम में वे जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। वहाँ उन्होंने तमाम व्यवस्था का देखते हुए पुरे कार्यालय के कर्मियों की उपस्थिति /कर्मी के आईडी कार्ड/ नेम प्लेट को देखा। इस दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक राँची, श्री बादल राज को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने कहा की इस तरह के औचक निरीक्षण भविष्य में भी जारी रहेंगे, ताकि जिला प्रशासन के कार्यालयों में अनुशासन, स्वच्छता और कार्यकुशलता बनी रहे।


## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्ण देवी



**रांची।** मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार मुलाकात कर राज्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श किया।

### राज्यपाल संतोष गंगवार से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने की मुलाकात



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों के मध्य विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई।

### राज्यपाल से मिले वित्त मंत्री राधाकृष्ण



**रांची।** राज्यपाल से मंगलवार को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राजभवन में भेंट की। मंत्री ने राज्यपाल को झारखंड सरकार द्वारा प्रकाशित 16वें वित्त आयोग के ज्ञापन की प्रति भेंट की।

### अनधिकृत व्यक्तियों को रथ पर चढ़ने से रोका जाए : विजय शंकर नायक



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन, पुलिस महानिदेशक, रांची उपायुक्त, एसएसपी रांची एवं जगरन्नाथ मंदिर न्यास समिति को पत्र लिखा है। वहीं भगवान जगन्नाथ रथयात्रा की पवित्रता और गरिमा बनाए रखने का अनुरोध किया है । वहीं कहा है कि रथयात्रा में पूर्व से ही अनधिकृत व्यक्तियों का भगवान के रथ पर चढ़ने की आदत सी बन गई है जिसे कड़ाई से रोका जाए। रथ पर केवल जगन्नाथ मंदिर के निर्माणकर्ता राजा के वंशज, मुख्यमंत्री, मंदिर के अधिकृत पुरोहित, स्थानीय विधायक, स्थानीय सांसद व हटिया डीएसपी को रथ पर चढ़ने का अधिकार दिया जाए।

### सूचना आयुक्त नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो : झारखंड हाईकोर्ट



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सोमवार को राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर अवमानना याचिका सहित अन्य जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार का पक्ष सुना। खंडपीठ ने सरकार के जवाब को देखते हुए मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। खंडपीठ ने कहा कि अगली सुनवाई के पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाए। मामले की अगली सुनवाई के लिए खंडपीठ ने चार अगस्त की तिथि निर्धारित की है।

### रांची जिले में कल से भारी बारिश की चेतावनी



**रांची।** मौसम विज्ञान केंद्र ने रांची जिले के लिए 19 जून की सुबह 08:30 बजे से 20 जून की सुबह 08:30 बजे तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा दिए जा रहें सूचना पर जिला प्रशासन निरंतर नजर रखे हुए है। वहीं नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे आधिकारिक सूचनाओं पर ध्यान दें और अफवाहों से बचें।

### कंप्यूटर शिक्षक के लिए बीएड की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग

**रांची।** छात्र नेता अवधेश कुमार ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि हाल ही में जारी की गई कंप्यूटर शिक्षक पद की नियुक्ति अधिसूचना में शैक्षणिक योग्यता के रूप में केवल नियमित डिग्री धारकों को पात्र माना गया है, जबकि अनेक अभ्यर्थियों ने मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से यूजीसी/एआईसीटीई द्वारा मान्य डिग्रियां प्राप्त की हैं। ये अभ्यर्थी तकनीकी रूप से सक्षम एवं योग्य हैं तथा उन्हें भी समान अवसर प्रदान किया जाना न्यायसंगत होगा। इसके अतिरिक्त, कंप्यूटर शिक्षक पद के लिए बीएड की अनिवार्यता भी युक्तिसंगत प्रतीत नहीं होता क्योंकि देश की किसी भी विश्वविद्यालय में आईटी या कंप्यूटर साइंस विषय में बीएड पाठ्यक्रम संचालित नहीं किया जाता। ऐसे में आईटी क्षेत्र से जुड़े योग्य अभियर्थियों को इस आधार पर वंचित करना तर्कसंगत नहीं है। वहीं मांग किया है कि कंप्यूटर शिक्षक पद पर दूरस्थ शिक्षा में मान्यता प्राप्त संस्थानों से डिग्री प्राप्त उम्मीदवारों को भी पात्रता प्रदान की जाए। कंप्यूटर शिक्षक पद के लिए बीएड की अनिवार्यता को समाप्त कर केवल तकनीकी/ संबंधित डिग्री धारकों को पात्र माना जाए। वहीं मांग किया है कि उक्त विषय में सकारात्मक निर्णय लेकर बड़ी संख्या में तकनीकी रूप से दक्ष उम्मीदवारों को न्याय प्रदान करें।

## खेल विभाग में स्पोर्ट्सकिट खरीद में हुआ है घोटाला : मरांडी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार के खेल विभाग में हुए 6 करोड़ के घोटाले पर बड़ा निशाना साधा है।

श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड सरकार में लूट मची हुई है। सारे नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही रोज नए नए घोटाले उजागर हो रहे।

कहा कि ई-रिक्शा में डीजल भरवाने जैसे हास्यास्पद घोटालों के बाद, हेमंत सरकार के खेल विभाग ने अब करीब 6 करोड़ रुपये का नया घोटाला कर दिया है।

कहा कि स्पोर्ट्स किट की खरीद में विभाग ने सबसे कम बोली लगाने वाली (L1) कंपनी को दरकिनार कर, ऊंची दर पर सामान देने वाली (L2) कंपनी को ठेका दे दिया।

कहा कि हेमंत सरकार में टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी और कमीशन आधारित फैसले की बात आम हो चुकी है। पारदर्शिता की जगह अब साठगांठ और लूट का बोलबाला है। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस पूरे मामले में विभागीय मंत्री और अधिकारियों की भूमिका की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### बलिदान दिवस तैयारी को लेकर आजसू पार्टी ने की बैठक, कहा

## झामुमो बिहार में लड़ने को बेताब, झारखंड की चिंता नहीं

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा है कि वर्तमान हेमंत सरकार जनता के साथ छल कर रही है। झामुमो ने चुनाव के समय जो वायदे किए थे, उन्हें हेमन्त सोरेन भूल चुके हैं। झामुमो को झारखंड की जनता की चिंता नहीं है। हेमंत सोरेन बिहार में चुनाव लड़ने के लिए बेताब हैं, जबकि लालू यादव उन्हें कोई भाव ही नहीं दे रहे। उन्होंने आजसू के रांची महानगर कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा बलिदान दिवस पर आजसू पार्टी हेमंत सरकार के कुशासन के खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंकेगी।

आजसू पार्टी रांची महानगर के कार्यकर्ता 22 जून को आयोजित बलिदान दिवस की तैयारी में जुट गए हैं। महानगर कार्यकर्ताओं की बैठक आज केंद्रीय कार्यालय, हरमू में हुई, जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा ने की, जबकि संचालन केंद्रीय सचिव बनमाली मंडल ने किया। बैठक में कार्यक्रम की तैयारी के लिए वार्ड प्रभारियों की नियुक्ति की गई। बैठक में प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि यह समारोह न केवल शहीदों को स्मरण करने का अवसर होगा, बल्कि झारखंड की वर्तमान स्थिति के मूल्यांकन का भी मौका भी होगा। श्री प्रभाकर ने महानगर कार्यकर्ताओं को व्यापक प्रचार-प्रसार और अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। राज्य निर्माण में युवा शक्ति की अहम भूमिका रही है। झारखंडी जनता के हितों के संघर्ष के लिए पुनः युवा शक्ति को आगे आना होगा।

बैठक में केंद्रीय कार्यालय सचिव नईम अंसारी, मीडिया प्रभारी परवाज खान, महानगर महासचिव रमेश गुप्ता, बिरेंद्र प्रसाद, राकेश सिंह, जय श्रीवास्तव, सज्जाद अंसारी, अमित वर्मा, देवाशीष चट्टोराज, अभिषेक त्रिवेदी, ज्योतिष त्रिवेदी, मिंटू कुमार, संजीव कुमार, अभय कुमार, गौतम सिंह, आनंद राज, संतोष दुबे, डॉ पार्थ परितोष, कौशल तिवारी आदि उपस्थित थे।

## राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय के लिए घटिया सुरक्षा उपकरणों की खरीदारी की : प्रतुल शाहदेव

- बम, टीएनटी, आईडी, हाई एक्सप्लोसिव डिटेक्ट करने वाले उपकरण जांच में फेल

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ज हेमंत सरकार पर उच्च न्यायालय की सुरक्षा से बड़ा खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। प्रतुल ने कहा कि बिना टेंडर के हेमंत सोरेन सरकार ने हाई कोर्ट के लिए सुरक्षा उपकरणों की खरीदारी की । खरीदने के पहले उपकरणों की जांच नहीं हुई। लेकिन खरीद के बाद स्पेशल ब्रांच के डीआईजी की अध्यक्षता में टेक्निकल टीम का गठन हुआ।

प्रतुल ने कहा कि प्राप्त जानकारी के अनुसार रिपोर्ट में बताया गया कि खरीदे गए चार उपकरणों में से तीन उपकरण टेस्ट में बिल्कुल फेल कर गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जमीन के अंदर गाड़े डेटोनरेटर को डिटेक्ट करने वाला डीप सर्च माइन ,मेटल डिटेक्टर को बेकार पाया गया और वह जमीन के अंदर आईडी और बम को डिटेक्ट नहीं कर पाया। प्रतुल ने कहा कि उच्च न्यायालय के लिए खरीदे गए अंडर व्हीकल सर्च मिरर ,जिससे शीशे के जरिए गाड़ी के चेसिस के नीचे लगे बम को जांच होती है, उसे भी बेकार पाया गया। यह उपकरण भी गाड़ी के नीचे आईडी और बम को डिटेक्ट नहीं कर पाया। प्रतुल ने कहा कि हाई एक्सप्लोसिव, टी एन टी को डिटेक्ट करने वाला एक्सप्लोसिव वेपर डिटेक्टर भी पूरे तरीके से रिपोर्ट में गड़बड़ पाया गया और यह कुछ भी डिटेक्ट नहीं कर पाया।

### प्रखंड व अंचल कार्यालय में हर मंगलवार को सुनी जाएगी नागरिकों की समस्याएं

**रांची।** रांची जिला प्रशासन ने उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश के आलोक में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए पहल शुरू की है। इस पहल के तहत मंगलवार को रांची जिले के सभी प्रखंडों और अंचल कार्यालयों में प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) और अंचल अधिकारियों (सीओ) ने सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान अधिकारियों ने नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनका तत्काल यथा संभव निष्पादन करने का प्रयास किया गया। इसके माध्यम से जिला प्रशासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत करते हुए, प्रशासनिक सेवाओं को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जन-केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा, "प्रत्येक नागरिक की समस्या का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। प्रत्येक मंगलवार को अपने प्रखंड या अंचल कार्यालय में अपनी समस्याओं को लेकर नागरिक जा सकते हैं।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कस्तूरबा गांधी स्कूल का किया निरीक्षण

**रांची।** सोनाहातू प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका स्कूल का निरीक्षण मंगलवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया। उन्होंने स्कूल के क्लास रूम, प्रयोगशाला, पाकशाला, जिम, सहित साफ-सफाई, खेलकूद से संबंधित चीजों का निरीक्षण किया। मंत्री ने पठन पाठन के विषय में पूछताछ की। मैट्रिक और इंटर के परिणाम की जानकारी ली, स्कूल के विकास और प्रगति में हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान स्कूल की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया। स्कूल प्रबंधन द्वारा रक्षा राज्य मंत्री को छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग उपहार में दी गई।

### राज्य सरकार और एचसीएल टीएसएस के बीच एमओयू आज

**रांची।** झारखंड के युवाओं के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में भविष्य बनाने के मौके आने वाले हैं। राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, वैश्विक तकनीकी कंपनी एचसीएल टेक की सहयोगी इकाई एचसीएल टीएसएस के साथ टेकबीः कैरियर कार्यक्रम के तहत एमओयू पर बुधवार को हस्ताक्षर करने जा रही है। यह एमओयू प्रोजेक्ट भवन में बुधवार को होगा। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन विशिष्ट अतिथि होंगे। ऑफर लेट सौंपेंगे सीएम पूर्व में भी हेमंत सरकार और एचसीएल के बीच एमओयू हुआ था। प्रशिक्षण के बाद 300 से अधिक युवाओं को एचसीएल में नौकरी मिली। कई युवाओं को मुख्यमंत्री बुधवार को ऑफर लेटर सौंपेंगे। 12वीं के बाद नौकरी और पढ़ाई दोनों के अवसर एचसीएल टेक द्वारा संचालित टेकबी कार्यक्रम विशेष रूप से 12वीं पास छात्रों के लिए डिजाइन किया गया है। जिससे वे स्नातक से पहले ही आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

## बिनोद बिहारी महतो के नाम हो रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर : डॉ लंबोदर महतो

### पूर्व विधायक ने केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री से की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने रातू रोड से पिस्का मोड़ के बीच नवनिर्मित एलिवेटेड कॉरिडोर का नामकरण झारखंड आंदोलन के अगुवा और झारखंड राज्य निर्माण में अवर्णनीय भूमिका वाले सांसद व विधायक रहें बिनोद बिहारी महतो करने को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने यह मांग केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से की है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा है कि बिनोद बिहारी महतो को जन सेवक समाज के रूप में समाज को शिक्षित करने में भी उनकी अपनी उल्लेखनीय भूमिका को भी हम सब याद रखते हैं। इसको देखते व समझते हुए हम यह आशा और उम्मीद करते हैं की रातू रोड से पिस्कामोड़ तक नवनिर्मित एलिवेटेड कॉरिडोर का नामकरण बिनोद बिहारी महतो करने को लेकर आवश्यक व समुचित कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि इस एलिवेटेड फ्लाई ओवर के लिए केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी धन्यवाद के पात्र हैं।

### दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगे कांग्रेस प्रभारी

**रांची।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के. राजू अपने दो दिवसीय दौरे पर 18 जून को रांची पहुंचेंगे। कॉर्निवाल बैक्वेट हॉल में अयोजित रांची नगर निगम के कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ बैठक कर निगम चुनाव पर संवाद करने का काम करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि पुनः 19 जून को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस पर प्रेस क्लब रांची में अयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अयोजित जिला पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संवाद करेंगे।

### उमंग | पर्यटकों के बीच देखा गया भारी उत्साह

# बिरसा जैविक उद्यान में लाए गए शेर व शेरनी

- अब शेरों की संख्या बढ़कर हुई तीन

नवीन मेल संवाददाता



### और आएंगे नए मेहमान : अशोक कुमार

प्रधान मुख्य वन संरक्षक हॉफ अशोक कुमार ने कहा कि भगवान बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी में जिन जानवरों की कमी है, उन जानवरों को जल्द लाया जाएगा। बहुत जल्द ओरमांझी जू में एक जोड़ा जिराफ और एक जोड़ा राईनो लाया जाएगा। मौके पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक हॉफ अशोक कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन प्राणी एवं मुख्य वन प्राणी प्रतिपालक झारखंड रांची पारितोष उपाध्याय, मुख्य वन संरक्षक एवं भगवान बिरसा जैविक उद्यान के निदेशक जबर सिंह, डॉ दिनेश कुमार, राम बाबू कुमार और उद्यान कर्मी मौजूद थे।

**रांची।** ओरमांझी के चकला स्थित भगवान बिरसा जैविक उद्यान में नंदनवन चिड़ियाघर (छत्तीसगढ़) से एक जोड़ा शेर- शेरनी और एक जोड़ा मगरमच्छ लाया गया है। नंदनवन से लाए गए शेर का नाम अभय और शेरनी का नाम शबरी रखा गया है। अभय की उम्र 14 वर्ष और शबरी नामक मादा शेरनी की उम्र 4 वर्ष है। दोनों मगरमच्छों की उम्र 03 से 04 वर्ष बतायी गई है। इनके बदले नंदनवन चिड़ियाघर को भगवान बिरसा जैविक उद्यान से एक जोड़ा घड़ियाल, एक जोड़ा हैना और एक जोड़ा शाहिल भेजा जाएगा।

जैविक उद्यान में अब एक जोड़ा शेर आने से शेरों की संख्या तीन हो गई है। कुछ दिनों पहले उद्यान की जया नामक शेरनी, बीरु नामक शेर और प्रियंका नामक हाइब्रिड शेरनी की मौत ज्यादा उम्र और किडनी फेल हो जाने के कारण हुई थी। मौत के बाद शशांक नामक शेर अकेला उद्यान में बच गया था। जैविक उद्यान में एक जोड़ा शेर आते ही मंगलवार को पर्यटकों में भारी उत्साह देखा गया।

## राजधानी में विद्यार्थियों और अभिभावकों का भरोसा जीत रहा आकाश इंस्टीट्यूट

**रांची।** राजधानी रांची स्थित आकाश इंस्टीट्यूट विद्यार्थियों को बेहतर मकाम देने के लिए कई ब्रांचस लेकर आया है। राजधानी रांची में पिछले 24 वर्षों से और पूरे भारत में पिछले 37 वर्षों से विद्यार्थियों के भविष्य को आकाश इंस्टीट्यूट सवार रहा है। आकाश इंटीट्यूट के सीनियर एक्जीक्यूटिव शुभम ने बताया कि वर्ष 2025 में राजधानी रांची के कई हिस्सों में नए ब्रांच खोले गए। लालपुर, हवाई नगर और कांके रोड में मौजूद है। वहीं, हरमू में इंजीनियरिंग स्पेशल संस्था की शुरुआत हुई है। सिर्फ राजधानी में ही नहीं बल्कि झारखंड सहित पूरे भारत में विद्यार्थियों और अभिभावकों का पसंदीदा बन चुका है आकाश इंस्टीट्यूट। शुभम ने कहा कि आकाश इंस्टीट्यूट का नीट का स्टेट रैंक जो कि ऑल इंडिया रैंक में शामिल है 57 है। वहीं, हजार रैंक के अंदर 4 विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। साथ ही जेई में 489 ऑल इंडिया रैंक है। उन्होंने कहा रांची के सिर्फ एक ब्रांच में प्रतिवर्ष 1500 से 2000 विद्यार्थी एडमिशन लेते हैं।


### आज / कल




### अतिक्रमण बढ़ता गया ज्यों ज्यों शिकायत हुई

# भू-माफियाओं ने 47 फीट की बनहोरा नदी को दो फीट में बदला

- हर बरसात में पंचशील नगर और शाहदेव नगर में घुसता है नाले का पानी
- दो दशकों से पीड़ित लोगों की गुहार अनसुनी करता आ रहा नगर निगम




**मनोज मिश्रा**

**रांची।** वर्ष 2008 में मौजा पंडरा थाना सुखदेव नगर रांची के अंतर्गत प्लाट नंबर 1075,1076 और 1081 में भू माफियाओं ने नाले की जमीन का अतिक्रमण कर घर बनाने की शिकायत नगर निगम को मुहल्लेवासियों ने दी। मुहल्लेवासियों ने बताया कि नाले पर बने घर के कारण बनहोरा नदी का पानी निकल नहीं पाता है और मुहल्ले में दो-तीन दिनों तक पानी का भारी जमाव बना रहता है जिससे टापू वाली जिंदगी बसर करनी पड़ती है। दैनिक उपयोग की वस्तुएं प्राप्त नहीं होती और बच्चों का स्कूल छूट जाता है। शिकायत के जबाव में नगर निगम ने गैर-कानूनी ढंग से नाले के अतिक्रमित जमीन पर घर बनाने को लेकर नोटिस भेजा लेकिन कारवाई नहीं हुई। कारवाई नहीं होने का कारण मुहल्लेवासियों ने बताया कि अतिक्रमण करने वाला निगम में कार्यरत था। तीन सौ से भी ज्यादा बार इसकी लिखित शिकायत नगर निगम को दी गई मगर कारवाई नहीं हुई, बल्कि अतिक्रमण बढ़ता गया ज्यों-ज्यों शिकायत हुई। लगभग दो दशकों से पीड़ित लोगों की गुहार निगम अनसुनी करता आ रहा है और आज हजारों की आबादी वाला पंचशील नगर, शाहदेव नगर बस गया। घर तो बना ली गई राजधानी में बसने का सपना भी पूरा कर लिया गया। लेकिन हर साल जब पंचशील नगर और शाहदेव नगर में नाले का पानी घरों में घुसता है तो राजधानी में ऐन केन प्रकारेण बसने का पछतावा भी होता है। बरसात में चारों तरफ नाले का गंदा पानी तीन से पांच फीट जमीन से उपर बहता है, राशन, बिजली, पानी के लाले पड़ जाते हैं।

खाता नंबर 210 के प्लॉट नंबर 1075 और 1072 में 39 डिसमिल और 11 डिसमिल नाले का उल्लेख है जिसे भू माफियाओं ने फर्जी कागजात के आधार पर हड़प लिया। मुहल्लेवासियों ने बताया कि 47 फीट की बनहोरा नदी को भू माफियाओं ने दो फीट के नाले में बदल दिया। वहीं पंचशील नगर में नाले पर बना घर रातू रोड के किनारे से सभी को दिखता है पर दो दशकों से कारवाई नहीं हुई, कितने इंसाफ का इंतजार करते रहे दुनिया छोड़ दिए।

### शिकायत का समाधान नहीं होने पर मुझसे आकर मिलें : आयुक्त

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने कहा कि नगर निगम और जिला उपायुक्त से शिकायत का समाधान नहीं होने पर मुझसे आकर मिलें।



## हरमू श्री श्याम मंदिर में 158 वां हनुमान चालीसा पाठ हुआ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 158 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। जय जय जय हनुमान गोसाई कृपा करहूं गुरुदेव की नाही के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। राजेश सिंह शशि सिंह ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। राजेश सिंह ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत व ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया । सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया।



भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। राजेश सिंह शशि सिंह स्मृति शनाया ने पंचमेवा भोग सेवा, श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा, पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा, मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवं राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया, उपमंत्री अनिल नारनौली, राजेश सिंह, वर्षा सिंह, स्मृति शनाया, कृष्णा अग्रवाल, हर्ष कुमार सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

### रांची विवि एकेडमिक काउंसिल की बैठक

# आरयू में फिजियोथेरेपी सहित कई नए विषयों की होगी पढ़ाई




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय में 12 एजेंडों पर मुहर लगी है। कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई एकेडमिक काउंसिल की बैठक में इन प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में बीपीएड, एमपीएड, बीपीइएस और चार वर्षीय फिजियोथेरेपी जैसे नए कोर्सों की पढ़ाई शुरू करने की स्वीकृति दी गई। वहीं, छात्रों को नए वोकेशनल कोर्स की सुविधा मिलेगी। इस दौरान कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा सहित कई अधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। राज्य सरकार के निर्देश पर नई शिक्षा नीति के तहत रांची रांची विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विद्यार्थियों को कई रोजगारपरक नए पाठ्यक्रमों का विकल्प मिलेगा है। इन अब सभी पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े नौ क्रेडिट जोड़े जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को देश की सांस्कृतिक और वैचारिक विरासत की जानकारी मिल सके। इसके साथ ही क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा विभाग को अब मानविकी संकाय में शामिल कर दिया गया है। यह कदम विभागीय समन्वय और पाठ्यक्रम संचालन में एकरूपता लाने के लिए उठाया गया है। इसके अलावा जेआईसीडी झारखंड इंस्टीट्यूट ऑफ क्राफ्ट एंड डिजाइन के तहत टेक्सटाइल एंड अपैरल डिजाइन, एक्सपीरियंस डिजाइन एंड प्रोडक्ट, आर्टिफिशियल डिजाइन-क्राफ्ट कल्चर, क्राफ्ट मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप जैसे व्यावसायिक कोर्स शुरू करने की मंजूरी भी मिली है। वहीं, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार, के पत्र के आलोक में नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में इस सत्र से भारतीय ज्ञान परंपरा के 9 क्रेडिट को भी जोड़ा गया है। एलएलबी में वैकल्पिक विषय जुड़े रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत एलएलबी पार्ट-2 में सेमेस्टर-3 व सेमेसटर-4 में दो वैकल्पिक विषय जोड़े गए हैं। इनमें इंफॉरमेशन टेक्नोलॉजी को सेमेस्टर-3 में और साइबर लॉ को सेमेस्टर-4 में जोड़ा गया है। साथ ही, पेपर 6 में विधिक इतिहास के साथ सेमेस्टर-3 और सेमेस्टर- 4 में इंसोलवेंसी एंड बैंकरप्सी कोड- 2016 को जोड़ने की संस्तुति की गई है। इसके अलावा एलएलबी पार्ट-3 के सेमेस्टर-5 और सेमेस्टर-6 में भी दो वैकल्पिक विषय, जो संविधियों का निर्वचन के रूप में विद्यमान हैं, उसके साथ बीमा विधि, को पाठ्यक्रम में समाहित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। बीबीए एलएलबी के पूरे पाठ्यक्रम में पांच इंटर्नशिप का प्रावधान रांची विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज के निदेशक के इंटर्नशिप से संबंधित प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें बीबीए एलएलबी के पूरे पाठ्यक्रम के दौरान पांच इंटर्नशिप का प्रावधान है। इसमें बीबीए एलएलबी के सेमेस्टर 4 से सेमेस्टर होनेवाली इंटर्नशिप में 5 लॉ और एक प्रबंधन से इंटर्नशिप करनी होगी। साथ ही, बार कॉउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के अद्यतन परिनियम व यूजीसी नियमों के तहत तीन वर्षी एलएलबी के सेमेस्टर सिस्टम के परिनियम एवं पाठ्यक्रम में प्रस्तावित संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके तहत अकादमिक सत्र 2025-26 से तीन वर्षीय एलएलबी में च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) प्रणाली लागू होगी। मानविकी संकाय में फिर शामिल हुआ टीआरएल रांची विश्वविद्यालय में नौ जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं का अलग-अलग विभाग बनने के बाद इसे मानविकी संकाय से अलग का क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा संकाय के अंतर्गत रखा गया। लेकिन, टीआरएल के शिक्षकों की मांग थी कि इसे दोबारा मानविकी संकाय में शामिल किया जाए। शिक्षकों की मांग के आलोक में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय को पुनः मानविकी संकाय में सम्मिलित करने संबंधी प्रस्ताव को एकेडेमिक काउंसिल ने स्वीकृति प्रदान की।


झारखण्ड सरकार | HCLTech Supercharging Progress™

युवाओं का IT सेक्टर में उज्ज्वल भविष्य के सपनों को साकार करेगी सरकार

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार तथा HCL TSS के साथ

TechBee : EARLY CAREER PROGRAMME हेतु

MoU हस्ताक्षर कार्यक्रम

- **12वीं पास स्टूडेंट्स** प्लेसमेंट लिंक्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम HCL TechBee से जुड़ेंगे
- स्टूडेंट्स को मिलेगा **व्यावसायिक कौशल एवं तकनीकी प्रशिक्षण**
- कोर्स के लिए **बैंक लोन की सुविधा**
- छः महीने के इंटर्नशिप के दौरान **₹10,000 स्टाइपेंड**
- जॉब के साथ-साथ **उच्च शिक्षा के भी अवसर**

**यह है जरूरी**

- IT Roles के लिए मैथ्स से इंटर एवं कॉमर्स में बिजनेस मैथ्स के साथ पास आउट
- DPO Roles के लिए मैथ्स अनिवार्य नहीं

मुख्य अतिथि
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
**श्री रामदास सोरेन**
माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा निबंधन विभाग



**दिनांक: 18 जून, 2025 | समय: 12:00 बजे मध्याह्न**
**स्थान: प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 355329 (School Education and Literacy) 2025-26

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सिल्ली कॉलेज के शासी निकाय की बैठक में हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**




केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने मंगलवार के दिन सिल्ली कॉलेज के शासी निकाय की बैठक में शामिल हुए। निकाय की बैठक से पूर्व उन्होंने कॉलेज परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर वृक्षारोपण किया।शासी निकाय की बैठक के दौरान सिल्ली कॉलेज के सचिव डॉक्टर एमसी मेहता तथा प्रभारी डॉक्टर अनंत कुमार महतो के द्वारा केंद्रीय मंत्री को बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत संजय सेठ के द्वारा कॉलेज के पूरे कैंपस के साथ कक्षाओं और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज एवं कॉलेज से संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे। तत्पश्चात वे सिल्ली स्टेडियम का निरीक्षण किया तथा बिरसा मुंडा आर्चरी के बच्चों से मिलकर उनका कुशलक्षेम पूछा और आर्चरी सेंटर को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।अंत में वे सिल्ली साहेब बांध का भी जायजा लिया।उन्होंने साहेब बांध का सौंदर्यीकरण की तैयारी के बारे में उपस्थित लोगों को बताया। मौके पर अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का,भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ राजाराम महतो, मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक, पवन महतो,सृष्टिधर प्रजापति,मेघनाथ महतो,प्रकाश राम एवं शिशिर समेत दर्जनों लोगों उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय हैंडबॉल बालिका प्रतियोगिता के लिए झारखंड की टीम रवाना



**रांची।** 18 व 22 जून तक हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में नवादा बिहार में आयोजित हो रहे हैं। 47 वे राष्ट्रीय हैंडबॉल बालिका प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम का चयन किया गया है जिसमें कार्तिक उरांव हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर रातु के सात खिलाड़ियों का चयन किया गया है जो झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। रांची के चयनित खिलाड़ी इस प्रकार है बिहू कुमारी, सावित्री कुमारी, सुष्मिता उरांव, विनीता मुंडा लक्ष्मी उरांव, अदिति टोप्पो अर्चना टोप्पो। इन सभी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के प्रदर्शन के आधार पर किया वहीं कार्तिक उरांव हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर रातु के प्रशिक्षक विष्णु कुमार को झारखंड टीम का प्रशिक्षक बनाया गया। रांची जिला हैंडबॉल संघ के पदाधिकारी के ढेर सारी शुभकामनाएं दिए उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की सभी खिलाड़ी हटिया रेलवे स्टेशन से नवादा के लिए रवाना हुई।

## न्यूज बॉक्स

### सिल्ली मंडल में संकल्प सभा का हुआ आयोजन




**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार को सिल्ली भाजपा मंडल के द्वारा कुतरु गांव मे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलता पूर्वक ग्यारह वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संकल्प सभा का आयोजन किया गया जिसमें पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया कि भारत को 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध हो कर शिक्षा पर्यावरण,जल संरक्षण,ऊर्जा संरक्षण करना,भ्रष्टाचार समाप्त कर स्वच्छ समाज का निर्माण, वंशवाद की राजनीति को खत्म करना है।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक एवं संचालन सुधीर कुमार साहू ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी जैलेंद्र कुमार,जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा,पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ महतो,महिला मोर्चा अध्यक्ष स्नेहलता,महामंत्री अमिता देवी,चंदन गोस्वामी,गुणाधर बेदिया,रविन्द्र साहू,सुभाष मंडल,सुलोचना देवी,सुषमा समेत दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखकर नहर का जिर्णोद्धार की मांग की



**सिल्ली।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने जल पथ प्रमंडल अभियंता को पत्र लिख कर रांची जिला अंतर्गत सिल्ली प्रखंड के लोटा पंचायत स्थित कीता सिंचाई नहर उरांवगाड़ा नदी में बियर बनाकर निकाली गई है। जिससे लोटा, किता, मोदीडीह, सुरगुंजाडीह, केंदुवाडीह, बड़कीटाड़ आदि दर्जनों गांव के किसानों के खेत में पानी पहुंचता है। वर्तमान में नहर काफी दुर्दशा में है। नहर कई जगह से टूटा हुआ है। नहर में घास, मिट्टी, झाड़ी भरा हुआ है। बिना सफाई किये बिना सफाई किये अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुँच सकता है। ज्ञात हो सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी के द्वारा उक्त नहर का जिर्णोध्दार की मांग किया गया था लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। अतः किसानों के हित में यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर नहर का जिर्णोध्दार किया जाय। उक्त जानकारी सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

### रोहिणी परियोजना में हुआ योगा बूट कैंप का आयोजन



**खलारी।** सीसीएल मुख्यालय के निर्देशानुसार एनके क्षेत्र अंतर्गत रोहिणी परियोजना में मंगलवार को एक दिवसीय योगा बूट कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल खाद्यान्न परिसर में सामाजिक दूरी का पालन करते हुए यह सत्र शांतिपूर्ण और प्रभावी ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, मुखिया संतोष महली, पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली, सीआईएसएफ के जवान, एवं रोहिणी परियोजना के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और योगाभ्यास में भाग लिया। इस योग सत्र का संचालन सरस्वती विद्या मंदिर, डकरा के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने किया। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को प्रणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, सूर्य नमस्कार जैसे योगासनों का अभ्यास कराया और उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को योग के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। नियमित योग न केवल बीमारियों से बचाता है, बल्कि कार्यक्षमता को भी बढ़ाता है। सभी को इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। इस अवसर पर खान प्रबंधक एसपी निगम, मुखिया संतोष महली, ऋषिदेव प्रसाद, एतवारिया देवी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे।

### खरीफ फसल योजना के तहत किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज बितरण आज

**सिल्ली ।** सिल्ली ब्लॉक परिसर सिल्ली लैम्पस में बुधवार को खरीफ फसल बिरसा बीज उत्पादन विनिमय योजना के तहत किसानों को 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर बीज वितरण का कार्य का बुधवार को सुबह 11 बजे से शुभारंभ किया जायेगा। लैम्पस के पदाधिकारी गोपाल कोईरी ने सभी किसानों से अपील किया है कि ज्यादा से ज्यादा किसान उपस्थित होकर अनुदान का लाभ उठायें।

### मुरी मुक्तिधाम के नजदीक पोल्ट्री फार्म से फैल रही गंदगी के दुर्गंध से लोग परेशान



**सिल्ली।** मुरी स्वर्णरिखा नदी के किनारे मुक्तिधाम के नजदीक पोल्ट्री फार्म दुकानों द्वारा मुर्गा काटकर उनके कचरे को प्लास्टिक में भरकर फेक दिया जाता है जिससे उस रास्ते से आने जाने वाले लोगों को गंदगी से दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। लोग सुबह-सुबह टहलने के लिए यह रास्ता से आना-जाना करते हैं मगर दुर्गंध के चलते लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है वहीं लोगों का कहना है कि दुर्गंध के कारण बीमारी फैलने की आशंका बढ़ती है मगर प्रशासन की ओर से किसी तरह का पहल नहीं करना लोगों की सोच से परे बनी हुई है।

### कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद होने से छात्रों में आक्रोश

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) नई शिक्षा नीति 2020 के तहत डिग्री कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद किए जाने के खिलाफ मंगलवार को चाईबासा में छात्र-छात्राओं का आक्रोश फूट पड़ा। जिले के अंगीभूत कॉलेजों के सैकड़ों छात्रों ने उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम के माध्यम से राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौंपा। उन्होंने मांग किया कि जब तक नए प्लस टू विद्यालयों का निर्माण नहीं होता और पुराने उच्च विद्यालयों को प्लस टू में अपग्रेड नहीं किया जाता है, तब तक डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई जारी रखी जाए। उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट और स्कूली शिक्षा विभाग की ओर से 2025 से सभी कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई पर रोक का निर्देश दिया।

## अधूरी सड़क बनी हादसों की वजह

## 300 मीटर हिस्सा अब तक अधर में



**खलारी।** स्टेट हाईवे अथारिटी आफ झारखंड (साज) द्वारा निर्मित पतरातू-मैकलुस्कीगंज मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य खलारी के चूरी क्षेत्र में अधूरा पड़ा हुआ है, जो स्थानीय लोगों के लिए परेशानी और दुर्घटनाओं का कारण बनता जा रहा है। करीब 300 मीटर लंबे इस अधूरे हिस्से में सड़क निर्माण जमीन विवाद के कारण रुक गया है। स्थानीय ग्रामीण का कहना है कि उक्त जमीन उनकी निजी है और मुआवजा दिए बिना सड़क निर्माण नहीं होने देंगे, जबकि अंचल प्रशासन का स्पष्ट दावा है कि यह भूमि सरकारी है। इस मतभेद के बीच सड़क निर्माण का काम पिछले कई महीनों से ठप है। इस अधूरे मार्ग पर दो-दो फीट गहरे गड्ढे हो चुके हैं। खासकर बारिश के मौसम में जब गड्ढों में पानी भर जाता है, तो इनका अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। छोटे वाहन और दोपहिया चालकों के लिए यह मार्ग बेहद खतरनाक बन गया है। प्रतिदिन सैकड़ों हल्के व भारी वाहन इसी अधूरी सड़क से गुजरते हैं, जिससे हालात और भी बदतर हो चुके हैं। स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने राज्य सरकार से मांग की है कि विवाद का शीघ्र समाधान कर इस अधूरे मार्ग का निर्माण पूर्ण कराया जाए, ताकि भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना न हो।

## पूर्व मंत्री देवकुमार धान को रांची पुलिस ने हिरासत में लिया

# दिल्ली से लौटते ही साथ ले गई पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राजधानी रांची के ग्रामीण इलाके बेड़ो के महादनी मैदान विवाद मामले में पूर्व मंत्री देव कुमार धान को पुलिस ने हिरसत में ले लिया है। वह दिल्ली से जैसे ही रांची पहुंचे, पुलिस ने रेलवे स्टेशन से उन्हें हिरासत में लेकर किसी गुप्त जगह पर रखा है। महादानी मैदान में आदिवासी समाज का जुटान होने वाला था। जिसे देखते हुए पुलिस पहले से ही सतर्क दिख रही है।

बता दें कि बेड़ो थाना क्षेत्र के महादनी मैदान के पास जमीन को लेकर आदिवासी और पुलिस के बीच टकराव जैसे हालात हैं। बीते दिन सरना स्थल की जमीन पर से अतिक्रमण हटाने को लेकर जब पुलिस ने रोका था, तब आदिवासी समुदाय के सैकड़ो लोगों ने थाना में जमकर बवाल मचाया था। इनके विरोधियों का कहना है कि देव कुमार धान का विवादों से गहरा नाता रहा है। इससे पूर्व उन्होंने चान्हो के मसमानो गांव में स्थित मंदिर में भी छेड़छाड़ में और देउड़ी स्थित माता के मंदिर की जमीन को लेकर भी विवाद हुआ था। इसमें भी उनका नाम आया था। हालांकि इस मामले भी वे असफल रहे। वहीं पारस नाथ स्थित पहाड़ से जैनियों के तीर्थस्थल को एक साजिश के तहत हटाने का प्रयास किया जा रहा है। यहां भी जैन व आदिवासी समुदाय के बीच लड़ाने का काम किया जा रहा है। खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के गढ़चिरौली, आंध्र प्रदेश, छतीसगढ़, गुजरात, मध्यप्रदेश से कुछ वामपंथी विचारधारा के लोगों को झारखंड बुलाया गया है। उन लोगों के द्वारा ही यहां के आदिवासी समाज को भड़काने का काम किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार धार्मिक स्थलों को पहला निशाना बनाया जा रहा है। चान्हो स्थित एकलव्य विद्यालय तोड़फोड़ मामले में भी इनका नाम आया था और प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

### उप विकास आयुक्त ने की विकास योजनाओं की समीक्षा, दिए निर्देश

**खूंटी।** समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में मंगलवार को उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति और जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के सभी बैंकों के प्रबंधक और प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और बैंकों के कार्यों का आकलन करना था। इस दौरान जिले में मार्च 2025 क्वार्टर में केसीसी योजना, पीएमईजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, सिडी रेशियो, एनपीए, स्वयं सहायता समूहों को सहायता सहित अन्य कार्यों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने बैंकों को समयबद्ध तरीके से लक्ष्य पूरे करने और जिले में वित्तीय सेवाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

## अग्रवाल युवा सभा को बॉक्स क्रिकेट लीग सीजन-1 का भव्य आयोजन

# माइटी मेवेरिक्स टीम ने फाइनल जीत कर पहला स्थान हासिल किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




14 व 15 जून को 7 लीजेंड्स टर्फ, कांके रोड में अग्रवाल युवा सभा द्वारा दो दिवसीय बॉक्स क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 10 टीमों के 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 15 लीग मैच के साथ दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच खेला गया। टीम माइटी मेवेरिक्स ने फाइनल जीत कर पहला स्थान हासिल किया, दूसरे स्थान पर टीम सोनी पावर्स रही। देवांश पोद्दार को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप से नवाजा गया। साथ ही सभी मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में सभी खिलाड़ियों एवं सभा के सभी सदस्यों के लिए खान-पान की पूर्ण व्यवस्था थी। खेलकूद प्रभारी आभाष बथवाल, विवेक लोहिया एवं कार्यक्रम संयोजक रोहित सरावगी, अरुण पोद्दार ने पूरे कार्यक्रम को बहुत ही सुसज्जित रूप से सजाया और मनोरंजन हेतु संस्था के सदस्यों की महिलाओं के लिए भी एक मैच का आयोजन किया। अध्यक्ष रौनक झुनझुनवाला ने इस आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी स्पॉन्सर्स एवं सभी सदस्यों का दिल से धन्यवाद किया और बताया कि इस टूर्नामेंट में न केवल सभी का मनोरंजन हुआ साथ ही खिलाड़ियों में खेल के प्रति उत्साह एवं जज्बा भी दिखा। अग्रवाल युवा सभा अपने सदस्यों के लिए आगे भी इस तरह के मनोरंजन के कार्य परस्पर करती रहेगी। यह जानकारी प्रवक्ता अरुण पोद्दार एवं मीडिया प्रभारी सुमित महालका ने दी।

## बीएसएनएल एक्सचेंज में हुई चार लाख के उपकरण की चोरी



**मांडर।** सोमवार रात मांडर बीएसएनएल एक्सचेंज में बड़ी चोरी की घटना हुई। बीएसएनएल एसडीओ प्रत्यूष पाठक ने मांडर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उनके अनुसार चोर एक्सचेंज में घुसकर लगभग चार लाख रुपये मूल्य का ट्रांसमिशन इक्विपमेंट्स के काड्र्स और कॉपर केबल और अन्य उपकरण चुरा ले गए।यह घटना तब घटित हुई जब एक्सचेंज परिसर में कोई सुरक्षा व्यवस्था मौजूद नहीं थी। मांडर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की छानबीन चल रही है जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में आएंगे और मांडर की जनता को भय मुक्त वातावरण दिया जाएगा। इससे पहले चीलटोली में पिछले छह महीनों में चोरी और ठगी की कई घटनाएं घट चुकी हैं। पत्रकार के घर में दो बार चोरी, और हाल ही में एक मकान से करीब दस लाखके सामान की चोरी, इन सबने मिलकर स्थानीय नागरिकों को भयभीत कर दिया है

## वैष्णवी और मनीष को मिला रेड बेल्ट



**रांची।** रांची जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में टाटीसिलवे स्थित फिट ऑन बीट क्लब में रांची जिला ताइक्वांडो संघ के महासचिव मिथलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रशिक्षक चंदन कुमार के द्वारा एकदिवसीय ग्रेडिंग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 14 प्लेयर्स सफल रहे, जिसमेंरेड बेल्ट -वैष्णवी चौधरी, मनीष महतो, ब्लू सुनिधि श्रद्धा, कुमार चिराग,तनवी वत्स, आराध्या आनंद, कल्पना महतो, ग्रीन -डाली श्री ,आराध्या चतुर्वेदी, अनुष्का पाल,अनुष्का महतो. ग्रीन बेल्ट- सत्यम आनंद,रक्षिता , सोनाक्षी महतो, वैभवी चौधरी शामिल है जिला ताइक्वांडो संघ के द्वारा सात दिवसीय ग्रेडिंग शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पूरे जिले में अलग -अलग क्लब और स्कूल में बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया जाएगा उसके पश्चात उन्हें 29 जून को धुर्वा डैम साइड स्थित जिला संघ के हेड ऑफिस डेली हाट में प्रमाण पत्र एवं बेल्ट प्रदान की जाएगी।

## डीपीएस में कक्षा 11 के छात्रों के लिए प्रेरणात्मक ओरिएंटेशन कार्यक्रम

# प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी प्रारंभ से ही करें : विकास

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



डीपीएस द्वारा मंगलवार को विवेकानंद सभागार में कक्षा 11 (सत्र 2025–26) के छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को सफल शैक्षणिक एवं करियर यात्रा के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर स्वागत गीत से हुई, जिसने पूरे वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात गणमान्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट किया गया — जो विकास, ज्ञान और हरित भविष्य का प्रतीक है। इस अवसर की गरिमा को श्री विकास कुमार, प्रसिद्ध करियर काउंसलर एवं सायकोग्राफिक सोसाइटी के संस्थापक ने बढ़ाया, जिन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. जया चौहान ने अपने स्वागत भाषण में छात्रों और अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, निरंतरता और सकारात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को जानकारीपूर्ण निर्णय लेने और अपने अध्ययन पथ की जिम्मेदारी को ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने के लिए प्रेरित किया। विकास कुमार द्वारा आयोजित एक संवादात्मक सत्र ने कार्यक्रम को और भी समृद्ध बना दिया। उन्होंने विषय-आधारित करियर योजना और लक्ष्य निर्धारण पर अपना विशेषज्ञ मार्गदर्शन साझा किया। शिक्षा जगत के बदलते परिदृश्य और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की गतिशील प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने छात्रों को प्रारंभ से ही तैयारी करने की सलाह दी। उन्होंने नवीन करियर विकल्पों का विश्लेषण, आंकड़ों, सफलता की कहानियों और व्यावहारिक रणनीतियों के साथ प्रस्तुत किया।

**घेराबंदी** | पुलिस व अंचल प्रशासन की पहल के बाद घेराबंदी विफ़ल

# सरना स्थल हमारा धार्मिक धरोहर घेराबंदी हमारा संवैधानिक अधिकार : बंधन

- **हमारे ऊपर पुलिस झूठा मामला दर्ज कर हमें फंसाने की कोशिश कर रही है**

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**



बेड़ो मुख्यालय स्थित बड़ा सरना स्थल की घेराबन्दी व महादानी मैदान विवाद पर कुछ धार्मिक संगठनों द्वारा रविवार को घेराबंदी को लेकर टकराव की स्थिति पर प्रशासन द्वारा संहिता (बी. एन. एस.) की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई थी। वहीं विधि व्यवस्था बनी रहे इसे लेकर महादानी मैदान में ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर व एसडीओ उत्कर्ष कुमार के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात की गई थी। जहां खाता संख्या-386, प्लॉट संख्या-989/ 2512, रकबा 1.05 एकड़ स्थित भूमि सरना की है। उक्त स्थल का एक बड़ा हिस्सा — 0.87 एकड़ भूमि—महादानी मैदान में पड़ता है। जिसे धार्मिक संगठनों द्वारा घेराबंदी की करने की योजना थी। जिसे लेकर ग्रामीणों की ओर से संयुक्त हस्ताक्षर युक्त एक आवेदन प्रशासन सौपा गया था। इस परिस्थिति में विधि व्यवस्था बिगड़ सकती थी। जहां एहतियात के तौर पर पुलिस व प्रशासन की ओर बेड़ो के डीएसपी अशोक कुमार राम, डीएसपी खलारी राम नारायण चौधरी, बीडीओ राहुल उरांव, सीओ प्रताप मिंज, सर्किल इंस्पेक्टर बेड़ो उत्तम उपाध्याय, मांडर इंस्पेक्टर शशि भूषण चौधरी, महिला सर्किल इंस्पेक्टर के संयुक्त नेतृत्व में महादानी मैदान में निषेधाज्ञा के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। साथ ही सुरक्षा के तहत मैदान के अलग अलग छोर पर बैरिकेटिंग की गई थी। महादानी मैदान के पश्चिमी छोर के प्रवेश रास्ते, डे बोर्डिंग, सीएचसी के बगल के रास्ते सहित अन्य रास्तों पर बांस बली के सहारे बैरिकेटिंग लगाकर पुलिस बल तैनात किया गया था। वहीं महादानी मंदिर जाने वाली सड़क पर मुख्य मार्ग पर बैरियर लगा दी गई थी। जहां महादानी मैदान की प्रवेश के सभी रास्ते पर जिला पुलिस बल, रैप, जैप, अश्रु गैस, क्युआरटी, अग्निशमन दस्ता, सशस्त्र बल, पुलिस बल तैनात किए गए थे। वहीं उधर दूसरी ओर महादानी मैदान में धारा 163 लागू करने के बाद विभिन्न धार्मिक संगठनों के द्वारा बारीडीह पड़हा बगीचा में धर्म गुरु बंधन तिग्गा की अध्यक्षता एवं संतोष लकड़ा के संचालन में बैठक आयोजित कर सरना स्थल की घेराबंदी रोकने के प्रशासनिक पहल की तीखी आलोचना की गई। बंधन तिग्गा ने कहा कि सरना स्थल हमारा धार्मिक धरोहर है जिसकी घेराबंदी हमारा संवैधानिक अधिकार है। वहीं उन्होंने कहा कि बेड़ो में हमारे सरना समाज के लोगों के ऊपर पुलिस प्रशासन के द्वारा झूठा मुकदमा दायर किया गया और इस मामले में जिन्हें आरोपी बनाया गया उनका नाम लापुंग के मामले में भी एफआईआर में दर्ज कर दी गई। जबकि दोनों मामलों की प्रकृति बिल्कुल अलग है। वहीं संतोष लकड़ा ने कहा कि हमारे ऊपर पुलिस झूठा मामला दर्ज कर हमें फंसाने की कोशिश कर रही है। बैठक को 21 पड़हा राजा महादेव कुजूर, मांडर के पूर्व प्रमुख बुधुवा उरांव, उपप्रमुख नारायण उरांव, बेड़ो के पूर्व प्रमुख महतो भगत, चुमानी उरांव, अमित उरांव, सुमित उरांव, संदीप उरांव, सुखदेव उरांव, आशा उरांव, रजनीश कुजूर सहित कई लोगों ने संबोधित किया और धारा 163 हटने के बाद सरना स्थल का घेरा बंदी करने का ऐलान किया। उधर वक्ताओं ने पूर्व मंत्री देवकुमार धान की गिरफ्तारी की आलोचना की और कहा कि यह पुलिस प्रशासन की तानाशाही है।

# विद्युत व्यवस्था में शीघ्र सुधार करे विभाग : अरूण

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



रामगढ़ में वर्तमान समय में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। विद्युत आपूर्ति की इस दशा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने मंगलवार को इसमें सुधार किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिजली व्यवस्था में विभाग जल्द सुधार करे ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि रामगढ़ में वर्तमान में कब लाइन कट जाए इसका भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवस्था के चरमराने से किसानों को खेती में, छात्रों में पढ़ने में परेशानी होने के साथ साथ विभिन्न कार्यालयों में भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। झारखंड सरकार डीवीसी से बिजली लेकर सप्लाई करती है। रामगढ़ जिले में लगभग 20 स्थानों में डीवीसी से डायरेक्ट विद्युत सप्लाई की जाती है जिन स्थानों में डीवीसी से डायरेक्ट विद्युत की सप्लाई होती है वहां आपूर्ति में कभी कोई बाधा उत्पन्न नहीं होती है। वहीं, जब झारखंड सरकार डीवीसी से जेबीएनएल के माध्यम से विद्युत लेकर राज्य में सप्लाई करती है तो उसमें हमेशा व्यवधान उत्पन्न होता रहता है। श्री सिन्हा ने बताया कि डीवीसी के द्वारा पश्चिम बंगाल में भी विद्युत सप्लाई किया जाता है लेकिन वहां सप्लाई में कभी हल्का सा भी व्यवधान उत्पन्न होता है तो वहां के लोग अंदोलन के लिए तुरंत डीवीसी के कार्यालय पहुंच जाते हैं। जिस कारण डीवीसी वहां हमेशा विद्युत आपूर्ति को नियमित रखता है। कहा की डीवीसी द्वारा हजारीबाग, कोडरमा और रामगढ़ में विद्युत की सप्लाई की जाती है और इन तीनो जिलों में विद्युत आपूर्ति अनियमित है। अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि इस उमस भरी गर्मी में तीन घंटे की लोड शेडिंग होने से लोगों की परेशानी और भी बढ़ गई है। ऐसे में अनियमित विद्युत आपूर्ति में तत्काल सुधार किये जाने की जरूरत है।

# दुष्कर्म के आरोप में थाने में किया गया मामला दर्ज



**बरही ।** पड़ीरमा गांव की 21 वर्षीया विवाहिता ने अपने ही मायके के एक युवक पर दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए थाना में मामला दर्ज करवाया है. आरोप है कि दुष्कर्म का प्रयास करने वाला युवक विवाहिता के ससुराल में अचानक पहुंचा. धारदार हथियार का भय दिखाते हुए विवाहिता को जबरन एक कमरे में ले जाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया. शोर मचाने पर परिवार तथा आस पास के लोग आए. जिससे मौके पर युवक पकड़ा गया. युवक मदनगुंडी चंदवारा का रहने वाला है. घटना 15 जून की रात्रि 9 बजे की बताई गई है.

## श्री गुरुद्वारा साहिब में हुआ गुरमत कैंप का आयोजन, सजा दीवान



**रामगढ़।** शहर के श्री गुरुद्वारा साहिब गुरमत कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ू साहब हिमाचल प्रदेश से आए धर्म प्रचारक द्वारा रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में बच्चों के बीच में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से बच्चों के प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा करवाई गई तथा रात में विशेष दीवान सजाया गया जिसमें बड़ू साहब के बच्चों द्वारा कीर्तन किया गया एवं प्रतियोगिता में भाग लिए गए बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में मंगलवार को भी सुबह में दीवान सजाया गया। यहां रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से बड़ू साहिब के सदस्यों को सरोपा देकर सम्मानित किया गया। बड़ू साहिब के सदस्यों ने भी रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, महासचिव हरदीप सिंह होरा, जगजीत सिंह सोनी, सह सचिव कुलवंत सिंह मारवाह, रघुबीर सिंह छाबड़ा को सरोपा और उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनपाल सिंह, प्रीतम सिंह, नरेंद्र होरा, राजू होरा, दविंदर सिंह होरा, प्रीतपाल सिंह, पप्पू जस्सल, राजू जस्सल, पिंटू छाबड़ा, सुरजीत सिंह छाबड़ा, तेजिंदर सिंह, राजू कालरा, बबलू छाबड़ा, मनबीर सोनी, सतनाम कौर सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

## शेफाली गुप्ता ने जरूरतमंदों के बीच सामग्री का किया वितरण



**हजारीबाग।** भाजपा नेत्री सह ओम आरोहणम् संस्था की संस्थापिका शेफाली गुप्ता ने ओल्ड एज होम एवं मुख बधिर विद्यालय में दिन मंगलवार को जरूरत की सामग्रियां एवं आम भेंट की। इस दौरान ओल्ड एज होम में वरीष्ठ नागरिकों के बीच काफी समय व्यतीत की। साथ ही हजारीबाग का फेमस बर्रा- कचरी व्यंजन का सभी ने लुफ्त लठाया। अपनापन के स्नेह एवं मुस्कान से काफी अभिभूत हुई। हरेक सुख- दुख मे साथ निभाने का वादा की। इस क्रम में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने वृद्धजनों से ढेर सारा शुभ आशीर्वाद भी प्राप्त किया। सभी की स्वास्थ्य की कुशल क्षेम प्राप्त की। उन्होंने हर जरूरतों पर हर संभव सहयोग का आश्वासन दी। मुख बधिर बच्चों के चेहरे पर निश्चल मुस्कान एवं अपनापन के भाव से काफी सुखद एहसास कराया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि हर कोई अपनों के दुख- सुख में शामिल होकर अपनत्व का भाव जागृत करते हैं। लेकिन जरूरतमंदों के दुख- सुख में शामिल होने का अपनत्व का भाव बेहद ही अलग होता है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक एवं मुख बधिर बच्चे हमारे समाज का हिस्सा है, उनका सम्मान व देखभाल करना हमारा कर्तव्य है। उनके अनुभव और आशीर्वाद हमें प्रेरित करते हैं।

उनकी खुशी ही मेरी असली पूंजी है।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम अंतर्गत जनभागीदारी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** पतरातू प्रखंड के ग्राम पंचायत बीचा के गांव लेम, बीचा, सुथरपुर एवं ग्राम सालगो में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 17 जून को जनभागीदारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रखंड, अंचल अंतर्गत विभिन्न विभागों के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों के बीच उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई एवं उनका लाभ लेने की अपील की गई। इस कार्यक्रम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, आकांक्षी प्रखंड फेलो, महिला पर्यवेक्षिका प, सीएचओ, सामाजिक सुरक्षा, मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में पेंशन से संबंधित 16 आवेदन, सड़क निर्माण से संबंधित 01आवेदन, कृषि के 02 आवेदन, राशन कार्ड से 05आवेदन , आवास से संबंधित 08 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 116 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई ।

### रोडसेल चालू करने को लेकर विस्थापित समिति ने प्रबंधन को सौंपा मांग-पत्र

# अगर मांगें पूरी नहीं की गईं तो 24 से कोयला खदान होगा ठप



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

भुरकुंडा कोलियरी क्षेत्र अंतर्गत रोडसेल को अविलंब चालू कराने की मांग को लेकर भुरकुंडा कोलियरी विस्थापित प्रभावित रोडसेल समिति और चारो राजस्व ग्राम के विस्थापितों ने मंगलवार को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन के उपरांत भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी के नाम पर्सनल ऑफिसर दिवेन्दु भंडारी को मांग-पत्र सौंपा। समिति ने कहा कि अगर उनकी मांगों पर सीसीएल प्रबंधन द्वारा शीघ्र पहल नहीं की गई, तो 24 जून 2025 से बलकुदरा खुली खदान से कोयला सम्प्रेषण को अनिश्चितकाल के लिए ठप कर दिया जाएगा। समिति ने आरोप लगाते हुए कहा कि भुरकुंडा रोडसेल को चालू कराने को लेकर लगातार सीसीएल प्रबंधन से निवेदन किया गया, लेकिन प्रबंधन की ओर से केवल बहानेबाजी और टालमटोल किया जा रहा है। विस्थापितों की भावनाओं और अधिकारों के साथ छल किया जा रहा है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समिति द्वारा रखी गई प्रमुख मांगों में 20-21 जून 2025 तक कोयला का ऑफर जारी करने, भुरकुंडा रोडसेल में मैन्युअल लोडिंग की सुविधा बहाल करने, रोडसेल प्वाइंट पर पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था करने, मजदूरों के लिए विश्राम हेतु शेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने, रोडसेल में कार्यरत मजदूरों को सीसीएल अस्पताल में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने, मुख्य सड़क और ट्रांसपोर्टिंग रूट पर नियमित पानी का छिड़काव करने की मांगे शामिल है। समिति ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अब भी हमारी उपेक्षा की गई तो बड़ा जन आंदोलन किया जायेगा। मौके पर चारों राजस्व गांवों के विस्थापितों ने भी समिति के समर्थन में एकजुटता दिखाई और आंदोलन को मजबूती प्रदान की। सभा की अध्यक्षता गिरधारी गोप और संचालन संतोष मांझी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन फुलेश्वर राम ने किया। पत्र सौंपने वालो में मुकेश कुमार, दर्शन गंझू, संतोष महतो, संजय तिश्रा, डी यादव, कमलेश यादव, संजय यादव, सुरेश तुरी, जगरनाथ मुंडा, रमेश मुंडा, अशोक कुमार तिवारी, अनिल एक्का, सत्यनारायण बेदिया, विजय मुंडा आदि शामिल थे।

### डीसी ने लगाया जनता दरबार

## समस्या समाधान के लिए अधिकारियों को दिया निर्देश



**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर लगभग दो दर्जन फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। प्रस्तुत समस्याओं में भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि पर्चा (एलपीसी) निर्गत करना, भूमि हड़पने, भू-मुआवजा, रसीद निर्गत करना, बैट्री साइकिल उपलब्ध करने, विद्यालय में नामांकन, जन वितरण प्रणाली में दुकान उपलब्ध कराने, मारपीट, गाली-गलौज जैसी शिकायतें शामिल रहीं।

## नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय में वार्ता के दौरान बनी सहमति

**रामगढ़।** नगर परिषद रामगढ़ क्षेत्र के धनहारा निवासी रवि कुमार पिता भुवनेश्व महतो ने सूचना के अधिकार में छह बिन्दुओं पर जवाब मांगा था। रवि कुमार ने नगर परिषद रामगढ़ पर आधी-अधुरी जानकारी देने का आरोप लगाते हुए अनुमंडल पदाधिकारी से शिकायत की थी। इसमें उन्होंने संपूर्ण जानकारी नहीं मिलने पर 17 जून को प्रथम अपीलयीय पदाधिकारी के समक्ष आत्मदाह करने की बात कही थी। इसके बाद वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर नगर परिषद रामगढ सभागार में मंगलवार को बैठक हुई हुई। इसमें मुख्य रुप से रामगढ़ सीओ सुदीप एक्का, अनुमंडल कार्यालय के प्रशासी पदाधिकारी संजय बक्शी, पूर्व विधायक शंकर चौधरी, सिटी मैनेजर राजीव रंजन, प्रेम प्रकाश और शिकायतकर्ता रवि कुमार शामिल हुए। इस दौरान यह निर्णय हुआ कि 20 जून को रवि कुमार जवाब नहीं मिलने वाले बिन्दुओं की सूची नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय का उपलब्ध कराएंगे। इसके बाद 5 जुलाई तक सभी मामलों की बिन्दुवार जानकारी रवि कुमार को उपलब्ध कराने पर सहमति बनी।

### चाक चौबंद व्यवस्था के बीच गुजरा न्यायमूर्ति का वाहन

## एसडीपीओ व डीसीएलआर ने चोरदाहा बॉर्डर से बगोदर सीमा तक किया एस्कॉर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता करीब पूर्वाह्न 11 बजे अपने वाहन से न्यू जीटी रोड बरही से गुजरे. जिनका एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल व डीसीएलआर अजय भगत ने बिहार झारखंड के प्रवेश सीमा चोरदाहा बॉर्डर से बगोदर सीमा तक स्कॉट किया. जहां गिरिडीह पुलिस सुरक्षा की कमान संभालते हुए न्यायाधीश का स्कॉट प्रारंभ किया. न्यायमूर्ति सड़क मार्ग से नई दिल्ली से धनबाद होते हुए बंगाल जा रहे थे. इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम थे. ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त और सुगम रखने के लिए पूरे मार्ग में दंडाधिकारी, पुलिस अधिकारी व सशस्त्र बल के जवान तैनात किए गए थे. न्यायमूर्ति का हजारीबाग जिले में प्रवेश से विदाई तक के पूरी यात्रा पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह व पुलिस अधीक्षक अंजनी रंजन नजर बनाए हुए थे. विदित हो कि सुरक्षित और सुगम यात्रा को लेकर सोमवार की संध्या दोनो आलाधिकारियों ने नगर भवन बरही में विशेष बैठक कर अधिकारियों व कर्मियों को वीवीआईपी मूवमेंट संबंधित आवश्यक निर्देश दिया था.

## नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय में वार्ता के दौरान बनी सहमति

**रामगढ़।** नगर परिषद रामगढ़ क्षेत्र के धनहारा निवासी रवि कुमार पिता भुवनेश्व महतो ने सूचना के अधिकार में छह बिन्दुओं पर जवाब मांगा था। रवि कुमार ने नगर परिषद रामगढ़ पर आधी-अधुरी जानकारी देने का आरोप लगाते हुए अनुमंडल पदाधिकारी से शिकायत की थी। इसमें उन्होंने संपूर्ण जानकारी नहीं मिलने पर 17 जून को प्रथम अपीलयीय पदाधिकारी के समक्ष आत्मदाह करने की बात कही थी। इसके बाद वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर नगर परिषद रामगढ सभागार में मंगलवार को बैठक हुई हुई। इसमें मुख्य रुप से रामगढ़ सीओ सुदीप एक्का, अनुमंडल कार्यालय के प्रशासी पदाधिकारी संजय बक्शी, पूर्व विधायक शंकर चौधरी, प्रेम प्रकाश और शिकायतकर्ता रवि कुमार शामिल हुए।

**बिजली संकट** | कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने डीवीसी को दिया अल्टीमेटम- कहा

# अगर उजाला नहीं मिलेगा तो कोयला भी नहीं जाएगा

- **शिक्षा और बिजली दोनों के अभाव में कोई भी समाज प्रगति नहीं कर सकता**

- **बिजली अब केवल सुविधा नहीं रही, बल्कि जीवन, शिक्षा और रोज़गार का बुनियादी आधार बन चुकी है।**



हजारीबाग । कांग्रेस पार्टी सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह नगर प्रभारी मुन्ना सिंह ने प्रेसवार्ता कर केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया। उनका वक्तव्य केवल राजनीतिक आरोप नहीं था, बल्कि जनसरोकारों की गूंज थी उस जनता की, जो बिजली के बिना अंधेरे में जी रही है और शिक्षा के अभाव में भविष्य से वंचित होती जा रही है। प्रेस वार्ता की शुरुआत बिजली संकट के मुद्दे से हुई। मुन्ना सिंह ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस ज़िले की धरती से देशभर के ताप विद्युत संयंत्रों के लिए प्रतिदिन हज़ारों टन कोयला भेजा जाता है, वहीं की स्थानीय आबादी को आज बिजली के लिए तरसना पड़ रहा है। गांवों में सूरज ढलते ही अंधेरा पसर जाता है, बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे, अस्पतालों में मरीज जनरेटर के भरोसे हैं, और छोटे कारोबारी रातों को दुकानों के शटर बंद करने को विवश हैं। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि यह केवल एक प्रशासनिक असफलता नहीं, बल्कि एक संरचनात्मक अन्याय है। हम कोयला दे सकते हैं तो रोशनी भी मांग सकते हैं, और अगर रोशनी नहीं देंगे तो कोयला भी नहीं मिलेगा, उन्होंने अपने शब्दों में जनाक्रोश की चेतावनी भर दी। मुन्ना ने आगे कहा कि यह समझने की ज़रूरत है कि बिजली अब केवल सुविधा नहीं रही, बल्कि जीवन, शिक्षा और रोज़गार का बुनियादी आधार बन चुकी है। जब देश के अन्य हिस्सों में 24 घंटे बिजली दी जा सकती है, तो झारखंड के कोयलांचल क्षेत्र को यह हक़ क्यों नहीं दिया जाता? क्या सिर्फ इसलिए कि यहां की आवाज़ संसद की दीवारों तक नहीं पहुंचती? उन्होंने केंद्र सरकार से जवाबदेही की मांग करते हुए कहा कि अगर एक सप्ताह के भीतर बिजली की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो जनता कोयला परिवहन को रोकने पर बाध्य होगी। वहीं प्रेस वार्ता के दूसरे हिस्से में उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत झारखंड में अंगीभूत महाविद्यालयों से इंटरमीडिएट शिक्षा को हटाने के निर्णय की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न तो शिक्षा के अधिकार की भावना के अनुरूप है, न ही सामाजिक न्याय की अवधारणा के। दशकों से हजारीबाग के विद्यार्थी सरकारी कॉलेजों जैसे अन्नदा कॉलेज और के.बी. विमेन्स कॉलेज, इत्यादि पर निर्भर रहे हैं। अब इन कॉलेजों में इंटर नामांकन पर रोक लगाने से एक पूरी पीढ़ी को अकाल शिक्षाबंदी की ओर धकेला जा रहा है। उन्होंने विशेष चिंता हजारीबाग की बेटियों को लेकर जताई। के.बी. विमेन्स कॉलेज जैसा एकमात्र सरकारी महिला संस्थान जहां छात्राएँ सुरक्षित वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर रही थीं, अब प्रवेश की सीमाओं और संसाधनों की कमी से चरमराने लगा है।

## न्यूज बॉक्स

### नशा मुक्ति को लेकर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने मंत्री योगेंद्र महतो से की मुलाकात



**रामगढ़ ।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस जिला प्रवक्ता सह मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश ने 17 जून को झारखंड सरकार के पेयजल, स्वच्छता एवं मध्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र महतो से रांची स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। बताया की यह मुलाकात जनहितकारी विषयों पर संवाद हेतु की गई थी, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की सतत आपूर्ति, स्वच्छता संसाधनों के विस्तार, और नशामुक्त समाज के निर्माण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मंगलेश ने बताया की मंत्री ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिलाया।

उनकी संवेदनशील सोच और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता अत्यंत प्रेरणादायक रही। कहा की यह भेंट निश्चित रूप से दुलमी प्रखंड एवं रामगढ़ जिला के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सकारात्मक पहल साबित होगी।

### जी.एम.महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत पेंटिंग का हुआ आयोजन



**हजारीबाग।** जी.एम. महाविद्यालय वाणिज्य विभाग द्वारा नशा मुक्ति अभियान पर पोस्टर मेकिंग तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। पोस्टर मेकिंग तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "युवा हमारे देश का भविष्य है, इसलिए युवाओं को नशा से दूर रह कर अपना भविष्य का निर्माण करना चाहिए " उन्होंने आगे कहा कि नशा से व्यक्ति गंभीर बीमारी के चपेट में आ जाता है और नशा की पूर्ति के लिए अपराध करता है।वाणिज्य के शिक्षक एवं शिक्षिका शाहीन प्रवीण, आशीष पाण्डे तथा मनोज राणा ने भी विद्यार्थियों को नशा से दूर रह कर पढ़ाई तथा खेल पर ध्यान दे कर भविष्य बनाने पर बल दे कर विद्यार्थियों को नशा के प्रति जागरूक किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पूजा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार आंचल कुमारी, तृतीय पुरस्कार सृष्टि रानी ने प्राप्त किया । इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक बिनय कुमार मेहता ,रेयाज अहमद,कृष्ण कुमार तथा मनोज कुमार इत्यादि ने विद्यार्थियों को पुरुस्कार दे कर सम्मानित किया।

### जंगल में मिला अज्ञात महिला का शव शिनाख्त के लिए पुलिस ने लोगों से मदद की अपील की

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बरकनगांगो पंचायत अंतर्गत बनकेशरी जंगल में बीते 15 जून को एक अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।लेकिन दो दिन बाद भी पुलिस मृतका की पहचान नहीं कर पाई है जो चर्चा का विषय बना हुआ है।इस बाबत शव की पहचान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने आम लोगों से मदद की अपील की है और सोशल मीडिया के माध्यम से शव की तस्वीर और विवरण साझा करने की गुजारिश की है। पुलिस के अनुसार, मृतका की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष के बीच है। शव के दाहिने हाथ पर मां लिखा टैटू बना हुआ है, जो उसकी पहचान में सहायक हो सकती है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर बारीकी से नजर रख रही है। यदि किसी व्यक्ति को इस महिला के बारे में कोई जानकारी है या वह उसकी पहचान करता है, तो तुरंत बरकट्ठा थाना या नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें। सोशल मीडिया पर इस जानकारी को अधिक से अधिक साझा करें ताकि मृतका के परिजनों तक यह सूचना पहुंचाई जा सके।

### खड़े ट्रक में पीछे से दूसरे ट्रक ने मारी टक्कर, दो लोग गंभीर रूप से घायल



**बरही।** बरसोत चौक के पास विगत सोमवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस वक्त हुई जब सड़क किनारे खड़ी ट्रक संख्या जेएच 02 बीपी 9252 में पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक संख्या डब्लूबी 23डी 9377 ने जोरदार टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खड़ी ट्रक का टायर पंचर हो गया था और चालक टायर बदलने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही ट्रक अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक में जा घुसी। हादसे में खड़ी ट्रक के चालक विजय कुमार यादव पिता रामविलास यादव का पैर ट्रक के नीचे दब गया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं टक्कर मारने वाली ट्रक का चालक भी अपने कैबिन में बुरी तरह फंस गया। स्थानीय लोगों की तत्परता से घटना की जानकारी तुरंत बरही थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से क्रेन मंगवाकर दोनों घायलों को बाहर निकाला गया और तत्काल इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।इस दौरान मुखिया मोतीलाल चौधरी, राकेश रजक, सोनू राणा, दीपक पाठक, वनबिहारी चंद्रवंशी, नीतीश कुमार, अजय कुमार, सोनू कुमार, मुकेश कुशवाहा और विकास राणा ने मानवता का परिचय देते हुए घायलों को अस्पताल भेजवाने में अहम भूमिका निभाई। इधर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और दोनों ट्रकों को जब्त कर लिया गया है।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी डाडी प्रखंड के 8 वें सम्मेलन का हुआ समापन

**गिद्दी।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का डाडी प्रखंड का 8 वां सम्मेलन मंगलवार को गिद्दी सी में संपन्न हुआ। अध्यक्षता दशमी देवी, कुलेश्वर भुईया, मथुरा महतो, अहसान अंसारी ने संयुक्त रुप से की। इसके पहले लखन लाल महतो ने झंडोतोलन किया। इसके बाद शहीद बेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने संबोधित किया। भाकपा को मजबूत बनाने के लिए जन आंदोलन को तेज करने की अपील किया। सम्मेलन को प्रोफेसर अनवर हुसैन जिला सचिव अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार ने भी संबोधित किया। सम्मेलन के अंत में नेमन यादव को प्रखंड सचिव चुने गए। मथुरा महतो और एहसान अंसारी सहायक सचिव बनाए गए। सम्मेलन में पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक जिला सचिव अनिरुद्ध कुमार, कार्यनात महतो, विजय महतो आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**सिमडेगा में ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक**

- अबुआ आवास योजना
- प्रधानमंत्री आवास योजना
- पीएम जनमन योजना
- बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना
- दीदी बाड़ी व दीदी बगिया योजना



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को ग्रामीण विकास शाखा, सिमडेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले में क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई तथा समयबद्ध लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिये गये।बैठक में अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, दीदी बगिया योजना, दीदी बाड़ी योजना, मिट्टी मोरम सड़क निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण, मानव दिवस सृजन समेत अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए भौतिक प्रगति में तेजी लाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त के भुगतान में जो भी अंतराल है, उसे दूर करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग कर समयबद्ध तरीके से योजना को पूरा किया जाए। उन्होंने इसे मुख्यमंत्री की अति महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए कहा कि सभी लाभुकों को निर्धारित समय में आवास उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश देते हुए उपायुक्त ने मास्टर रोल निर्गत करने पर भी बल दिया। बिरसा आवास योजना की समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत आपदा एवं हाथी प्रभावित लाभुकों का चयन कर उन्हें योजना से आच्छादित किया जाता है।उपायुक्त ने मानव दिवस सृजन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि मानव दिवस सृजन में अभी अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन बढ़ाने हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। साथ ही लेबर इंगेजमेंट की प्रगति को भी कमतर बताते हुए योजनाओं में मजदूरों की भागीदारी बढ़ाने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने महिला मजदूरों का भी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कहीं।दीदी बाड़ी योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि लाभुकों का चयन शीघ्र कर इस योजना को एक माह के भीतर पूर्ण किया जाए। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के अंतर्गत किए गए कार्य की यू०सी० जमा करने और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।पीएम जनमन योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि आदिम जनजाति के ऐसे परिवार जो स्वयं आवास निर्माण में असमर्थ हैं, उन्हें यथासंभव सहायता प्रदान की जाए। ताकि आवास से वंचित जनजाति परिवार को उन्हें छत मिल सके।बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, परियोजना पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, बीपीओ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पेंशनर समाज से मिलीं डीसी, समस्याओं के शीघ्र समाधान का दिया भरोसा

**सिमडेगा।** सिमडेगा उपायुक्त कंचन सिंह ने झारखंड राज्य पेंशनर समाज शाखा, सिमडेगा के विशेष आमंत्रण पर मंगलवार को उनके कार्यालय पहुंचीं। पेंशनर समाज के सभी सदस्यों ने उनका पारंपरिक रूप से रीति-रिवाज से भव्य स्वागत किया। स्वागत के दौरान सदस्यों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अपनी खुशी और सम्मान व्यक्त किया। उपायुक्त के आगमन से समाज के सभी सदस्यों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला।इस अवसर पर पेंशनर समाज के सदस्यों ने उपायुक्त के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासनिक व्यस्तता के बावजूद उन्होंने समाज के वरिष्ठ नागरिकों के बीच समय निकालकर आकर उनका मान बढ़ाया है। पेंशनर समाज के सदस्यों ने इस दौरान उपायुक्त को अपनी कई समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वर्तमान भवन छोटा पड़ गया है और समाज के कार्यक्रमों के संचालन में असुविधा हो रही है। अत: भवन विस्तार की आवश्यकता है। इसके साथ ही पेंशन स्वीकृति, समय पर भुगतान एवं पेंशन प्रक्रिया से जुड़ी अन्य कठिनाइयों को भी समाज के सदस्यों ने सामने रखा।सभी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद उपायुक्त श्रीमती सिंह ने भरोसा दिलाया कि पेंशनर समाज की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और उनके आशीर्वाद से ही समाज एवं प्रशासन को सही दिशा मिलती है। उपायुक्त ने आगे कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मुझे प्रेरणा मिलती है कि मैं जनता की जो समस्याएं हैं उसे दूर कर सकूं और सिमडेगा जिले के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने जो भरोसा जताये हैं उसको हम पूरा कर सके। उन्होंने उनकी सभी समस्याओं को यथाशीघ्र दूर करने का भरोसा दिलाया।

## बाल कल्याण समिति की समीक्षा बैठक लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के निर्देश



**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में बाल कल्याण समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में झारखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग के समक्ष लंबित 576 मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही दत्तक ग्रहण के लिए विधिक रूप से मुक्त किए जाने की प्रगति, सभी कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति, और बाल देखरेख संस्थाओं में छह माह से अधिक समय से आवासित बच्चों के पुनर्वास से संबंधित कार्रवाई की भी विस्तार से समीक्षा की गई।इसके अलावा, स्पॉन्सरशिप योजना के तहत चयनित 60 बच्चों की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि बाल कल्याण समिति और बाल संरक्षण कार्यालय आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा लंबित सभी मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। स्पॉन्सरशिप योजना से जुड़े आवेदनों की जांच बाल संरक्षण कार्यालय द्वारा तत्परता से कर, समिति को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।बैठक में मानव तस्करी से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने ऐसे मामलों में सतर्कता बरतने और त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को संवेदनशील होकर बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए कार्य करने को कहा।बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा, बाल संरक्षण पदाधिकारी सुमित्रा बड़ाइक, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## डीसी ने दिए स्वच्छता और आवास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में नगर परिषद अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नागरिक सुविधाओं से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की अद्यतन जानकारी ली गई और इनके बेहतर क्रियान्वयन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने नगर क्षेत्र में कार्यरत महिला समूहों की गतिविधियों की भी समीक्षा की। उन्होंने जानकारी ली कि महिला समूहों में वैसे महिलाओं का चयन किया गया है जो बीपीएल सूची में हैं, गरीब परिवार से हैं तथा कच्चे मकान में रहती हैं। इन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए फंड उपलब्ध कराया गया है।फुटपाथ विक्रेताओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में लंबित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लंबित आवास निर्माण शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन लाभुकों ने आवास की राशि का दुरुपयोग किया है, उनके विरुद्ध सर्टिफिकेट केस दर्ज किया जाए।सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत कचरा उठाव की प्रगति की भी समीक्षा की गई। एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि शहरी क्षेत्र में 11,000 हाउसहोल्ड हैं, जिनमें से लगभग 3,000 हाउसहोल्ड को डस्टबिन वितरित किए गए हैं। उपायुक्त ने शेष सभी घरों में डस्टबिन वितरण सुनिश्चित करने और गीला-सूखा कचरा अलग करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, नगर क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने हेतु अस्पताल प्रबंधन, चैंबर ऑफ कॉमर्स, महिला समूह एवं शिक्षकों के साथ बैठक आयोजित करने को कहा।शहरी जलापूर्ति योजनाओं की भी गहन समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि पुरानी जलापूर्ति व्यवस्था में जहां कहीं पानी का रिसाव हो, उसे शीघ्र मरम्मत कराया जाए। नई जलापूर्ति परियोजना के तहत जुडको एजेंसी द्वारा पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी है, जिसमें कुछ स्थानों पर फॉरेस्ट क्लीयरेंस एवं पथ विभाग से एनओसी की आवश्यकता है।बैठक में नगर परिषद प्रशासक समीर बोदरा, सीटी मैनेजर आकाश डेविड, आवास समन्वयक समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सिमडेगा में "एक पेड़ माँ के नाम 2.0" अभियान को लेकर समीक्षा बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में "एक पेड़ माँ के नाम 2.0" अभियान के सफल संचालन हेतु मंगलवार को जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की विस्तृत रूपरेखा, क्रियान्वयन रणनीति और जनभागीदारी पर विस्तार से चर्चा हुई।यह पर्यावरण संरक्षण को समर्पित जनभागीदारी अभियान 5 जून 2025, विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारंभ होकर 30 सितम्बर 2025 तक चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपनी मां या धरती मां की स्मृति में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। साथ ही, उन्होंने निर्देश दिया कि पिछले वर्ष लगाए गए पौधों की स्थिति की रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनकी देखभाल की समीक्षा हो सके।अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में जिला वृक्षारोपण समिति" का गठन किया गया है। इस समिति में वनविभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास, मनरेगा, पंचायत सहित आदि विभागों के अधिकारी शामिल हैं। बैठक में तय किया गया कि पौधरोपण कार्य स्कूलों, कॉलेज परिसरों, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों, स्मार्ट पार्कों, राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों के किनारे, अमृत सरोवरों, नहरों, नदी किनारों, जल स्रोतों तथा ग्रामीण क्षेत्रों की बंजर भूमि पर किया जाएगा। विद्यालय परिसर पर जगह होने पर विद्यालय जाने वाले रास्ते पर बच्चों के माध्यम से पेड़ लगवाने की बात कही। वहीं उपायुक्त ने सभी विद्यालय के बच्चों को निर्देशित करने की बात कही कि ग्रामीण विकास अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना एवं दीदी बगिया योजना के तहत अपने परिवार से पेड़ लगाए। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य धरती मां के प्रति सम्मान प्रकट करना, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और स्थानीय पारिस्थितिकी का पुनर्जीवन करना है। सभी ने इस अभियान को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी शशांक शेखर सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

**विधायक ने की ग्रामीण विकास मंत्री से मुलाक़ात**

## सड़क, पुल-पुलिया की बदहाली और विभागीय भ्रष्टाचार पर जताई गहरी चिंता

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** विकास से जुड़ी जमीनी समस्याओं को लेकर विधायक भूषण बाड़ा ने मंगलवार को ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मुलाक़ात की। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र में बने रहे सड़कों, जर्जर पुल-पुलियों, भवन और विकास योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर मंत्री के समक्ष कई अहम मुद्दे उठाए। विधायक भूषण बाड़ा ने मंत्री को विस्तार से बताया कि सिमडेगा सहित गुमला के पालकोट में कई सड़कें वर्षों से बदहाल हैं। जिससे आम लोगों, खासकर स्कूली बच्चों, किसानों और मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई ऐसे गांव हैं जहां आज भी आवागमन के लिए पगडंडियां ही एकमात्र रास्ता हैं। इस कारण बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। मौके पर विधायक ने संवेदकों और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहे भ्रष्टाचार की ओर भी मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्ताहीन कार्य, बिना मापदंडों का पालन किए निर्माण और समय सीमा से बाहर जाकर अधूरी पड़ी योजनाएं क्षेत्र की जनता को निराश कर रही हैं।मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने विधायक की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि सिमडेगा में ग्रामीण सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर योजनाएं बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जिन योजनाओं में अनियमितता की शिकायत मिली है। उनकी जांच कराते हुए दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## नीट 2025 में सिमडेगा की दो बच्चियों को मिली शानदार सफलता

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) यूजी 2025 में सिमडेगा की दो बच्चियों ने भी शानदार सफलता हासिल कर जिले का नाम किया है रौशन।सिमडेगा शहर की प्राची अग्रवाल ने 99.3 पर्सेंटाइल और करिश्मा साह ने 98.7 पर्सेंटाइल स्कोर कर नीट क्रैक किया है।सफल दोनों बच्चियों ने अपनी 10वीं तक की पढ़ाई डीएवी सिमडेगा से किया है।प्राची के पिता मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि 10वीं करने के बाद उनकी बेटी रांची से 12वीं की पढ़ाई के साथ साथ नीट की तैयारी की।बेटी की सफलता पर वे खुश हैं,उन्होंने कहा परीक्षा की तकनीकी कारणों की वजह से पर्सेंटाइल स्कोर में थोड़ी कमी जरूर हुई ,लेकिन क्रैक करने के बाद वे काफी खुश हैं।उन्हें उम्मीद है स्टेट रैंकिंग में अच्छा स्थान के साथ सरकारी मेडिकल कॉलेज में उनकी बच्ची का दाखिला हो जाएगा। उधर करिश्मा साह के पिता धर्म प्रकाश और माता किरण बाला भी काफी खुश हैं।उनकी बच्ची ने 98.7 पर्सेंटाइल स्कोर किया है।करिश्मा के माता पिता आशान्वित हैं की उनकी बच्ची को भी प्रतिष्ठित सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिलेगा। यहां बताते चले कि करिश्मा की बड़ी बहन श्रुति श्री पूर्व में ही नीट क्रैक कर एमबीबीएस कंप्लीट कर डॉक्टर बन चुकी है।

## डीसी ने हॉकी स्टेडियम में खिलाड़ियों से की मुलाकात, खेल किट देकर कर बढ़ाया उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने जिले में पदस्थापन के पश्चात पहली बार सिमडेगा के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने सेन्टर फॉर एक्सीलेंस हॉकी सेंटर, सिमडेगा के बालक-बालिका खिलाड़ियों के बीच खेल किट का वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया।स्टेडियम पहुंचने पर सेन्टर फॉर एक्सीलेंस के खिलाड़ियों ने उपायुक्त का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान बच्चों के बीच पहुंचकर उपायुक्त ने उनसे संवाद किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जैसे ग्रामीण परिवेश से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल में अपनी पहचान बनाना अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जब गांव के बच्चें अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन करते हैं।उपायुक्त ने कहा कि मुझे बच्चों से मिलकर अत्यंत खुशी हो रही है। उन्होंने साझा किया कि पहले उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों संगीता और सलीमा के साथ तस्वीर ली थी, लेकिन अब उनकी इच्छा है कि अगली तस्वीर सिमडेगा के इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ रांची के मैदान में हो। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे पूरी लगन और मेहनत से खेलें, अपने कोचेस के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत करें, आगे बढ़े और आकाश है खेल का ऊंचाई , उस ऊंचाई को प्राप्त करें। आप सभी सिमडेगा और देश का नाम रोशन करें। इस कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, हॉकी जिला अध्यक्ष मनोज कोनबेगी, कोच सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## बोलबा प्रखंड प्रमुख ने किया कैलाश धाम कर्रामुंडा का भ्रमण एवं पूजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड प्रमुख सुनीता केरकेट्टा ने रविवार को ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध धार्मिक एवं दर्शनीय स्थल कैलाश धाम कर्रामुंडा का मंगलवार भ्रमण एवं पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कैलाश धाम की पवित्र पहाड़ी पर चढ़कर सिंह द्वार गुफा में स्थित शिवलिंग एवं काली माता का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद पहाड़ी की चोटी पर स्थित अष्टमाता, भगवान गणेश एवं अन्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करते हुए उन्होंने पूरे बोलबा प्रखंड की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।पूजन का विधिवत संचालन मंदिर के पुजारी सुखदेव सिंह द्वारा कराया गया। मौके पर उपस्थित महिलाओं ने भी श्रद्धा के साथ पूजा में भाग लिया।इस दौरान प्रखंड प्रमुख सुनीता केरकेट्टा ने कहा कि "कैलाश धाम कर्रामुंडा धार्मिक आस्था का केंद्र होने के साथ-साथ एक संभावनाशील पर्यटन स्थल भी है। यहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। प्रशासन को चाहिए कि इस धाम के समुचित विकास हेतु ठोस कदम उठाए।"उन्होंने यह भी जानकारी दी कि कैलाश धाम पर्यटन क्लब का गठन कर लिया गया है। और इसका बैंक खाता भी खोल दिया गया है।

## सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक बैठक संपन्न

**सिमडेगा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन का वार्षिक आम बैठक जो विगत 15जून को जिला परिषद के गेस्ट हाउस में शांतिपूर्ण एवं सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन के सफलता पूर्वक संपन्न होने पर संगठन के सचिव तौकीर उस्मानी के द्वारा बैठक में आए सभी अतिथियों विधायक, पूर्व विधायक, आरक्षी अधीक्षक, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी तथा सभी राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारीयों, सभी स्कूल के प्रिंसिपल तथा उनके प्रतिनिधि सिमडेगा जिला एवं पड़ोसी राज्य के आए सभी गण मान्य अतिथियों का आभार तथा धन्यवाद व्यक्त किया।मीडिया से जुड़े लोगों का भी तहे दिल से धन्यवाद जिन्होंने इस आयोजन के कवरेज को अपने संस्थान में बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया।

## भाजपा की बैठक, मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**बोलबा।** भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार मंगलवार को मंडल बोलबा में मंडल अध्यक्ष सुरजन बड़ाईक की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण हुए 11 वर्षों की कार्य उपलब्धियों को लेकर विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों को प्रधानमंत्री की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन युवा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार सिंह ने किया, जबकि स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष सुरजन बड़ाईक ने प्रस्तुत किया।मुख्य वक्ता के रूप में प्रभारी प्रणव कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी सरकार की 11 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि "ऑपरेशन सिंदूर" जैसी पहल महिलाओं के नेतृत्व में देश की सुरक्षा भावना को दर्शाती है। उन्होंने राम मंदिर निर्माण, श्रीमद् भागवत कथा जैसे आध्यात्मिक आंदोलनों से लेकर डिजिटल इंडिया, स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, संसद भवन का संग्रहालय, बनारस कॉरिडोर, सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार, और गुजरात में विशाल स्टेडियम जैसे राष्ट्रीय परियोजनाओं का उल्लेख किया।उन्होंने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी ने न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाई है।

## पुलिया से गिरकर युवक घायल, हालत गंभीर, रिम्स रेफर

**बानो।** बानो प्रखंड क्षेत्र के सौदे घाट के पास बानो-मनोहरपुर मुख्य पथ पर स्थित पुलिया से मंगलवार को गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान लोवासोकरा निवासी सोमा लोमगा के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक नशे की हालत में पुलिया पर बनी मुंडेर पर सोया हुआ था। इसी दौरान असंतुलन के कारण वह पुलिया से नीचे गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी। गिरने के दौरान उसका सिर नीचे मौजूद पत्थरों से टकरा गया, जिससे तेज रक्तस्राव हुआ।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सोनू कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो पहुंचवाया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने बताया कि सिर में गंभीर चोट और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मरीज की स्थिति चिंताजनक है।

## बानो में विधायक ने जनसंपर्क अभियान तेज करने का आह्वान किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो नगर भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा कामंगलवार को कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया उपस्थित रहे। बानो प्रखंड के सभी 16 पंचायतों से झामुमो कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।विधायक ने कहा कि झामुमो माटी की पार्टी है, जो जनता के हक की लड़ाई लड़ती है। उन्होंने बानो की जनता को विधानसभा चुनाव में बहुमत देने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि हेमंत सरकार जनहित में कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क अभियान तेज करने और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि कोई भी समस्या हो तो प्रखंड कमेटी को जानकारी दें, समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी प्रभारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया।मौके पर अनिल लुगुन, बीरजो कंडुलना, अमित बड़िंग, धर्मदास तोपनो, मो. तनवीर, बिदेशिया बड़ाईक, कामिल डांग, संदीप समद, आनंद मसीह तोपनो सहित कई नेता उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग ने लगाया एक दिवसीय शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** प्रखंड कार्यालय परिसर, बानो में मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने ग्रामीणों से नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में बीपी, शुगर और अन्य सामान्य बीमारियों की जांच निशुल्क की जाती है। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड भी मुफ्त बनाए जाते हैं, जिससे गरीब परिवारों को इलाज में आर्थिक सहायता मिलती है।डॉ. कुमार ने बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए लोगों को साफ पानी उबाल कर पीने की सलाह दी ताकि जलजनित बीमारियों से बचा जा सके।शिविर में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजय सिंह, संजय ओहदार, एनएम नीलिमा एक्का, आयुष्मान मित्र हिमांशु कुमार, श्याम कुमार, महतो, सीएचओ मंजूषा केरकेट्टा, मेबल बा और बीटीएम जोहन पुष्पा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुल्लूकेरा गांव में एक युवक की निर्मम हत्या जांच में जुटी पुलिस

**सिमडेगा।** सिमडेगा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कुल्लूकेरा गाँव में मंगलवार की सुबह 9:00 बजे गिरिमा नदी के पास झाड़ियों में 25 वर्षीय मनोज साहू नामक युवक का शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बताया गया इस हत्या के मामले में एक विवाहित महिला और चार युवक को हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि मृतक युवक का प्रेम प्रसंग उक्त महिला से चल रहा था।

## आजसू पार्टी सिमडेगा की बैठक 19 जून को

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** आजसू पार्टी सिमडेगा जिला कमेटी की ओर से आगामी 22 जून को आयोजित होने वाले स्थापना दिवस सह बलिदान दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह बैठक 19 जून 2025 को 11:00 बजे सिमडेगा के ठाकुरटोली स्थित जिला कार्यालय में रखी गई है।बैठक में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल प्रभारी सह केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, जिला प्रभारी गोपिनाथ सिंह, जिला संगठन संयोजक प्रभारी दीपक महतो एवं सह प्रभारी शशिभूषण भगत की उपस्थिति निर्धारित है।आजसू पार्टी की ओर से सिमडेगा जिला कमेटी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं, केंद्रीय एवं आनुषांगिक इकाइयों, छात्र संघ, बुद्धिजीवी मंच सहित सभी विंग के सदस्यों से बैठक में समय पर उपस्थित होने की अपील की गई है।

## अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद की बैठक

**बानो।** अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद की प्रखंड इकाई द्वारा मंगलवार को बड़काडुईल गांव में सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामेश्वर सिंह ने की, जिसमें ग्राम समिति का विस्तार कर नये पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया।ग्राम समिति में रामेश्वर सिंह को अध्यक्ष, तपेश्वर सिंह और अनिरुद्ध सिंह को उपाध्यक्ष, तिलेश्वर सिंह को सचिव, हेमसागर सिंह को उप सचिव, तथा मेघनाथ सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

# पंचायत सेवक मौत मामला: बीडीओ पर एफआईआर दर्ज होने से प्रशानिक सेवा संघ नाराज



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

पंचायत सेवक (सचिव) की मौत के बाद डुमरी बीडीओ समेत चार के खिलाफ प्रताड़ना की प्राथमिकी दर्ज की गई है. अब इस एफआईआर के बाद झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ ने सीधे तौर पर नाराजगी जाहिर की है. इस मुद्दे को लेकर संघ की महत्वपूर्ण बैठक उप विकास आयुक्त स्मिता कुमारी की अध्यक्षता में हुई. डुमरी प्रखंड में हुई बैठक में पंचायत सेवक की आत्महत्या प्रकरण के संबंध में बिंदुवार चर्चा की गई. इस बैठक में डुमरी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को मामले में नामजद अभियुक्त बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज किये जाने पर रोष एवं क्षोभ प्रदर्शित किया गया. जिसमें कहा गया है कि राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देश के बावजूद भी बिना प्रशासी विभाग की अनुमति के प्राथमिकी दर्ज की गई है. ऐसे में थाना प्रभारी के विरुद्ध उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन देकर कारवाई की मांग करने का निर्णय लिया गया है. इसके अलावा राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग से निर्गत निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए, जिला इकाई के स्तर से केंद्रीय समिति को प्रस्ताव भेजने का भी निर्णय लिया गया है. इस मीटिंग में ये निर्णय हुआ है कि केंद्रीय समिति से अनुरोध किया जाएगा कि सभी प्रशासी विभाग, विशेषकर पुलिस संस्थानों से उक्त पत्र का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए. आवेदन की प्रति मुख्यमंत्री के साथ साथ इसकी प्रतिलिपि सभी प्रमंडलीय आयुक्त और उपायुक्त को भेजी जाएगी.

### विकास कार्यों की गति पर पड़ेगा असर : संघ

इस बैठक में कहा गया कि नियंत्री पदाधिकारी के द्वारा पर्यवेक्षण या अनुश्रवण के क्रम में कही गई बातों को प्रताड़ना माना जाएगा तो जिला इकाई के पदाधिकारियों द्वारा कि जाने वाली समीक्षा बैठक पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. ऐसी स्थिति गहन चिंता का विषय है एवं इससे विकास कार्यों की गति भी प्रभावित होना स्वाभाविक है. बैठक में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की ओर से पंचायत सेवक की मृत्यु पर शोक प्रकट किया गया तथा उनकी परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई. इसके साथ ही संघ के द्वारा यह अवगत कराया गया कि डुमरी प्रखंड के संबंधित पंचायत सेवक, अपने सेवा काल में बगोदर प्रखंड में पदस्थापन के समय में भी पदाधिकारी के निर्देश की अवहेलना के आरोप में निलंबित हुए थे. पीरटांड़ प्रखंड में पद स्थापन काल में भी इनके द्वारा आत्महत्या या आत्मदाह की धमकी दी गई थी. जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा उपायुक्त महोदय को विधिवत सूचित किया गया था. उक्त पंचायत सेवक की मनोवृत्ति तथा कमजोर मानसिकता होने के साथ साथ उसके अस्थिर चित्त के होने की भी बात प्रकाश में आई थी. जिसके आलोक में पंचायत सेवक के कथन के आधार पर डुमरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी के विरुद्ध आरोप लगाया जाना बेबुनियाद है.

## हत्या के मामले में फरार आरोपित 14 महीने बाद गिरफ्तार

**कोडरमा।** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खेशकरी निवासी अंजार खान उर्फ कारा के हत्याकांड मामले में पुलिस ने 14 माह बाद नामजद फरार आरोपित खेशकरी निवासी नायज खान उर्फ धोनी (22) को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। आरोपित नायज खान घटना के अंजाम देने के बाद पिछले 14 माह से फरार चल रहा था। सोमवार को सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपित के घर में छापेमारी कर गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल 2024 की रात अंजार खान अपने घर के बाहर दरवाजा पर खटिया पर सोया हुआ था। इसी बीच धारदार हथियार से हमला कर अंजार की हत्या कर दी गयी थी। इस संबंध में मृतक अंजार खान की मां रबिया खातून ने जयनगर थाना में आवेदन देकर अज्ञात लोगों के जरिये हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया था।

# 18 व 19 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष शिविर का आयोजन




**बरही ।** प्रधानमंत्री जनजातीय समावेशन मिशन के सहयोग से प्रखंड के खोड़ाहर और रानीचुवां में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष शिविर का आयोजन किया गया है. जिसका मुख्य उद्देश्य जनजातीय परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है. इस योजना के तहत हजारीबाग जिले के कुल 76 आदिवासी बाहुल्य गांवों में शिविर का सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित है. इसी के तहत 18 जून को खोड़ाहर और 19 जून को रानीचुआं पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया गया है. उक्त जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने पत्र जारी कर दी है. इसकी जानकारी स्थानीय विधायक, जिप उपाध्यक्ष, प्रखंड प्रमुख आदि सहित जनप्रतिनिधियों व बुद्धिजीवियों को देते हुए शिविर सफल बनाने का आग्रह किया गया है.

# मेठ से 20 हजार रुपए रिश्वत लेने की शिकायत पर मनरेगा लोकपाल आयुक्त ने की जांच

**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**




मनरेगा के लोकपाल आयुक्त तमन्ना परवीन मंगलवार को चीनो पहुंचकर पंचायत के पंचायत सेवक मोतीलाल महतो पर मनरेगा योजना के एक मेठ से लगभग 20 हजार रुपया रिश्वत लेने की शिकायत की जांच की। इस दौरान उन्होंने पंचायत सचिवालय में पंचायत के मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्यों आदि से इस मामले में जानकारी ली। इस दौरान उनके साथ डुमरी बीपीओ महबूब आलम साथ थे। उक्त जांच झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय सचिव अशोक अग्रवाल आजाद की लिखित शिकायत पर शुरू हुई है। जानकारी के अनुसार लोकपाल आयुक्त ने पंचायत सेवक और मेठ से इस संबंध में पूछताछ किया। पंचायत सेवक का कहना था कि उसका मेट से अच्छा संबंध में इसलिये रुपये की लेनदेन होते रहती है। जबकि मेठ ने इस संबंध में कुछ बोलने के लिये चार दिनों का मोहलत लिया। जांच के बाद लोकपाल आयुक्त ने पत्रकारों को बताया कि अशोक अग्रवाल द्वारा पंचायत सेवक पर मेठ से ऑन लाईन और ऑफ लाईन रिश्वत लेने की शिकायत की गई है। शिकायत की जांच के लिये आज वे चीनो पहुंची है। बताते चलें कि अशोक अग्रवाल ने आयुक्त उत्तरी छोर टानागपुर प्रमंडल हजारीबाग, उपायुक्त गिरीडीह, डीडीसी गिरिडीह और डुमरी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को पत्र 25 मार्च 2025 को प्रमाणों के साथ आवेदन देकर विस्तृत जांच की मांग की थी। उन्होंने बताया कि शिकायत के बाद कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया गया, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। शिकायत में पंचायत सेवक मोतीलाल महतो और अन्य पदाधिकारियों की संदिग्ध भूमिका की बात कही गई है। आरोप है कि फर्जी मास्टर रोल तैयार किया गया।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद 13 मोबाइल को धारकों में वितरण

**खूंटी।** एसपी कार्यालय के सभागार में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद 13 मोबाइल फोन को उनके वास्तविक धारकों के बीच वितरित कर दिया गया। इस अवसर पर एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत खूंटी जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से विगत एक वर्षों में चोरी या गुम हुए मोबाइल की बरामदगी के लिए एक विशेष टीम का गठन कर मोबाइल रिकवरी का काम सौंपा गया। टीम ने जिले के सभी थानों में विगत एक वर्ष में दर्ज सनहा के आधार पर इस माह कुल 40 मोबाइल फोन का आईएमईआई रन कराया गया। इसमें बरामद 13 मोबाइल फोन को उनके वास्तविक धारक के बीच वितरण किया गया। एसपी ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत अब तक कुल 58 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को दिया गया है।

### विभिन्न प्रखंडों में निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

# भारत निर्वाचन आयोग के-निर्देशों का अनुपालन कर ससमय कार्यों का निष्पादन करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



● उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदाताओं को सुविधा हेतु जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों की सीमाओं को जिओ फेसिंग के माध्यम से चिन्हित एवं ऑनलाइन किया जा रहा है

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार गिरिडीह जिले के गिरिडीह, बेंगाबाद, गांडेय, डुमरी, जमुआ, बगोदर, देवरी, तिसरी, गांवा प्रखंडों में निर्वाचन संबंधित विभिन्न स्तर के अधिकारियों (बी.एल.ओ और बी.एल.ओ सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। गिरिडीह प्रखंड सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी और उप निर्वाचन पदाधिकारी ने भाग लिया तथा निर्वाचन से जुड़े हरेक महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से मतदान केंद्रों के मैप एवं जियो फेसिंग आदि के बिंदुओं पर चर्चा हुई। प्रशिक्षण के दौरान बी.एल.ओ और बी.एल.ओ सुपरवाइजर को मतदान केंद्रों के मैप एवं जिओ फेसिंग के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदाताओं को सुविधा हेतु जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों की सीमाओं को जिओ फेसिंग के माध्यम से चिन्हित एवं ऑनलाइन किया जा रहा है। इससे बी.एल.ओ को अपने क्षेत्र के मतदाताओं एवं उनके घरों तक पहुंचने में आसानी होगी। इस प्रक्रिया के संपन्न होने के पश्चात सभी बीएलओ के अपने-अपने क्षेत्र निर्धारित होंगे एवं ऑनलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता अपने लोकेशन से ही अपने मतदान केंद्र, उसका लोकेशन एवं अपने बीएलओ को जान पाएंगे। उन्होंने कहा कि त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ससमय कार्यों का निष्पादन किया जाए। इसके अलावा सभी संबंधित प्रखंडों में भी एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मौके पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं बी.एल.ओ और बी.एल.ओ सुपरवाइजर समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## अभिव्यक्ति फाउंडेशन ने निकाला नशे के विरुद्ध जन जागरूकता रैली




**गांडेय, गिरिडीह** | झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान को समर्थन में मंगलवार को गांडेय प्रखंड में अभिव्यक्ति फाउंडेशन द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित की गई कार्यक्रम की शुरुआत में गांडेय मध्य विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों के साथ नशा मुक्त जागरूकता रैली निकली गई यह रैली विद्यालय के प्रांगण से गांडेय बाजार भ्रमण किया गया इस दौरान बच्चों व शिक्षकों द्वारा नशा छोड़ो जीवन संवारे ,शराब नहीं शिक्षा चाहिए जैसे नारे लगाए गए। इसके उपरांत गांडेय प्रखंड मुख्यालय में एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस हस्ताक्षर अभियान में प्रमुख राजकुमार पाठक,बीडीओ निशांत अंजुम,अंचलाधिकारी मो हुसैन ,अभियान में शामिल होकर हस्ताक्षर कर यह संकल्प लिया कि वे स्वयं और अपने परिवार को तम्बाकू,शराब व मादक पदार्थों से दूर रखेंगे और अपने आस पास के ग्रामीणों को लोगो को नशा मुक्त अभियान को सफल बनाने में सहयोग करेंगे। प्रखंड के पंडरी,फुलची, बरमसिया 2, पंचायतों में सभा कर नशा मुक्त अभियान का सामुदायिक संवाद किया गया, जिसमें ग्रामीणों को नशे से होने वाले सामाजिक, मानसिक और शारीरिक नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। परियोजना समन्वयक शिव पाण्डेय ने कहा कि नशा मुक्ति एक सामाजिक आंदोलन है । और इसे जमीनी स्तर तक पहुंचने के लिए संस्था निरंतर प्रयासरत है।कहा कि आने वाले दिनों में गांडेय व बेंगाबाद प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में इसी तरह की जागरूकता अभियान आयोजित की जाएगी।

# तिलैया में तीन करोड़ 42 लाख से बनने वाले मार्केट कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास

**कोडरमा।** तिलैया थाना के सामने जिला परिषद की भूमि पर तीन करोड़ 42 लाख की लागत से बने मार्केट काम्प्लेक्स का शिलान्यास मंगलवार को मंत्रोच्चार और शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। शिलान्यास संयुक्त रूप से विधायक डॉ नीरा यादव, उपायुक्त ऋतुराज, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी और जिप सदस्यों ने किया। उल्लेखनीय है कि मार्केट काम्प्लेक्स का निर्माण 11 डिसिमल भूमि पर किया जाएगा। इस काम्प्लेक्स का निर्माण जी-फाइव स्तर पर किया गया है, जबकि फिलहाल बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर तक किया जाएगा। जिला परिषद की शहरी क्षेत्र के भूमि पर मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण एजेंसी डेढ़ साल में पूरा करेगी। मौके पर विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि जिला परिषद बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जब वे जिप उपाध्यक्ष थीं, तब से जिला परिषद की शहरी क्षेत्र की भूमि में बेहतर प्लान तैयार की जा रही थी। उन्होंने कहा कि जिप अध्यक्ष के नेतृत्व में मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण हो रहा है। इससे हमारे शहर के लोगों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि आम जनमानस के लिए वे हरसंभव प्रयासरत रहतीं है। वहीं डीसी ऋतुराज ने कहा कि झुमरीतिलैया व्यापारिक क्षेत्र है और यहां जिला परिषद की जमीन पर वर्षों से मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण को लेकर पहल हो रही थी।

# स्टडी बिद टैलेंट अकादमी ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्टडी बिद टैलेंट अकादमी द्वारा रविवार को आयोजित वार्षिक सम्मान समारोह में दसवीं और बारहवीं कक्षा के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए अवार्ड प्रदान किए गए। इस अवसर पर अकादमी के निदेशक, शिक्षकगण तथा अन्य अतिथियों ने छात्रों की प्रतिभा और मेहनत की सराहना की। निदेशक ने कहा कि छात्रों का यह प्रदर्शन आने वाले समय में दूसरों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रोत्साहित किया। अकादमी द्वारा दी गई यह मान्यता न सिर्फ छात्रों का मनोबल बढ़ाएगी, बल्कि उन्हें आगे की पढ़ाई में बेहतर करने के लिए प्रेरित भी करेगी। समारोह में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की बड़ी भागीदारी रही।


**JHARKHAND EDUCATION PROJECT COUNCIL**
**DoSE&L, GOVERNMENT OF JHARKHAND**
Old HEC High School, JSCA Stadium Road, Sector-III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone No.- 0651-2444501, 2444502, Fax-0651-2444506, email: jepcranchi1@gmail.com

**Very Short Term Procurement Notice**

On behalf of DoSE&L, Govt. of Jharkhand, JEPC invites Separate Technical & Financial proposals from eligible and interested firms for Supply maintenance of approx.15 piece Laptop computers. Interested and eligible firms are requested to submit their proposal to our above mentioned office latest by **23.06.2025 at 02.00 PM**. All documents required for evaluation must be submitted in sealed envelops.

The details of the requirement can be seen at our website **https://jepc.jharkhand.gov.in** only.

Bid Ref. No. -MIS/06//08/2002/2242Date :17/06/2025
Sd/-
(Shashi Ranjan)
State Project Director
PR 355328 (Jharkhand Education Project Council)25-26*D



**झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
उद्यान निदेशालय, झारखण्ड
कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला
संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला-835207

**आम- सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) का विभागीय राज्यादेश सं0– 40 दिनांक 16.07.2024 के आलोक में जिला– गुमला अन्तर्गत स्थापित प्रखण्ड नर्सरी में विभिन्न प्रकार के आम, अमरूद, नींबू का ग्राफ्ट–गुटी 25000 सं0 में गुणवत्तायुक्त पौधा तैयार किया गया है। जिसे वित्तीय वर्ष 2025–26 में फलबाग के क्षेत्र विस्तार हेतु संयुक्त निदेशक उद्यान, राँची का पत्रांक– 478 दिनांक 02.08.2024 के आलोक में विभिन्न प्रकार के फल, फूल पौधे एवं टिशू कल्चर पौधे का आपुर्ति हेतु निर्धारित दर का 80 प्रतिशत अनुदान के साथ कृषकों को न्यूनतम दर पर उपलब्ध कराया जाना है।

अतः जिला– गुमला अन्तर्गत फलबाग के क्षेत्र विस्तार हेतु इच्छुक लाभूक कृषक जिला उद्यान कार्यालय, गुमला से आवेदन प्रारूप प्राप्त कर या स्वहस्ताक्षरित आवेदन इस कार्यालय में दिनांक 25.07.2025 तक जमा कर सकते है।

**प्रखण्ड नर्सरी, में उपलब्ध पौधों की विवरणी निम्नवत् है।**

| कमांक | पौध सामग्री का नाम | उपलब्ध पौधों की सं0 | अनुदान उपरांत न्यूनतम दर प्रति पौधा |
|---|---|---|---|
| 1 | आम (लगड़ा) | 11000 | 12.00/– |
| 2 | आम (हिमसागर) | 5000 | 12.00/– |
| 3 | आम (आम्रपाली) | 4000 | 12.00/– |
| 4 | आम (दशहरी) | 3000 | 13.00/– |
| 5 | अमरूद– L49 | 1000 | 5.50/– |
| 6 | नींबू– बनारसी गोल | 1000 | 5.50/– |

नोटः– 1. आवेदन के साथ आधार की प्रति लगाना अनिवार्य है।
2. विशेष जानकारी के लिए जिला उद्यान कार्यालय, गुमला से कार्यालय अवधि में सम्पर्क कर सकते है।

PR 355264 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (25-26)_D
जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त हिन्दपीढ़ी थाना काण्ड सं0–06/2025, दिनांक–23.01.2025 धारा–191(2)/190/126(2)/127(2)/61(2)/118(2)/109/3(5) बि0 एन0 एस0 एवं 27 आर्म्स एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त दिलावर उर्फ मुन्ना, पिता–लाल मोहम्मद, ग्राम–यारब लेन, मोजाहिद नगर, थाना–हिन्दपीढ़ी, जिला–राँची का द0प्र0सं0 की धारा–82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इस्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of Chandan CJ.M, Ranchi**
**Form No.4/5**
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[See Section 82 of the Cr.P.C./84 of B.N.S.S]

हिन्दपीढ़ी थाना का.ड सं0–06/2025

1. नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)

दिलावर उर्फ मुन्ना, पिता–लाल मोहम्मद, ग्राम–यारब लेन, मोजाहिद नगर, थाना–हिन्दपीढ़ी जिला–राँची थाना–विधान सभा, जिला–रॉची।

2. किया है या करने का उस पर शुवहा है। — जो व–मुजिब दफा — मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है — **(2) हिन्दपीढ़ी थाना का.ड सं0–06/2025, दिनांक–23–01–2025**

3. नाम दिलावर उर्फ मुन्ना, पिता–लाल मोहम्मद, ग्राम–यारब लेन, मोजाहिद नगर, थाना–हिन्दपीढ़ी जिला–राँची और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि (3) **वर्तमान थाना– हिन्दपीढ़ी, जिला–रॉची** जब

4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उसपर जरी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) जब

5. मोकाम। ग्राम–यारब लेन, मोजाहिद नगर, थाना–हिन्दपीढ़ी जिला–राँची फरार मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि धारा191–(2)/190/126(2)/127(2)/61(2)/118(2)/109/3(5) बि0 एन0 एस0 एवं 27 आर्म्स एक्ट मजकुर साकिन ब–मोकाम(5)

6. इस अदालतव रूबरू मेरे। अ–हजुर(6)

**ब–तारीख 01.07.2025 माह** **नालिश–मजकुर** करे जवाब देही के लिए हाजिर हो
**आज तारीख 20.05.2025 माह** **सन् 2025**
**Sd. Chandan C.J.M Ranchi**

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्राथमिक अभियुक्त दिलावर उर्फ मुन्ना, कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय/**Chandan C.J.M Ranchi** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें
पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली राँची। – 9431742777
थाना प्रभारी, हिन्दपीढ़ी, रॉची। – 9431706164

**PR 355281 Police(25-26).D**
पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–37/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.06.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 28.06.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.06.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची केप्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माणविभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of B type Quarter No-04/16 (16 Set) at New Police Line, Kanke Road Ranchi | 382600 | 7700 | 750 | One Month |
| 2 | Renovation of B type Quarter No-3 (One Unit) at New Nagra Toli, Ranchi | 391600 | 7900 | 750 | One Month |
| 3 | Renovation of B type Quarter No-107/124, 124 Set at Doranda Ranchi | 397500 | 8000 | 750 | One Month |
| 4 | Renovation of Stenographer Quarter No-1/3 at Hatma,Kanke Road Ranchi | 429800 | 8600 | 750 | One Month |
| 5 | Renovation of C type Quarter No-81 (One Unit) at New Nagra Toli, Ranchi | 507400 | 10200 | 1250 | One Month |
| 6 | Renovation of C type Quarter No-36 (One Unit) at Ratu Road, Ranchi | 519950 | 10400 | 1250 | One Month |
| 7 | Renovation of C type Quarter No-82 (One Unit) at New Nagra Toli, Ranchi | 583800 | 11700 | 1250 | One Month |
| 8 | Renovation of C type Quarter No-201 (Block-D) at Ratu Road Ranchi | 590900 | 11900 | 1250 | One Month |
| 9 | Renovation of C Type Quarter No.-01, Block No.-08 at Audrey House, Ranchi. | 599850 | 12000 | 1250 | One Month |
| 10 | Renovation of 'C' Type Qtr. No. -02, Block No. 7 at Audrey House, Ranchi. | 587500 | 11800 | 1250 | One Month |
| 11 | Renovation of C Type Quarter No.-45 (One Unit) at Ratu Road, Ranchi | 588200 | 11800 | 1250 | One Month |
| 12 | Renovation of Staff Quarter No-07/19 Near AG More at Doranda Ranchi | 593900 | 11900 | 1250 | One Month |
| 13 | Construction of Out House in the Campus of D type Officers Flat Quarter No-1/28 Set at Doranda Ranchi | 767450 | 15400 | 1250 | One Month |
| 14 | Renovation of B type Quarter No-B/10, B/17 & B/21 at High Court Colony, Behind Indira Place, Hinoo Ranchi (High Court Pool) | 832000 | 16500 | 1250 | One Month |
| 15 | Renovation of Outer Surface and Stair Area of D type Quarter Block-1 (Quarter No-D1 to D6) Behind Indira Palace at Hinoo Ranchi (High Court Pool) | 1215400 | 24400 | 2500 | One Month |
| 16 | Renovation of B type LIG Quarter No-LIG-R-385-386, LIG-R-387-388, LIG-R-393-394 and LIG-R-395-396 at Harmu Housing Colony, Harmu Ranchi (High Court Pool) | 1240900 | 24900 | 2500 | One Month |
| 17 | Renovation of B type Quarter No-B/15, B/16, B/17 & B/18, 30 Set at Rajendra Chowk, Doranda Ranchi (High Court Pool) | 1810550 | 36300 | 5000 | One Month |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

PR 355299 (Building) 25-26 (D)
कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

परमात्मा का वास सभी इंसानों में है। लेकिन, सभी इंसानों में परमात्मा का भाव भी हो, ये जरूरी नहीं है। इसलिए व्यक्ति अपने कर्मों की वजह से दुखी है। **- स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी**

## संपादकीय

# ईरान इस्राइल युद्ध के संदेश

क्या ईरान इस्राइल युद्ध तीसरे विश्व युद्ध की शुरुआत है जैसा कुछ देश बता रहे हैं या इसे रोका जाएगा? यूक्रेन रूस युद्ध से दोनों की बर्बादी से भारत के वे लोग शायद ही सीख लें पाएं जो भारत पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच की तरह युद्ध की मांग कर रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर में अपने मुल्क की तबाही के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने नए फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को मई के अंत में तुर्किये और ईरान सहित कुछ इस्लामी देशों की यात्रा पर ले गए। कथित रूप से बहुत से इस्लामी नेताओं से गले मिलने और चूमने वाले सनकी मुल्ला मुनीर ने ईरानी अर्धसैनिक बल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख मेजर जनरल हुसैन सलामी को एक फैंसी घड़ी भेंट की, जिसमें जीपीएस ट्रैकर लगा था। बताया जाता है कि इस्राइल ने मेजर जनरल हुसैन सलामी को खत्म करने के लिए इसका इस्तेमाल किया। 13 जून, 2025 को, सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध खुफिया समर्थित ऑपरेशन में, इस्राइल ने ईरान की परमाणु सुविधाओं और बैलिस्टिक मिसाइल स्थलों और इसके शीर्ष जनरलों और दो दर्जन से अधिक परमाणु वैज्ञानिकों के आवासों पर बमबारी की, जिससे वे सभी मारे गए। इस हमले के लिए इस्राइल ने बड़े पैमाने पर तैयारी की थी। इस्राइल ने 2015 में हुए ईरान-अमेरिका परमाणु समझौते का विरोध किया था। इस्राइल ने ईरानी परमाणु कार्यक्रम के जनक मोहसिन फखरीजादेह की 2020 में हत्या की थी। वह नब्बे के दशक से नियमित रूप से ईरानी परमाणु वैज्ञानिकों को खत्म करता रहा है। अप्रैल 2024 में, इसने दमिश्क में ईरानी दूतावास पर बमबारी की, जिसमें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के आठ अधिकारी मारे गए थे। सितंबर 2024 में एक साथ कई पेजर और वॉकी-टॉकी विस्फोट में कई हिजबुल्ला लड़ाके मारे गए थे और सैकड़ों घायल हुए थे, जिसके पीछे इस्राइल का हाथ बताया जाता है। इस्राइल ने हमेशा कहा है कि ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम उसके 'अस्तित्व के लिए खतरा' हैं। ईरान की ही तरह हमास, हिजबुल्ला और हूती यहूदी राज्य के विनाश के लिए प्रतिबद्ध हैं। 2005 में ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने कहा था, 'इस्राइल को नक्शे से मिटा दिया जाना चाहिए।' 13 जून को घंटों चला इस्राइली हमला 1979 की क्रांति के बाद से इस्लामिक गणराज्य ईरान के लिए सबसे बड़ा सैन्य झटका है। 200 से अधिक इस्राइली विमानों ने 100 से अधिक स्थलों पर हमला किया, जिससे ईरान को व्यापक क्षति हुई। इन विमानों ने 4,000 किलोमीटर की यात्रा की। जाहिर है, इनमें अमेरिका एवं उसके सहयोगी देशों ने ईंधन भरा होगा। उन्होंने इराकी, सऊदी और जॉर्डन के हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल किया। उसके बाद से दोनों तरफ से हमला जारी है और इस जंग के जल्द खत्म होने के आसार नहीं दिखते। अपने लोगों से लंबी अवधि के लिए भंडार जमा करने का आह्वान करते हुए इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ये हमले 'इस्राइल के अस्तित्व के लिए ईरानी खतरे को खत्म करने के लिए एक लक्षित सैन्य अभियान' थे। एक इस्राइली सैन्य अधिकारी ने कहा कि इस्राइल 'दर्जनों' परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमला कर रहा है, क्योंकि ईरान के पास कुछ ही दिनों में 15 परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त सामग्री है। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने इस्राइल पर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं और इस्राइल ने तेहरान में हवाई हमलों का दूसरा दौर शुरू कर दिया।

> *इस्राइल ने हमेशा कहा है कि ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम उसके 'अस्तित्व के लिए खतरा' हैं।*

# वैश्विक खेल जगत में महाशक्ति बनता भारत



व र्ष 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय खेल, वैश्विक मंच पर जमीनी स्तर से लेकर विश्व विजेता मंच तक, प्रधानमंत्री की भविष्यदृष्टि ने खेलों के प्रति भारत के दृष्टिकोण को बदल कर रख दिया है। इससे विश्व स्तरीय सहायता, अत्या्धुनिक सुविधाएं तथा प्रतिभा और कड़ी मेहनत को पुरस्कृत करने की पारदर्शी प्रणाली सुनिश्चित हुई है।हाल में, भारतीय एथलीटों ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर अपने असाधारण प्रदर्शनों से देश को गौरवान्वित किया है।दक्षिण कोरिया के गुमी में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 या मंगोलिया के उलानबटार में चौथी विश्व कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला हो, हमारे खिलाडि़यों ने धैर्य और गौरव के साथ दमदार प्रदर्शन किया। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में, भारतीय दल ने शानदार प्रदर्शन कर 24 पदक हासिल किए और इस दौरान कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी ध्वपस्त् कर दिए। इसी दौरान हमारी महिला पहलवानों ने इतिहास रच दिया। मंगोलिया से वे रिकॉर्ड 21 पदक जीतकर लौटीं जो विश्व कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला में उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। पर यह सफलता रातोंरात नहीं मिली है। इससे पहले, भारत ने पूर्व के 23 आयोजनों (आजादी से पहले सहित) में केवल 26 ओलंपिक पदक जीते थे। जबकि 2016, 2020 और 2024 के पिछले तीन आयोजनों में ही भारत ने 15 पदक जीते हैं। पैरालिंपिक खेलों में प्रदर्शन और भी बेहतर रहा है। 1968 से 2012 के बीच कुल 8 पदक जीतने वाले भारत ने पिछले तीन आयोजनों में 52 पदक हासिल किए हैं, जिसमें पेरिस 2024 में जीते गए रिकॉर्ड 29 पदक शामिल हैं।ये उपलब्धियां कोई संयोग नहीं हैं। ये पिछले ग्यारह वर्षों में तैयार किए गए प्रदर्शन-संचालित पारिस्थितिकी तंत्र का सुखद परिणाम हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट और केंद्रित दृष्टिकोण है कि प्रत्येक एथलीट, चाहे उसकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो उसे विश्व स्तरीय प्रशिक्षण, ढांचागत सुविधा, वित्तीय सहायता, एथलीट-केंद्रित सुशासन और आगे बढ़ने के लिए पारदर्शी प्रणाली की पहुंच मिलनी चाहिए। वर्ष 2014 से मोदी सरकार ने परिवर्तनकारी बदलाव से मजबूत नींव रखकर भारतीय खेलों के परिदृश्य को नया रूप दे दिया है। इन सुधारों के केंद्र में शीर्ष एथलीटों की पहचान करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए 2014 में आरंभ की गई टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना-टॉप्सथ (टीओपीएस) शामिल है। 75 एथलीटों के साथ आरंभ हुई यह योजना अब लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक आयोजन के लिए 213 खिलाड़ियों को सहयोग देने के साथ व्याएपक हो गई है। इसमें 52 पैरा-एथलीट और विकास श्रेणी के 112 एथलीट शामिल हैं। उन खेल संवर्गों में एथलीटों को मदद देने की नई योजनाएं भी आरंभ की गई हैं, जिन पर पारंपरिक रूप से कम ध्यान जाता है। इस वर्ष आरंभ किया गया लक्ष्य एशियाई खेल समूह (द टार्गेट एशियन गेम्सर ग्रुप-टीएजीजी) तलवारबाजी, साइकिलिंग, घुड़सवारी, नौकायन, कयाकिंग और कैनोइंग, जूडो, ताइक्वांडो, टेनिस, टेबल टेनिस और वुशू जैसे 10 खेलों में 40 पदक संभावनाएं बढ़ाता है। खिलाडि़यों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के प्रयासों में दूरदर्शिता के साथ-साथ वित्तीय प्रतिबद्धता भी महत्वकपूर्ण है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय का बजट पिछले दशक में तीन गुना से अधिक हो गया है और यह 2013-14 के महज 1,219 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 3,794 करोड़ रुपये पहुंच गया है। जमीनी स्तर पर बुनियादी खेल ढांचा विकसित करने और वर्ष भर प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2017 में आरंभ की गई खेलो इंडिया योजना का बजट इस वर्ष बढ़कर 1,000 करोड़ रुपये हो गया है। इन निवेशों से खेल प्रतिभाएं पोषित हो रही हैं और युवा एथलीटों के लिए एक जीवंत प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र निर्मित हो रहा है।राष्ट्रीय खेल महासंघों को भी अभूतपूर्व व्यापक समर्थन मिला है। अंतर्राष्ट्रीय आयोजन और राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने के लिए उन्हेंभ दी जाने वाली वित्तीय सहायता लगभग दोगुनी हो गई है। खेल प्रशिक्षकों-कोच को दी जाने वाली राशि में 50 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए एथलीटों के खुराक भत्ते में बढ़ोतरी की गई है। ऐसे केंद्रित प्रयास भारत को अपनी पदक क्षमता में विविधता लाने और विभिन्नु खेलों में उत्कृमष्टकता हासिल करने में सहायक बन रहे हैं। पारदर्शिता पर जोर इस दिशा में किए गए सबसे प्रभावशाली सुधारों में एक है। सभी महासंघों को अब चयन प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग और प्रमुख आयोजनों के लिए चयन मानदंड दो साल पहले ही निर्धारित करना आवश्यक बनाया गया है।इससे निष्पक्षता के साथ ही एथलीटों में विश्वास बढ़ता है और यह व्यवस्था् को योग्यता आधारित बनाती है। एथलीट-केंद्रित सुधार निश्चित रूप से हाल की खेल नीति निर्माण में उल्लोखनीय रहे हैं। खेल प्रमाणपत्र अब डिजिलॉकर द्वारा जारी किए जाते हैं जो राष्ट्रीय खेल रिपोजिटरी प्रणाली से जुड़े होते हैं। इससे एथलीटों को सुरक्षित और हेराफेरी से मुक्त डेटा रिकॉर्ड सुनिश्चित होता है।राष्ट्री य खेल नीति 2024 और राष्ट्रीलय खेल प्रशासन विधेयक के मसौदे का कार्य अभी अपने अंतिम चरण में है। इनका उद्देश्य खेल पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करना और खिलाड़ियों के कल्याण को नीति निर्धारण के केंद्र में लाना है। आयु संबंधी धोखाधड़ी से अब नई मेडिकल जांच और सख्त दंड के प्रावधानों द्वारा निपटा जा रहा है। भारत, भविष्य में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों और 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दावेदारी की तैयारी कर रहा है। इसके लिए खेलो इंडिया के तहत स्कूल गेम्स, ट्राइबल गेम्स, नॉर्थईस्ट गेम्स, वाटर गेम्स, मार्शल आर्ट्स गेम्स और स्वदेशी गेम्स जैसे नए क्षेत्रों में खेल आरंभ किए जा रहे हैं ताकि साल भर प्रतिस्पर्धा और प्रतिभा की खोज सुनिश्चित हो सके। आगामी खेलो इंडिया स्कूल गेम्स कम आयु में ही एथलीटों की पहचान और उन्हें प्रशिक्षित कर खेल पारिस्थितिकी तंत्र में नई प्रतिभा को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सिर्फ खेल ही नहीं, फिटनेस के प्रति सामुदायिक भागीदारी के उद्देश्यभ से दिसंबर 2024 में आरंभ किए गए फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान ने भी गति पकड़ ली है। सिर्फ 150 प्रतिभागियों के साथ आरंभ हुआ यह अभियान अब 10,000 स्थाभनों पर विस्ताफरित हो गया है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को सही सिद्ध करते हुए फिट इंडिया मूवमेंट देश के हर घर तक फिटनेस का संदेश पहुंचा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भविष्य दृष्टि योजना है कि जब हम 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करें तो भारत खेलों में शीर्ष 10 देशों में शामिल हो और 2047 में आजादी के सौ वर्ष पूरे होने तक शीर्ष 5 देशों में शामिल हो जाए।

आज की बात



**डॉ. मनसुख मांडविया**
केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री व केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री

## प्लेन हादसा जानबूझ कर नहीं होता

भा रत के अहमदाबाद एयरपोर्ट से प्लेन के टेक ऑफ करने के तुरंत बाद मेघानीनगर इलाके में यह हादसा हुआ है। विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था, प्लेन में 12 क्रू मेंम्बर्स (दो पायलट समेत) और 230 यात्रियों सहित कुल 242 लोग सवार थे मौत का आकड़ा बढ़ कर 285 तक हो गई यह याद रखना ज़रूरी है कि अगर आप हवाई यात्रा कर रहे हैं तो विमान दुर्घटना की संभावना बेहद कम है। फिर भी, कई सालों बाद भी ऐसी घटनाएँ होती रहती हैं। ब्लैक बॉक्स को वापस लाने के बाद पता चला कि टेकऑफ़ के दौरान, एक निश्चित ऊँचाई पर पहुँचने के बाद विमान के सिस्टम फेल हो गए थे और पायलट ने इस समस्या के बारे में एयर ट्रैफ़िक कंट्रोल को सूचित किया था। दुर्घटनाओं पर शोध करने वाले जांचकर्ताओं को अभी तक इस घटना को किसी विशिष्ट कारण से जोड़ने वाले प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिले हैं। इस रहस्य को वैज्ञानिक रूप से समझाने के लिए, हम समझते हैं कि जब किसी विमान में कोई समस्या आती है, तो पायलट आमतौर पर एयर ट्रैफ़िक कंट्रोल से सहायता माँगता है। हालाँकि, यह दुर्घटना इतनी अचानक हुई कि प्रमुख देशों के विशेषज्ञ अब इसे सुलझाने के लिए काम कर रहे हैं। एक ही समाधान के बजाय, जाँच के कई रास्ते अपनाए जा रहे हैं। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि विमान में उड़ान भरने से दुर्घटनाओं का जोखिम बहुत कम होता है, लेकिन कई सालों बाद भी घटनाएँ हो सकती हैं। सभी वस्तुएँ गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में चलती हैं, जबकि हवाई जहाज लगभग शून्य गुरुत्वाकर्षण वातावरण में काम करते हैं। एक विमान में टर्बाइन ब्लेड होते हैं जो हवा को काटते हैं और पंख जो दिशा और स्थिरता प्रदान करते हैं। टर्बाइन एक ऐसी मशीन है जो ऊर्जा के एक रूप को दूसरे में परिवर्तित करती है, जैसे गतिज ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में या भाप ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलना। टर्बाइन घूर्णी गति के माध्यम से यांत्रिक ऊर्जा उत्पन्न करते हैं। परिवहन दुर्घटना आग पर सबसे शुरुआती अमेरिकी अध्ययनों में से एक ने संकेत दिया कि 1946 में लगभग 15 प्रतिशत अमेरिकी वाणिज्यिक एयरलाइन दुर्घटनाओं में दुर्घटना के बाद आग लग गई थी। इस रिपोर्ट ने उड़ान के दौरान और दुर्घटना के बाद की आग से संबंधित ईंधन गुणों और प्रज्वलन स्रोतों की जांच की।1951 में एसएई (सोसाइटी ऑफ ऑटोमोटिव इंजीनियर्स, एक अमेरिकी संगठन है) की एक बैठक में नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के इंजीनियर द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट में कहा गया था कि 1938 और 1951 के बीच, आग न लगने वाली दुर्घटनाओं के कारण 60.8 प्रतिशत यात्रियों की मृत्यु हुई, जबकि आग से जुड़ी दुर्घटनाओं में मृत्यु दर 84.6 प्रतिशत थी। इस पत्र में दुर्घटना जांच के निष्कर्षों के साथ-साथ ब्लैडर टैंक और सेल्फ-सीलिंग फिटिंग के परीक्षण पर चर्चा की गई थी। 1966 में किए गए सिविल एरोनॉटिक्स बोर्ड के एक अध्ययन में 1955 से 1964 के बीच हुई 153 दुर्घटनाओं की जाँच की गई, जो या तो आग के कारण हुई थीं या आग के परिणामस्वरूप हुई थीं। इसमें शामिल 4,559 यात्रियों और चालक दल में से 1,955 गंभीर रूप से घायल हुए, कुल मिलाकर, इन घटनाओं में 1,161 लोग शामिल थे, जिनमें 488 (42%) ने अपनी जान गंवाई। मौतों में से 294 (60%) आग के कारण हुईं और अन्य 57 व्यक्ति गंभीर रूप से जल गए। 79 दुर्घटनाएं जो घातक थीं या जिनमें आंशिक रूप से बचने की संभावना थी, उनमें 294 (15%) की मौत आग के कारण हुई। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**संजय गोस्वामी**

रानी लक्ष्मीबाई पुण्यतिथि पर विशेष

# स्वतंत्रता की पहली शहीद रानी, मां व योद्धा

18 जून 1858 - वह तारीख जब भारत की धरती ने न केवल एक रानी को खोया, बल्कि एक ऐसी क्रांति की ज्वाला को वीरगति प्राप्त करते देखा, जिसने अंग्रेजी साम्राज्य की नींव को हिलाकर रख दिया। ग्वालियर के रणक्षेत्र में, अपने पुत्र को पीठ पर बांधे, तलवार से दुश्मनों को चीरती हुई रानी लक्ष्मीबाई ने न केवल युद्ध लड़ा, बल्कि स्वतंत्रता की उस अग्नि को प्रज्वलित किया, जो आज भी हर भारतीय के हृदय में धधकती है। वह पल केवल एक योद्धा का अंत नहीं था, वह इतिहास के स्वर्णिम पन्नों पर अमर होने वाली एक अनुपम गाथा का प्रारंभ था। रानी लक्ष्मीबाई की गाथा - साहस, बलिदान और स्वाभिमान की गाथा। रानी लक्ष्मीबाई का जन्म 19 नवंबर 1828 को वाराणसी में हुआ। बचपन में 'मनु' कहलाने वाली यह बालिका साधारण नहीं थी। घुड़सवारी, तलवारबाजी और युद्धकला में निपुण मनु ने बचपन से ही यह सिद्ध कर दिया था कि वह नारीत्व की पारंपरिक परिभाषाओं को तोड़ने के लिए जन्मी है। उनके पिता मोरोपंत तांबे और माता भागीरथी बाई ने उन्हें न केवल संस्कार दिए, बल्कि स्वतंत्र चेतना और साहस का वह बीज बोया, जो आगे चलकर झांसी की रानी के रूप में अंकुरित हुआ। विवाह के पश्चात झांसी के राजा गंगर राव की रानी बनने के बाद, लक्ष्मीबाई ने अपने प्रशासनिक कौशल और प्रजा-प्रेम से झांसी को समृद्ध किया। किंतु, नियति ने उनके लिए एक कठिन मार्ग चुना। 1853 में राजा गंगाधर राव के निधन और उनके दत्तक पुत्र दामोदर राव को उत्तराधिकारी मानने से अंग्रेजों के इंकार ने झांसी के लिए संकट ला खड़ा किया। ब्रिटिश सरकार ने 'डॉक्टिन ऑफ लैप्स' के तहत झांसी को अपने साम्राज्य में मिलाने की साजिश रची। उस समय रानी लक्ष्मीबाई का वह ऐतिहासिक कथन -"मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी"- केवल एक प्रतिज्ञा नहीं थी, यह अन्याय के विरुद्ध उठा एक ऐसा स्वर था, जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की पहली चिंगारी बना। यह वाक्य न केवल झांसी की रक्षा का संकल्प था, बल्कि समूचे भारत के स्वाभिमान की हुंकार था। 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम भारत के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ था, और रानी लक्ष्मीबाई इस क्रांति की प्रखर नायिका के रूप में उभरीं। उन्होंने न केवल झांसी की रक्षा के लिए सेना को संगठित किया, बल्कि महिलाओं को युद्धकला में प्रशिक्षित कर एक नया इतिहास रचा। झलकारी बाई, सुंदर-मुंदर जैसी वीरांगनाएं उनकी प्रेरणा से रणभूमि में उतरीं और अंग्रेजों के दांत खट्टे किए। रानी का युद्ध-कौशल और रणनीति इतनी प्रभावशाली थी कि ब्रिटिश सेनानायक ह्यू रोज़ ने स्वयं उनकी प्रशंसा की। झांसी के किले की रक्षा में रानी ने जिस अदम्य साहस का परिचय दिया, वह किसी भी सैन्य इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। जब झांसी का किला अंग्रेजों के हाथों में चला गया, तब भी रानी ने हार नहीं मानी। अपने पुत्र को पीठ पर बांध, घोड़े पर सवार होकर वह काल्पी पहुंचीं। वहां से तात्या टोपे और अन्य क्रांतिकारियों के साथ मिलकर उन्होंने ग्वालियर पर कब्जा कर लिया। ग्वालियर में रानी ने न केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया, बल्कि अपनी कूटनीतिक सूझबूझ से क्रांति को नई दिशा दी। किंतु अंग्रेजों ने कोटा की सराय में उन्हें घेर लिया। 18 जून 1858 को, मात्र 29 वर्ष की आयु में, रानी लक्ष्मी ने अपने अंतिम युद्ध में बलिदान दे दिया। कहा जाता है कि वह अंत तक लड़ीं, और अपनी तलवार की धार से दुश्मनों को पीछे धकेलती रहीं। उनकी मृत्यु एक देह का अंत नहीं, बल्कि एक ऐसी प्रेरणा का जन्म था, जो आज भी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की नींव में बस्ती है। रानी लक्ष्मीबाई का जीवन केवल युद्ध की कहानी नहीं, यह नेतृत्व, आत्मबल और रणनीति का एक जीवंत पाठ है। एक युवा रानी, जिसने राजनीतिक कूटनीति, प्रशासनिक कौशल और सैन्य संगठन को अपने साहसिक निर्णयों से जोड़ा, वह केवल रणभूमि की नायिका नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जागरण की अग्रदूत थीं। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि स्वतंत्रता किसी जाति, वर्ग या लिंग की बपौती नहीं, बल्कि हर उस आत्मा का अधिकार है, जो अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का साहस रखती है। उनकी ज्वाला ने न केवल 1857 की क्रांति को प्रेरित किया, बल्कि महात्मा गांधी, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस जैसे अनगिनत क्रांतिकारियों के हृदय में स्वतंत्रता की चिंगारी जलाई। रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर उन्हें स्मरण करना केवल एक रस्म नहीं, बल्कि एक आत्ममंथन है। क्या हम उस स्वतंत्रता के सच्चे उत्तराधिकारी हैं, जिसके लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी? उनका जीवन हमें सिखाता है कि स्वाधीनता कोई उपहार नहीं, बल्कि तप, त्याग और संघर्ष से अर्जित किया जाने वाला अधिकार है। उन्होंने भारतीय नारी की उस शक्ति को प्रदर्शित किया, जो जब जागती है, तो साम्राज्यों को भस्म कर सकती है। उनकी तलवार की चमक आज भी इतिहास के पन्नों से झांकती है, उनकी आवाज आज भी हर उस आत्मा को पुकारती है, जो स्वाभिमान के लिए जीती है। रानी लक्ष्मीबाई चली गईं, पर वे अमर हो गईं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

तनहाई से दोस्ती, तनहाई से प्यार।
तनहाई अब हो गई, मानो रिश्तेदार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# आभार : एक छोटी आदत, जो मानवता और प्रकृति दोनों को बचा सकती है

आ धुनिक युग में हम तकनीक से जुड़ते जा रहे हैं, लेकिन जीवन से और एक-दूसरे से कटते जा रहे हैं। हमारे पास सुविधाएं बढ़ रही हैं, लेकिन संतोष और मुस्कान कम होती जा रही है। शिकायतें, गुस्सा और नकारात्मकता इतनी आम हो गई हैं कि किसी के चेहरे पर कृतज्ञता की हल्की-सी झलक भी अब असामान्य लगती है। ऐसे समय में एक गुण है जो मानवता को फिर से जोड़ सकता है - वह है आभार। आभार केवल शिष्टाचार नहीं है। यह एक जीवनशैली है, एक मानसिक क्रांति है। यह वह दृष्टिकोण है जिससे हम दुनिया को एक बेहतर जगह बना सकते हैं - न तलवार से, न कानून से - बल्कि सिर्फ "धन्यवाद" कहने की आदत से।

### आभार और पर्यावरण : प्रकृति का सम्मान

जब हम आभार व्यक्त करना सीख जाते हैं, तो हम केवल इंसानों के प्रति ही नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति भी अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। जो व्यक्ति रोज़ सूरज की रोशनी, वायु, जल, वृक्षों और मिट्टी के लिए धन्यवाद कहता है, वह कभी इन्हें नुकसान नहीं पहुंचा सकता। वह न तो अनावश्यक रूप से पानी बर्बाद करेगा, न पेड़ों को काटेगा, न प्लास्टिक फैलाएगा। आभार का अभ्यास हमें उपभोग से दूर कर सेवा की भावना सिखाता है। यह पर्यावरण की रक्षा में एक आंतरिक प्रेरणा बन जाता है - क्योंकि हम उस चीज़ को नुकसान नहीं पहुंचाते जिसके लिए हम सचमुच कृतज्ञ होते हैं। इस तरह, आभार व्यक्त करना केवल मानवता की नहीं, बल्कि "नेचर को नर्चर" करने की दिशा में भी पहला कदम है।

### क्या होता है जब हम आभार व्यक्त करना सीख जाते हैं?

जब हम अपने जीवन की छोटी-छोटी बातों के लिए आभार व्यक्त करते हैं - सूरज की किरणों, एक कप चाय, माँ के हाथों के खाने, बच्चों की मुस्कान, या कठिन परिस्थितियों के लिए भी - तब हमारा दृष्टिकोण बदलता है। हम शिकायत करने के बजाय सीखने लगते हैं। नकारात्मकता की जगह शांति और संतुलन आ जाता है।

### आभार और बच्चों का मानसिक विकास

अगर हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सुसंस्कारित, शांत और सहृदय बनें, तो उन्हें शुरू से ही आभार की आदत सिखानी होगी। स्कूलों में "थैंक यू कार्ड", "आभार लेखन अभ्यास" जैसी गतिविधियाँ शुरू होनी चाहिए।

### मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए वरदान

आज जब विश्व मानसिक स्वास्थ्य संकट से गुजर रहा है, आभार एक चमत्कारी दवा की तरह सामने आया है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि आभार व्यक्त करने वाले लोग अधिक खुश रहते हैं, उनमें डिप्रेशन और एंग्ज़ायटी की संभावनाएं कम होती हैं।

### मानवता का सबसे सरल लेकिन सबसे शक्तिशाली उपाय

आज दुनिया को जितनी ज़रूरत शिक्षा, तकनीक या विकास की है, उतनी ही ज़रूरत सहानुभूति, नम्रता और कृतज्ञता की भी है। और इसकी शुरुआत कोई सरकार नहीं, कोई संस्था नहीं-बल्कि हम-आप और हमारे बच्चे कर सकते हैं। अगर हर इंसान सिर्फ 1 मिनट रोज आभार के साथ बिताए, तो यह धरती एक नई ऊर्जा से भर जाएगी। दुनिया में नफरत की आग ठंडी पड़ेगी और प्रेम, शांति और समझदारी की हवा बहेगी। आभार एक क्रांति है - शांति, प्रकृति और प्रेम की क्रांति। यह कोई भाषण नहीं, यह आत्मा की गहराई से निकला अभ्यास है। अगर आज से हम अपने जीवन, अपने रिश्तों और अपने पर्यावरण के लिए सच्चे मन से आभार व्यक्त करना शुरू कर दें — तो न केवल मानवता, बल्कि धरती माँ भी मुस्कुरा उठेगी।

(veenavlogs@gmail.com)



अलग बात



**वीणा देवांगन**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 18 जून को मनाई जाएगी कालाष्टमी

# भगवान कालभैरव की होगी विशेष पूजा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

आषाढ़ के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि पर कालाष्टमी का व्रत पूजन भी है। सप्तमी तिथि पर कालाष्टमी को लेकर कंफ्यूजन है। 18 या 19 जून को व्रत करें इसको लेकर असमंजस की स्थिति है लेकिन इसका उत्तर दृक पंचांग में उपलब्ध है। जिसके अनुसार कालाष्टमी 18 जून को ही मनाई जाएगी।

बुधवार के दिन कोई अभिजीत मुहूर्त नहीं है। इस दिन राहुकाल का समय सुबह 12:22 से दोपहर 02:07 तक रहेगा। 18 जून को बुधवार का दिन, कालाष्टमी और मासिक कृष्ण जन्माष्टमी का भी योग रहा है। वेदों में बुधवार के दिन व्रत रखने का प्रावधान है। आप चाहे तो सुख-शांति बुद्धि, समृद्धि और अच्छा स्वास्थ्य बनाए रहने के लिए बुधवार के दिन व्रत भी रख सकते हैं, लेकिन इस व्रत की शुरुआत किसी माह के शुक्ल पक्ष के बुधवार से ही कर सकते हैं, यह व्रत 7, 11 या 21 बुधवार तक रखा जाता है। वहीं व्रत रखने के लिए आप सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और फिर गणेश मंदिर में जाकर भगवान गणेश की पूजा करें। उन्हें हरी मूंग और दूर्वा चढ़ाएं। इसके अलावा, आप ॐ गं गणपतये नमः या ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः मंत्र का जाप भी कर सकते हैं, साथ ही भागवत पुराण का पाठ करना शुभ माना जाता है। भगवान गणेश को हलवा, बेसन के लड्डू या पंजीरी का भोग लगाएं और पूरे दिन निराहार रहें या फलाहार करें।




## रात्रि में होगी भगवान भैरव की विशेष पूजा

18 जून को दोपहर 1 बजकर 33 मिनट से आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि आरंभ होगी जो 19 जून को सुबह 11 बजकर 56 मिनट पर समाप्त होगी। कालाष्टमी की पूजा शाम में होती है, इसलिए व्रत 18 जून को रखा जाएगा। कालाष्टमी का व्रत सप्तमी तिथि के दिन भी हो सकता है। धार्मिक मूलग्रन्थ के अनुसार जिस दिन अष्टमी तिथि रात्रि को प्रबल होती है उस दिन इसका व्रत किया जाना चाहिए। कालाष्टमी के लिए व्रत के दिन का चयन करने के लिए दृक पंचांग सुनिश्चित करता है कि प्रदोष के बाद कम से कम एक घटी के लिए अष्टमी प्रबल होनी चाहिए। कालाष्टमी भगवान कालभैरव को समर्पित है। इस दिन भगवान भैरव की पूजा करने से भय, बाधा, और शत्रु बाधा से मुक्ति मिलती है। विशेषकर रात्रि में भैरव चालीसा, भैरव स्तोत्र या ओम कालभैरवाय नम: मंत्र का जाप करने से शुभ फल प्राप्त होते हैं।

## जातिगत जनगणना का अधिकार केवल केन्द्र के पास : भाजपा

**नई दिल्ली (हि.स.)** । भारतीय जनता पार्टी का कहना है कि राज्य सरकारें जातिगत जनगणना नहीं करा सकतीं, केवल सर्वे करा सकती हैं। कांग्रेस जनता को भ्रमित कर रही है, जबकि केंद्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना केंद्र स्तर पर ही की जाएगी। दिल्ली में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राज्यसभा सदस्य और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने इस मुद्दे पर आज कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह बार-बार जानबूझकर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है। त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जनता से जुड़ी सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जानकारी एकत्र करायेगी। यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तेलंगाना में हो रहे सर्वे को जनगणना बताकर जनता को गुमराह कर रही है। सच्चाई यह है कि राज्य केवल सर्वेक्षण कर सकते हैं, जनगणना का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। उन्होंने सवाल पूछा कि कांग्रेस की तेलंगाना सरकार में कितने ओबीसी मंत्री हैं। वहीं, आज देश में सबसे अधिक ओबीसी मंत्री केंद्र सरकार में हैं।



## नोटिफिकेशन में जाति जनगणना का जिक्र नहीं : पवन खेड़ा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्र सरकार ने जनगणना के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसके बाद से सियासत तेज हो गई है, विपक्षी दल भाजपा पर हमलावर हैं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा है कि नोटिफिकेशन में जाति जनगणना का कोई जिक्र नहीं किया गया है। उन्होंने सरकार की मंशा पर सवाल उठाया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, "जनगणना तो होगी, लेकिन इसमें जाति जनगणना का कोई जिक्र नहीं है। अगर इसकी तुलना तेलंगाना सरकार के आदेश से करें तो उस आधिकारिक आदेश में तीन बार 'जाति जनगणना' शब्द का स्पष्ट उल्लेख है, यहां तक कि इसे 'जाति सर्वेक्षण' भी कहा गया है। इसलिए इस सरकार की मंशा पर संदेह या आशंका होना स्वाभाविक है। क्योंकि सत्ताधारी पार्टी ने हमेशा इसका विरोध किया है।

वहीं पीएम मोदी के जी-7 की बैठक में हिस्सा लेने पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 साल के दौरान कई बैठकों में हिस्सा ले चुके हैं, देश को कोई लाभ होता तो दिखता नहीं है। अपनी वाहवाही



के लिए विदेश नीति नहीं होती है, यह देश को लाभ पहुंचाने के लिए होती है।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत के साथ कोई देश खड़ा नहीं दिखा, इस समय हम अकेले ही रहे। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद किसी भी राष्ट्र ने पाकिस्तान को आतंकी देश नहीं कहा, यह सब विदेश नीति की विफलताएं हैं। चीन, तुर्की, अजरबैजान और पाकिस्तान को आसानी से एडीबी, वर्ल्ड बैंक, आईएमएफ के लोन मिल रहे हैं। भारत सरकार ने अपने नागरिकों को तेहरान से निकलने की एडवाइजरी जारी की है, इस पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, "हम पिछले तीन दिनों से इस मुद्दे को उठा रहे हैं। हमारे कई छात्र कश्मीर में हैं। पिछले तीन दिनों से हम सरकार पर दबाव बना रहे हैं कि वह जाग जाए।

## पीएम मोदी 20 जून को करेंगे बिहार के सीवान का दौरा

### तैयारियों में जुटी बीजेपी, सम्राट चौधरी की खास अपील

**पटना (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून को बिहार पहुंचेंगे। पीएम मोदी का इस साल ये चौथा दौरा होगा। पीएम मोदी बिहार के सीवान में एक बड़े कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और राज्य को करोड़ों रुपये की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री मोदी के इस अहम दौरे से पहले मंगलवार को सम्राट चौधरी ने बिहार के लोगों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए साझा एक वीडियो संदेश में कहा, "मैं सभी लोगों से आग्रह करना चाहता हूं कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून को सीवान आ रहे हैं। आपसे आग्रह है कि लाखों की संख्या में जुटें। बिहार के विकास में देश के प्रधानमंत्री मोदी का आशीर्वाद मिल रहा है। लोगों से अपील है कि आप लोग इसका लाभ उठाने की कोशिश करें। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सम्राट चौधरी ने कहा, "नगर विकास के क्षेत्र में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसके साथ कई ऐसी योजनाएं



हैं, जो बिहार को समर्पित करने का काम पीएम मोदी करेंगे, उसमें सभी लोग आएं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। सम्राट चौधरी ने फिर से बिहार की जनता से अपील करते हुए कहा कि "आप सभी लोग लाखों की संख्या में जुटकर पीएम नरेंद्र मोदी की बातों को सुनने का काम करें।

बीजेपी की राज्य इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल भी मंगलवार को पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेंगे। दिलीप जायसवाल ने खुद इसकी जानकारी दी है। उन्होंने सीवान में एनडीए के नेताओं की एक बैठक भी बुलाई है। उन्होंने 16 जून को सीवान के सुपौली में भी पीएम मोदी के कार्यक्रम से पहले कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

# एक ही दिन में एआई ने कैंसल कर दी दूसरी फ्लाइट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

मंगलवार को दिल्ली से पेरिस के लिए रवाना होने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट को अनिवार्य उड़ान-पूर्व जांच के दौरान तकनीकी समस्या का पता चलने के बाद रद्द कर दिया गया है। एयरलाइन के प्रवक्ता के अनुसार, अनिवार्य उड़ान-पूर्व जांच के दौरान फ्लाइट AI143 में कुछ समस्याएं पाई गईं, और तकनीकी टीम द्वारा वर्तमान में समस्या का समाधान किया जा रहा है। समय की कमी और पेरिस चार्ल्स डी गॉल एयरपोर्ट पर रात के समय के प्रतिबंधों के तहत आने वाली फ्लाइट के कारण, एयरलाइन के पास सेवा रद्द करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

प्रवक्ता ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप, 18 जून को पेरिस से दिल्ली के लिए वापसी की फ्लाइट AI142 को भी रद्द कर दिया गया है। प्रवक्ता ने कहा, "हमें अपने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है और हम उन्हें जल्द से जल्द उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर रहे हैं। हम होटल में ठहरने की व्यवस्था कर रहे हैं और यात्रियों द्वारा विकल्प चुनने पर रद्दीकरण या मानार्थ पुनर्निर्धारण पर पूर्ण धन वापसी की पेशकश भी कर रहे हैं।

दिल्ली से पेरिस की उड़ान मंगलवार को रद्द होने वाली एयर इंडिया की दूसरी उड़ान है। अहमदाबाद एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि इससे पहले आज अहमदाबाद-लंदन गैटविक फ्लाइट (AI 159) को बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान की अनुपलब्धता के कारण रद्द कर दिया गया था। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, "अहमदाबाद से गैटविक जाने वाली उड़ान संख्या एआई159 को आज विमान की अनुपलब्धता के कारण रद्द कर दिया गया है, जो हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों और अतिरिक्त एहतियाती जांचों के कारण हुआ, जिसके कारण विमानों को सामान्य से अधिक समय तक वापस लौटना पड़ा, न कि किसी तकनीकी खराबी के कारण, जैसा कि दावा किया गया था।

## दिल्ली से पेरिस के बीच दो फ्लाइट रद्द



दिल्ली से पेरिस की उड़ान मंगलवार को रद्द होने वाली एयर इंडिया की दूसरी उड़ान है

### एयर इंडिया के एक और विमान में आई तकनीकी खराबी

## अहमदाबाद से लंदन जाने वाली फ्लाइट कैंसिल

**अहमदाबाद (आईएएनएस)** । अहमदाबाद विमान हादसे के बाद एयर इंडिया की फ्लाइट में लगातार तकनीकी खामियां मिल रही हैं। इस बीच, अहमदाबाद से लंदन जाने वाली एयर इंडिया की एक और फ्लाइट रद्द हो गई है। जानकारी के अनुसार, एयर इंडिया फ्लाइट के उड़ान से कुछ घंटे पहले ही उसमें तकनीकी खराबी का पता चला था। इसके बाद एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई 159 को रद्द कर दिया गया। यह फ्लाइट अहमदाबाद से लंदन के लिए मंगलवार दोपहर 1:10 बजे रवाना होने वाली थी, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण फ्लाइट रद्द कर दी गई। पता चला है कि एयर इंडिया की फ्लाइट में 200 से अधिक लोग यात्रा करने वाले थे, जो फ्लाइट के कैंसिल होने से प्रभावित हुए हैं। इससे पहले, मंगलवार को कोच्चि से दिल्ली जा रहे इंडिगो के विमान की बम की सूचना मिलने के बाद नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग की गई थी। इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2706 ने कोच्चि से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। विमान को बम की धमकी के बाद नागपुर में आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। पुलिस और अग्निशमन दल विमान की जांच कर रहे हैं। मंगलवार सुबह ही सैन फ्रांसिस्को से मुंबई आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट को कोलकाता में खाली कराया गया था।

### इंदौर में उद्यान अधिकारी के घर-ऑफिस पर ईओडब्ल्यू का छापा,

## 2 करोड़ रुपए की संपत्ति का खुलासा

**इंदौर (आईएएनएस)**

मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर में आर्थिक अन्वेषण विंग (ईओडब्ल्यू) के दल ने नगर निगम में पौध खरीदी में हुए घोटाले की शिकायत पर उद्यान अधिकारी चेतन पाटिल के निवास और कार्यालय पर दबिश दी है। प्रारंभिक तौर पर की गई जांच में लगभग 2 करोड़ की संपत्ति का खुलासा हुआ है।



ईओडब्ल्यू के पुलिस अधीक्षक आर एस यादव ने आईएएनएस को बताया है कि निगम में पदस्थ चेतन पाटिल के खिलाफ दो शिकायतें मिली थीं, जिसमें से एक शिकायत में आय से अधिक संपत्ति और दूसरी में चार करोड़ रुपए से अधिक के पौधे खरीदने को लेकर थी। पौध खरीदी में बड़ी गड़बड़ी के आरोप लगाए गए थे। इन शिकायतों का ईओडब्ल्यू ने परीक्षण किया और न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक यादव ने बताया है कि प्रारंभिक तौर पर की गई कार्रवाई में इस तलाशी के दौरान दो भूखंड, एक आवास, 25 लाख की विभिन्न पॉलिसी, 20 लाख का सोना और एक लाख से ज्यादा की नगदी मिली है। कुल मिलाकर अभी तक जितनी संपत्ति का पता चला है, वह एक करोड़ 85 लाख होना पाया गया है। इनके वेतन के तौर पर देखें तो वह 15 लाख रुपए ही है। वहीं दस्तावेजों की छानबीन चल रही है और उनकी आय का पता किया जा रहा है।

### बेंगलुरु भगदड़ मामला

## हाईकोर्ट ने केएससीए, आरसीबी और डीएनए को प्रतिवादी बनाने का दिया आदेश

**बेंगलुरु (आईएएनएस)**

कर्नाटक हाईकोर्ट ने बेंगलुरु में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ मामले में मंगलवार को अहम सुनवाई की। यह भगदड़ उस समय हुई थी जब आईपीएल 2025 की विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाया जा रहा था। तब एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मौजूद फैंस की भीड़ में भगदड़ गई थी। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी।

हाईकोर्ट ने सुनवाई में राज्य सरकार की ओर पेश की गई स्थिति रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद यह आदेश पारित किया कि कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कार्यक्रम के आयोजक डीएनए एंटरटेनमेंट को इस मामले में प्रतिवादी बनाया जाए। हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया कि इन सभी नए प्रतिवादियों को शुक्रवार तक नोटिस भेजा जाए और अगली सुनवाई सोमवार को की जाएगी, जिसमें इनकी उपस्थिति अनिवार्य होगी। बता दें कि आरसीबी ने तीन जून को आईपीएल खिताब अपने नाम किया।



आरसीबी ने पंजाब किंग्स को शिकस्त देकर अपना पहला टाइटल जीता, जिसके अगले दिन जश्न समारोह रखा गया। इस जश्न समारोह के दौरान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाने आए फैंस के बीच भगदड़ मची थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हुई और कई घायल हो गए। जिस समय भगदड़ मची, तब आरसीबी के खिलाड़ी स्टेडियम में अंदर मौजूद थे।

हालांकि भगदड़ और लोगों की मौत की जानकारी मिलने के बाद प्रोग्राम को रोक दिया गया। विराट कोहली समेत कई खिलाड़ियों ने इस हादसे पर अपना गहरा दुख व्यक्त किया था। वहीं, इस भगदड़ के लिए जवाबदेही तय करने के क्रम में राज्य सरकार ने कई आला पुलिस अधिकारियों को भी सस्पेंड कर दिया था। वहीं, आरसीबी समेत चार पार्टियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके अलावा कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने नैतिक जिम्मेदारी के तहत अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। जिन अधिकारियों ने केएससीए अध्यक्ष रघुराम भट को अपना इस्तीफा सौंपा, उनमें सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ईएस जयराम का नाम शामिल है। इस मामले पर अगले दिन हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था।

### हावड़ा के रास्ते डिपोर्ट होगा बांग्लादेशी युवक, जबलपुर पुलिस ने किया था गिरफ्तार

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में गिरफ्तार एक बांग्लादेशी नागरिक को पुलिस वापस भेजने की तैयारी कर रही है। जबलपुर के खमरिया थाना क्षेत्र स्थित डुमना रोड पर बांग्लादेशी नागरिक पकड़ा गया था। वह अवैध रूप से भारत में घुस आया था और काफी दिनों से रह रहा था। अब बांग्लादेशी नागरिक को 22 जून को पश्चिम बंगाल के हावड़ा लाया जाएगा, जहां से उसे बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) और अन्य संबंधित एजेंसियों की निगरानी में बांग्लादेश वापस भेजा जाएगा।

जबलपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि डुमना पुलिस चौकी के स्टाफ ने 27 मई को एक युवक को संदिग्ध हालत में पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम रहमत अली बताया और मूल निवास बांग्लादेश के बागुड़ जिले के रामचंद्रपुर गांव को बताया। रहमत ने कहा कि वो अपने 9 दोस्तों के साथ खाना खाने निकला था, लेकिन रास्ते में उसके दोस्त गायब हो गए और वो भटकते-भटकते जबलपुर आ गया। पुलिस के अनुसार, युवक मानसिक रूप से कमजोर प्रतीत हो रहा था।

## आज का राशिफल

**मेष :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

**मिथुन :** सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

**कर्क :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**सिंह :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**कन्या :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। यात्रा का योग हैं।

**तुला :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे।

**धनु :** आलस्य का त्याग करें। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। धन वृद्धि होगी।

**मकर :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कुंभ :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सशक्तिकरण** श्रमिक कल्याण योजनाओं ने देशभर में लाखों श्रमिकों को आर्थिक संबल प्रदान किया

# श्रम कल्याण योजनाओं से 50 लाख श्रमिक हुए सशक्त

- असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को ई-श्रम पोर्टल जैसे प्लेटफार्मों पर सरल पंजीकरण की सुविधा मिली

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्र सरकार ने मंगलवार को जानकारी दी कि देश में कल्याणकारी योजनाओं ने 50 लाख से अधिक श्रमिकों और उनके परिवारों को सहायता प्रदान की है। श्रम कल्याण महानिदेशालय (डीजीएलडब्ल्यू) के माध्यम से श्रम और रोजगार मंत्रालय ने भारत में असंगठित श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कल्याणकारी योजनाओं की एक सीरीज को लागू करना जारी रखा है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "50 लाख से अधिक श्रमिकों और उनके परिवारों पर सीधे प्रभाव डालने वाली ये योजनाएं श्रमिकों के कल्याण और अधिकारों की रक्षा के लिए डिजाइन की गई रणनीति की आधारशिला हैं। वेलफेयर फ्रेमवर्क के प्रमुख घटकों में से एक शिक्षा सहायता योजना है, जो बीड़ी और गैर-कोयला खदान श्रमिकों के बच्चों के लिए 1,000 रुपए से 25,000 रुपए तक की वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान करती है। नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) के माध्यम से कार्यान्वित की जाने वाली इस योजना के तहत हर साल एक लाख से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, जिसमें प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) पारदर्शी और समय पर वितरण सुनिश्चित करता है।

स्वास्थ्य योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा सहायता में डिस्पेंसरियों के राष्ट्रीय नेटवर्क के माध्यम से आउट पेशेंट सर्विस, साथ ही हृदय रोग, किडनी ट्रांसप्लांट, कैंसर, टीबी और माइनर सर्जरी जैसी गंभीर बीमारियों के लिए विशेष उपचार के लिए रिइंबर्समेंट शामिल है मंत्रालय के अनुसार, वित्तीय सहायता छोटी सर्जरी के लिए 30,000 रुपए से लेकर कैंसर के इलाज के लिए 7.5 लाख रुपए तक है, जिससे कम आय वाले श्रमिकों के लिए जीवन रक्षक स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच सुनिश्चित होती है।



### श्रमिकों के जीवन में सुधार लाती योजनाएं

2016 में शुरू की गई रिवाइज्ड इंटीग्रेटेड हाउसिंग स्कीम (आरआईएचएस) अब समाप्त हो चुकी है और इसे प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) में मिला दिया गया है, लेकिन मंत्रालय पात्र लाभार्थियों को 31 मार्च, 2024 तक लंबित किश्तों का वितरण जारी रखे हुए है। डीजीएलडब्ल्यू के तहत कार्यरत श्रम कल्याण संगठन (एलडब्ल्यूओ) 18 कल्याण आयुक्तों के एक सुव्यवस्थित नेटवर्क के माध्यम से देश भर में इन योजनाओं का संचालन करता है।

# डब्ल्यूटीसी का नया चक्र टेस्ट क्रिकेट को और भी ज्यादा रोमांचक बनाएगा : जय शाह

**एजेंसी। दुबई**

बीते हफ्ते दक्षिण अफ्रीका ने लॉर्ड्स के मैदान पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 चक्र का फाइनल जीता। अब डब्ल्यूटीसी के नए चरण की शुरुआत पर आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने खिलाड़ियों को शुभ कामनाएं दी हैं। नए चक्र की शुरुआत से ठीक पहले आईसीसी ने शाह के हवाले से एक प्रेस रिलीज जारी की, जिसमें उन्होंने कहा, "विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का तीसरा संस्करण लॉर्ड्स में शानदार तरीके से संपन्न हुआ। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका ने एक बेहतरीन मुकाबला खेला। अब हम अगले चरण का इंतजार कर रहे हैं। यह चैंपियनशिप टेस्ट फॉर्मेट को और भी अधिक जीवंत बनाएगी। नौ प्रतिस्पर्धी देशों में से चार डब्ल्यूटीसी के शुरुआती तीन चक्रों में फाइनल तक पहुंच चुके हैं।"

- **20 जून** से भारत-इंग्लैंड की टीमें भी अपने अभियान की शुरुआत करने जा रही हैं।
- भारत इस चक्र में 18 मैच खेलेगा, जो घरेलू और बाहरी मैदान पर बराबर-बराबर होंगे।









- ऑस्ट्रेलियाई टीम 25 जून से अपने नए चक्र की शुरुआत करने जा रही है।
- इंग्लैंड अपने मैदान पर 11 टेस्ट और बाहरी मैदान पर 10 टेस्ट खेलेगा।

उन्होंने आगे कहा, "खिलाड़ियों और फैंस के लिए कॉन्टेक्स्ट लाना, साथ ही उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा, लॉर्ड्स में बड़ी संख्या में लोगों का आना टेस्ट क्रिकेट की निरंतर लोकप्रियता का सबूत है। मैं इसके लिए सदस्य बोर्डों को धन्यवाद देना चाहता हूं। इसके साथ ही खिलाड़ियों को 2027 में अगले फाइनल के लिए अपनी यात्रा शुरू करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।"

डब्ल्यूटीसी चक्र 2025-27 की शुरुआत 17 जून से हो चुकी है। गाले में बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेला जा रहा है। इसके बाद 20 जून से भारत-इंग्लैंड की टीमें भी अपने अभियान की शुरुआत करने जा रही हैं।
भारत और इंग्लैंड आने वाले हफ्तों में हेडिंग्ले, एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और द ओवल में आमने-सामने होंगे।
ऑस्ट्रेलियाई टीम 25 जून से अपने नए चक्र की शुरुआत करने जा रही है। कंगारू टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट खेलने हैं। इस टीम ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के हाथों खिताब जीतने का मौका गंवाया है।
पिछले चक्रों की तरह इस बार भी नौ टीमें डब्ल्यूटीसी में हिस्सा लेंगी। प्रत्येक देश दो साल की अवधि के दौरान छह अन्य टीमों के साथ खेलेगा।
ऑस्ट्रेलिया घरेलू मैदान पर 11 मैच खेलेगा।

## आगामी तीसरे सत्र के लिए दो नई फ्रेंचाइजी विश्व पैडल लीग में शामिल

**एजेंसी। मुंबई**



इस साल फरवरी में भारत में सफल शुरुआत करने के बाद, विश्व पैडल लीग (डब्ल्यूपीएल) ने अपने तीसरे सत्र की वापसी की घोषणा की। भारतीय पैडल महासंघ द्वारा समर्थित यह लीग 12 से 16 अगस्त के बीच नेस्को सेंटर में होने वाली है। आगामी सत्र में, डब्ल्यूपीएल चार फ्रेंचाइजी से बढ़कर छह हो जाएगी, जिसमें दो नई टीमें शामिल होंगी। आगामी सत्र में मुंबई के बीचों-बीच पांच दिनों तक एक्शन से भरपूर मैच होने का वादा किया गया है, जिसमें शीर्ष वैश्विक पैडल खिलाड़ी शामिल होंगे।
आगामी सीजन के लिए उत्साह व्यक्त करते हुए, वर्ल्ड पैडल लीग की सह-संस्थापक हेमाली शर्मा ने कहा, "भारत में पैडल का विकास देखने लायक रहा है।
हमारे पिछले संस्करण के सिर्फ़ छह महीने बाद, डब्ल्यूपीएल का सीजन 3 एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि हम प्रतियोगिता के पैमाने का विस्तार कर रहे हैं और खेल के लिए नए मानक स्थापित कर रहे हैं।

# चेल्सी की जीत में चमके पेड्रो नेटो, जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता**



**अटलांटा।** चेल्सी ने लॉस एंजिल्स एफसी के खिलाफ 2-0 से जीत के साथ अपने फीफा क्लब विश्व कप अभियान की शुरुआत की है। चेल्सी के स्टार पेड्रो नेटो ने मुकाबले के 39वें मिनट पर गोल दागकर चेल्सी का खाता खोलने में मदद की। मैच जीतने के बाद पेड्रो ने शुरुआती गोल के लिए निकोलस जैक्सन के पास को श्रेय दिया है।
जैक्सन ने नेटो को एक बेहतरीन पास दिया, जिसका फायदा उठाकर पेड्रो ने ह्यूगो लॉरिस को पीछे छोड़ते हुए गोल दागा। इस गोल ने चेल्सी को अटलांटा में एलएएफसी के खिलाफ टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में शानदार जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई।
जीत के बाद नेटो ने फीफा से कहा, "मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैंने टीम में कई पोजिशन पर खेला है। यह क्लब के साथ मेरा पहला साल है। मैं इस समय जिस तरह से प्रदर्शन कर रहा हूं, उससे सच में खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं इसी तरह आगे भी खेलूंगा।"
अपने गोल के बारे में नेटो ने कहा, "मुझे पास के लिए निको का शुक्रिया अदा करना चाहिए। वह मेरे साथ थोड़ा मजाक कर रहे थे, क्योंकि मैंने (अपने जश्न के दौरान) उनका शुक्रिया अदा नहीं किया था, इसलिए मैं अब निको का बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करूंगा!"
नेटो 2024/25 सीजन के शानदार अंत के बाद क्लब वर्ल्ड कप के लिए यूएसए गए। उनके प्रदर्शन ने चेल्सी को प्रीमियर लीग में चौथा स्थान दिलाने में मदद की।

# स्मृति महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में बनीं नंबर वन




**एजेंसी। दुबई**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा मंगलवार को जारी नवीनतम अपडेट के अनुसार, भारत की स्टार स्मृति मंधाना ने नवंबर 2019 के बाद पहली बार महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में उठकर शीर्ष स्थान पर वापस आ गई हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट, वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले दो वनडे में 27 और 28 रन की पारी खेलने के बाद इंग्लैंड की नई कप्तान नैट सिवर-ब्रंट के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं।
वोल्वार्ट के शीर्ष पर छह महीने से अधिक समय तक बने रहने के बाद मंधाना अब 727 रेटिंग अंकों के साथ आराम से बैठी हैं। भारत की स्टार बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की हाल ही में त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल के दौरान अपने करियर का 11वां शतक बनाया। वोल्वार्ट की टीम की साथी, टैजमिन ब्रिट्स तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में अपने अर्धशतक की बदौलत पांच पायदान ऊपर चढ़कर 27वें स्थान पर पहुंच गईं, जो वर्तमान में दक्षिण अफ्रीका द्वारा बारबाडोस में दूसरे मैच में मेजबान टीम को 40 रनों से हराने के बाद बराबरी पर है। वेस्टइंडीज की जोड़ी शेमेन कैम्पबेल (सात पायदान ऊपर 62वें स्थान पर) और कियाना जोसेफ (12 पायदान ऊपर 67वें स्थान पर) ने भी वनडे बल्लेबाजों की सूची में बढ़त हासिल की है। अन्य बदलावों में, पूर्व प्रोटियाज कप्तान, सुने लुस ने दूसरे मैच में 76 रन बनाए और बल्लेबाजों की सूची में सात पायदान ऊपर चढ़कर 42वें स्थान पर पहुंच गईं। इस बीच, वेस्टइंडीज की सलामी बल्लेबाज कियाना जोसेफ ने अपने पहले मैच में 60 रनों की पारी खेली और 12 पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त 67वें स्थान पर पहुंच गईं। वेस्टइंडीज की स्पिनर एफी फ्लेचर ने गेंदबाजों की सूची में सबसे महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वेस्टइंडीज के हालिया मुकाबले में चार विकेट लिए और चार पायदान की छलांग लगाकर वनडे गेंदबाजों की सूची में 19वें स्थान पर पहुंच गईं। इस सूची में अभी भी इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर हैं।

> भारत की स्टार बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की हाल ही में त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल के दौरान अपने करियर का 11वां शतक बनाया।

# नीदरलैंड्स की नेपाल पर जीत




**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्लास्गो में सोमवार को एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला जब नीदरलैंड्स-नेपाल मैच तीसरे सुपर ओवर में पहुंच गया जहां पर नीदरलैंड्स ने यह रोमांचक मैच जीता। यह पहली बार है जब पुरुषों के पेशेवर क्रिकेट टी20 या लिस्ट ए मैच तीसरे सुपर ओवर में पहुंचा है। यह नीदरलैंड्स की टीम थी जो इस रोमांचक जंग में अंत में शीर्ष पर रहकर जीती।
नेपाल को आखिरी ओवर में जीत के लिए 16 रन चाहिए थे। नंदन यादव ने तेज गेंदबाज काइल क्लीन पर 2,1,4, 2, 2, 4 रन बनाते हुए मैच को पहले सुपर ओवर में ला दिया। इसके बाद बायें हाथ के स्पिनर डेनियल डोरम को सुपर ओवर दिया गया, जिसमें कुशल भुर्तल ने उन पर दो छक्के और एक चौका लगाते हुए 19 रन बना लिए। डोरम सामान्य समय में चार ओवर में केवल 14 रन देकर तीन विकेट ले गए थे। इसके बाद माइकल लेविट ने पहली गेंद पर छक्का और मैक्स ओ'डाउड ने आखिरी दो गेंद पर छक्का और चौका लगाते हुए मैच को दूसरे सुपर ओवर में पहुंचा दिया।
इसके बाद ललित राजबंशी पर पहली तीन गेंद पर दो छक्के लगे और फरि नीदरलैंड्स ने सुपर ओवर नंबर दो में 17 रन बनाए। रोहित पोडल ने इसके बाद पहली गेंद पर छक्का लगाया और फरि दिपेंद्र सिंह ऐरी ने चौका लगाया और अब आखिरी गेंद पर सात रन चाहिए थे। ऐरी ने क्लीन के ओवर में काउ कॉर्नर पर छक्का लगाते हुए मैच को तीसरे सुपर ओवर में पहुंचा दिया। ऑफ स्पिनर जैच लायन-कैचेट ने तीसरे सुपर ओवर की शुरुआत की और पौडल, रुपेश सिंह के विकेट निकाले और नेपाल एक भी रन नहीं बना पाया। इसके बाद संदीप लामिछाने पर लेविट ने लांग ऑन पर छक्का लगाते हुए टीम को रोमांचक जीत दिलाई। इससे पहले 152 रनों के लक्ष्य का बचाव करते हुए बायें हाथ के तेज गेंदबाज बेन फ्लेचर ने अपने टी20 करियर की शानदार शुरुआत की। उन्होंने लोकेश बाम को विकेट के पीछे आउट कराया।

## विश्व कप के बाद वनडे फॉर्मेट से संन्यास लेंगी न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान सोफी डिवाइन ने वनडे फॉर्मेट से रिटायरमेंट का ऐलान किया है। सोफी इस साल के अंत में महिला क्रिकेट विश्व कप के समापन के साथ वनडे फॉर्मेट को अलविदा कहेंगी। यह विश्व कप भारत और श्रीलंका में खेला जाना है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने सोफी डिवाइन की ओर से एक बयान साझा किया है, जिसमें उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि मेरे लिए कदम पीछे खींचने का सही समय आ गया है। मैं बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं कि मुझे इसमें एनजेडसी का समर्थन मिला है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## सस्ता हुआ सोना, चांदी ऑल-टाइम हाई पर पहुंची

**नई दिल्ली।** सोना खरीदारों के लिए खुशखबरी है। पीली धातु की कीमत में मंगलवार को 200 रुपए से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। वहीं, चांदी ने नया ऑल-टाइम हाई बनाया है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 226 रुपए कम होकर 99,147 रुपए हो गया है, जो कि पहले 99,373 रुपए था। 22 कैरेट के सोने का दाम कम होकर 90,819 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 91,026 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट के सोने की कीमत 74,530 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 74,360 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। सोने के विपरीत चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। चांदी का दाम 2,148 रुपए बढ़कर 1,09,100 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 1,06,952 रुपए प्रति किलो था। वायदा बाजार में सोने और चांदी दोनों में तेजी देखने को मिली है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 5 अगस्त 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.02 प्रतिशत बढ़कर 99,202 रुपए और चांदी के 4 जुलाई 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 1.91 प्रतिशत बढ़कर 1,08,600 रुपए थी।

## गूगल ने ऑनलाइन धोखाधड़ी को रोकने के लिए 'सुरक्षा चार्टर' लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** गूगल ने मंगलवार को 'सेफर विद गूगल इंडिया समिट' के दौरान अपने नए 'सुरक्षा चार्टर' का अनावरण किया। इससे भारत के डिजिटल स्पेस को सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी।
यह पहल यूजर्स को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने, जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने पर केंद्रित है कि एआई को जिम्मेदारी से विकसित किया जाए।
यह सुरक्षा चार्टर तीन प्रमुख लक्ष्यों के इर्द-गिर्द बना है जिसमें इंटरनेट यूजर्स को घोटालों और धोखाधड़ी से सुरक्षित रखना, सरकारों और व्यवसायों के लिए साइबर सुरक्षा को मजबूत करना और लोगों की सुरक्षा करने वाले जिम्मेदार एआई सिस्टम का निर्माण करना शामिल हैं। पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गूगल का 'डिजिकवाच' कार्यक्रम है, जो वित्तीय घोटालों के खिलाफ पहले ही एआई-पावर्ड प्रोडक्ट्स और जागरूकता अभियानों से 17.7 करोड़ से अधिक भारतीयों तक पहुंच चुका है।
गूगल के सिस्टम एआई के साथ और अधिक शक्तिशाली होते जा रहे हैं। इसकी सर्च अब 20 गुना अधिक घोटाले वाली वेबसाइटों की पहचान करती है और ग्राहक सेवा और सरकारी प्लेटफार्मों पर स्कैम अटैक में क्रमशः 80 प्रतिशत और 70 प्रतिशत की गिरावट आई है। मैसेजिंग में गूगल मैसेज हर महीने 500 मिलियन से ज्यादा स्कैम टेक्स्ट को ब्लॉक कर रहा है। भारत में बड़े स्तर पर इस्तेमाल किए जाने वाले गूगल पे ने संभावित धोखाधड़ी के बारे में यूजर्स को चेतावनी देने के लिए 4.1 करोड़ से ज्यादा अलर्ट भेजे हैं। इसने अकेले 2024 में 13,000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी को रोकने में भी मदद की। कंपनी के गूगल प्ले प्रोडेक्ट ने अक्टूबर 2024 में भारत में पायलट किए जाने के बाद से 1.3 करोड़ डिवाइस पर लगभग 6 करोड़ जोखिम भरे ऐप इंस्टॉल को ब्लॉक किया है।

# वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत का सेवा निर्यात चमक रहा : फियो

**एजेंसी। नई दिल्ली**

निर्यातकों के शीर्ष निकाय फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने कहा कि भारत के नवीनतम व्यापार आंकड़े देश के सेवा क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन को दर्शाते हैं, जो वैश्विक मांग में कमी, भू-राजनीतिक तनाव और उच्च ब्याज दरों की चुनौतियों के खिलाफ बफर के रूप में काम करना जारी रखता है। वैश्विक आर्थिक प्रतिकूलताओं के बावजूद, भारत के वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर समग्र निर्यात ने मजबूती दिखाते हुए मई 2025 में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। कुल निर्यात मई 2024 के 69.20 बिलियन डॉलर से बढ़कर 71.12 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा, "यह उछाल सेवा निर्यात, विशेष रूप से सॉफ्टवेयर, परामर्श और फाइनेंशियल सर्विस में निरंतर मजबूती के कारण हुआ है।"
रल्हन ने कहा, "निर्यातक कठिन वैश्विक माहौल के साथ अच्छी तरह से तालमेल बिठा रहे हैं। खासकर मध्य पूर्व में लॉजिस्टिक्स संबंधी व्यवधानों के बावजूद निर्यात वृद्धि को बनाए रखने की क्षमता इस क्षेत्र के नीतिगत समर्थन का प्रमाण है।"
वस्तु और सेवाओं के कुल आयात में मई 2024 के 78.55 बिलियन डॉलर की तुलना में मामूली गिरावट देखी गई, जो मई 2025 में 77.75 बिलियन डॉलर थी। यह आवश्यक इनपुट और सेवाओं के लिए स्थिर घरेलू मांग का संकेत देती है। रल्हन ने बताया कि वस्तुओं के आयात में गिरावट आयात प्रतिस्थापन और घरेलू क्षमता निर्माण में बढ़ती सफलता को दर्शाती है, जो सरकार के आत्मनिर्भरता के प्रयास के साथ जुड़ा है। निर्यात वृद्धि को बनाए रखने और तेज करने के लिए फियो अध्यक्ष ने ब्याज समानीकरण योजना के माध्यम से एमएसएमई के लिए निरंतर समर्थन की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने बाजार पहुंच को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से अमेरिका के साथ बीटीए के लिए त्वरित मुक्त व्यापार समझौता वार्ता, लेन-देन की लागत को कम करने के लिए व्यापार प्रक्रियाओं के सरलीकरण और डिजिटलीकरण और विभिन्न प्रक्रियात्मक मुद्दों को संबोधित कर ई-कॉमर्स निर्यात को निर्बाध बनाने पर जोर दिया।
भविष्य को देखते हुए, रल्हन ने सरकार से सेक्टर-स्पेसिफिक मुद्दों पर ध्यान बनाए रखने और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, टैलेंट डेवलपमेंट और टारगेटेड ग्लोबल प्रमोशन में निवेश कर भारत की बढ़ती सेवा शक्ति का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "उचित नीतिगत हस्तक्षेप और 2025 की दूसरी छमाही में वैश्विक स्थितियों के स्थिर होने की उम्मीद के साथ, भारत एक मजबूत निर्यात वृद्धि को फिर से हासिल करने के लिए अच्छी स्थिति में है।"



### आने वाले हफ्तों में कम होंगी खाद्य तेलों की कीमतें

**नई दिल्ली।** घरेलू खुदरा बाजार में आने वाले हफ्तों में खाद्य तेलों की कीमतों में गिरावट हो सकती है। इसकी वजह रिफाइनर्स की ओर से लागत में कमी को ग्राहकों को हस्तांतरित करना है। 2025 की पहली छमाही में वैश्विक स्तर पर मूल्य वृद्धि और मुद्रा के मूल्य में कमी के कारण खाद्य तेलों की कीमतों में कमी देखी गई थी। केयरएज द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया कि खाद्य तेलों की कीमतों में कमी आने की संभावना की वजह सरकार द्वारा 30 मई को कस्टम ड्यूटी में कटौती करना है।

## वैश्विक अस्थिरता से शेयर बाजार लाल निशान में बंद

**एजेंसी। मुंबई**



भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। दिन के अंत में सेंसेक्स 212.85 अंक या 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 81,583.30 और निफ्टी 93.10 अंक या 0.37 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,853.40 पर बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बिकवाली देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 389.20 अंक या 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,379.30 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 128.85 अंक या 0.69 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,420.35 पर था।
सेक्टोरल आधार पर ऑटो, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी और मीडिया लाल निशान में बंद हुए। केवल आईटी इंडेक्स ही हरे निशान में बंद हुआ।
सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, मारुति सुजुकी, टीसीएस, एनटीपीसी, एचसीएल टेक, एचयूएल, पावर ग्रिड और एक्सिस बैंक टॉप गेनर्स थे। सन फार्मा, इटरनल, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, नेस्ले, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील और टाइटन टॉप लूजर्स थे। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार रूपक दे ने कहा, "निफ्टी 25,000 के आसपास रुकावट का सामना कर रहा है। इसके लिए 24,850 एक अहम सपोर्ट है। अगर यह 25,000 से ऊपर निकलता है तो रैली देखने को मिल सकती है। वहीं, 24,850 के नीचे जाता है तो बिकवाली देखने को मिल सकती है।"

## भारत एक ब्राइट स्पॉट, सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा: एचएसबीसी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



एचएसबीसी ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि भारत इस साल की तीसरी तिमाही में वैश्विक स्तर पर निवेश के लिए एक उज्ज्वल स्थान बना रहेगा, जिसे मजबूत घरेलू उपभोग, अनुकूल व्यापार गतिशीलता और सहायक मौद्रिक नीति का समर्थन प्राप्त है। साथ ही, भारत की जीडीपी 2025 में 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जिससे यह सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन जाएगी। एचएसबीसी ने अपने लेटेस्ट इंवेस्टमेंट आउटलुक में कहा कि वह भारतीय इक्विटी और स्थानीय मुद्रा बॉन्ड पर सकारात्मक रुख बनाए रखता है। इक्विटी में यह लार्ज-कैप स्टॉक को प्राथमिकता देता है। साथ ही, अधिक घरेलू क्षेत्रों जैसे वित्तीय, स्वास्थ्य सेवाओं और उद्योगों पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह देता है। रिपोर्ट में कहा गया है, "मजबूत घरेलू उपभोग, अनुकूल व्यापार गतिशीलता और अकोमोडेटिव मौद्रिक नीति द्वारा समर्थित भारत की आर्थिक मजबूती 2025 की दूसरी छमाही के लिए एक आशाजनक मंच तैयार करती है।" बैंक ने बताया कि निवेशकों को इस साल अब तक बाजारों में उतार-चढ़ाव के बाद भी अप्रत्याशित की उम्मीद कैसे रखनी चाहिए। अमेरिकी नीति घोषणाओं की उच्च मात्रा के साथ, निवेशकों को दो-तरफा बाजार अस्थिरता देखने की संभावना है। एचएसबीसी ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग एंड प्रीमियर वेल्थ में दक्षिण पूर्व एशिया और भारत के मुख्य निवेश अधिकारी जेम्स चेओ ने कहा, "हम बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता को स्वीकार करते हैं और उम्मीद करते हैं।

# पर्यटकों के लिए बंद हो जाएगा बेतला नेशनल पार्क

**नवीन मेल संवाददाता**




**बेतला।** लातेहार व्याघ्र परियोजना बेतला में पूर्व की तरह इसवर्ष भी मॉनसून ऋतु को लेकर बेतला नेशनल पार्क 14 दिनों के बाद आगामी एक जुलाई से पर्यटकों के लिए वन नियमावली के तहत बंद कर दिया जाएगा। नतीजतन एक जुलाई से 30 सितंबर (तीन माह) तक पर्यटक पार्क का दीदार नहीं कर सकेंगे। मालूम हो कि मॉनसून ऋतु वन्य जीवों का प्रजनन काल होने की वजह से पीटीआर प्रबंधन वन नियमावली के तहत हरेक वर्ष 01 जुलाई से 30 सितंबर तक पार्क में पर्यटकों के प्रवेश पर पाबंदी लगा देती है। इस दौरान पार्क के रखरखाव में लगे वनकर्मियों को ही सिर्फ पार्क में प्रवेश की अनुमति कारोबारियों को बेतला पार्क बंद होने की चिंता सताने लगी है। बंद के दौरान वनकर्मियों को ही सिर्फ पार्क में प्रवेश की अनुमति होती है। इधर बेतला केप्रभारी रेंजर उमेश कुमार दुबे ने कहां कि फिलहाल इस संबंध में विभागीय स्तर से अबतक कोई दिशा-निर्देश नहीं मिला है। पर बहुत जल्द आदेश मिलने की उम्मीद हैवहीं बेतला के पर्यटन कर्मियों और कारोबारियों को पार्क बंद होने की चिंता अभी से ही सताने लगी है।

# प्री मॉनसून की पहली झमाझम बारिश से किसानों में खुशी का हुआ संचार

- हिट वेव व उमस से मिली बड़ी राहत
- भीमचूल्हा पार्क के हरा-भरा होने की उम्मीद जगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मंगलवार की दोपहर प्री मॉनसून की पहली झमाझम बारिश हुई। इस पर किसानों ने खुशी जाहिर करते हुए भदई और खरीफ फसल की बोवाई को लेकर शुभ संकेत बताया। गर्मी से सूखी पड़ी जमीन की जुताई के लिए उपयुक्त माना। उन्होंने कहा ऐसी ही स्थिति आगे भी बनी रही, तो 22 जून को आर्द्रा नक्षत्र के चढने के साथ जुताई और बोवाई का काम शुरू हो जाएगा। वहीं, लोगों ने हिट वेव और उमस से बड़ी राहत महसूस किया।इसके साथ ही गर्मी के मौसम की विदाई के रूप में देखा। जबकि पशुपालकों ने गर्मी से झुलसे घास के हरा-भरा होने से चारे को लेकर परेशानी से निजात मिलने की उम्मीद जताई। तबाद मौसम में बदलाव आया।

तेज हवा और मेघ गर्जन के साथ आधे घंटे से अधिक समय की बारिश से तापमान में भी गिरावट दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में अगले दिनों में भी बारिश की संभावना जताई गई। इसमें बुधवार और शनिवार को बारिश के साथ जबकि रविवार और सोमवार को मात्र बादल के बीच आकाशीय बिजली से वातावरण के प्रभावित होने की उम्मीद दर्शाया गया है। इस बार की बारिश पर्यटक स्थल भीमचूल्हा की गर्मी वजह से फीकी पड़ गई, हरियाली के लिए संजीवनी साबित हुआ, बताया जाता है। पुजारी सह गाइड गंगा तिवारी ने कहा कि सुकूनदायक वातावरण बन जाने से सैलानियों की आयद बढ़ सकता है। रौनक लौट आएगी। झमाझम बारिश का राहगीरों ने जमकर लुत्फ उठाया।





## बारिश में भीमचूल्हा मंदिर में ही शरण लेते हैं राहगीर



**बारिश** में पर्यटक स्थल ऐतिहासिक भीमचूल्हा स्थित शिव मंदिर में शरण लेने वाले राहगीरों पर आकाशीय बिजली से खतरा की स्थिति बनी रहती है। कादल और शिलापर गांव के बीच 2 किमी रोड पर बारिश से बचाव का यही एकमात्र जगह है। मंगलवार को बारिश के दौरान काफी संख्या में राहगीरों ने शरण लिया। उन्होंने कहा कि 40 लाख की लागत से पर्यटन के दृष्टिकोण से सौंदर्यीकरण और विकास किया गया। मगर, थंडरिंग जोन होने के बाद भी मंदिर पर तड़ित चालक नहीं लगाया गया है। जबकि पर्यटन के दृष्टिकोण से इसे विकसित करने से पहले मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरने से गुंबद दरक गया था। शुक्र था कि तब कोई वहां मौजूद नहीं था। इस वजह से बड़ा हादसा टल गया। अब तो हर परब-त्योहार, लगन और मौसम में सैलानियों और श्रद्धालुओं के साथ ही धूप और बारिश से बचाव के लिए राहगीरों खासकर, दोपहिया वाहन सवार और पांव पैदल लोगों का भी जमावड़ा लगा रहता है।

## एसडीओ ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण,दिए कई निर्देश

# पलामू सदर अस्पताल से हुसैनाबाद में बेहतर हैं स्वास्थ्य विभाग की टीम

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो ने सोमवार की रात्रि को अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि पलामू सदर अस्पताल से हुसैनाबाद मे स्वास्थ्य विभाग की टीम बेहतर कार्य कर रही हैं। वहीं स्वास्थ्य कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान रोस्टर के अनुरूप सभी कर्मी मौजूद थे। एसडीओ ने क्रमवार स्वास्थ्य केंद्र के सभी विभागों का अवलोकन किया। बाल चिकित्सा गहन देख-भाल इकाई के बारे में जानकारी ली। प्रसूति गृह की स्थिति से अवगत होते हुए। साथ ही ड्यूटी पर लगे एएनएम को कई दिशा निर्देश दिया। सामान्य वार्ड, इमरजेंसी व अन्य संबंधित जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने दवा स्टॉक आदि की जानकारी लेते हुए चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को अपने कार्यों के प्रति सजग रहने को आदेशित किया। एसडीओ ने बताया कि हुसैनाबाद सरकारी अस्पताल में पलामू सदर अस्पताल से अधिक चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी पर मौजूद हैं। सभी वार्ड मे मरीजों के वेड साफ - सफाई मे भी काफी बेहतर है। कुछ आवश्यक दवाओं को लेकर कर्मचारियों को शीघ्र प्रतिवेदन देकर दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। नियमित टीकाकरण व स्टॉक के बारे में जानकारी ली। साथ साथ मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का ख्याल रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड में एक व जेनरल वार्ड में पांच मरीज भर्ती थे। एसडीओ ने सभी से बीमारी व सुविधाओं के बारे में पूछताछ की सभी ने बेहतर बताया। इस मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिनेश कुमार, डॉ. विकास कुमार ,सुनील कुमार, जयराम, अमीत,अजय, आनंद, बलराम सिंह, एएनएम अलवीना कच्छप,पुनम देवी, प्रिया देवी समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## वज्रपात से लखन की मौत

**रमना।** प्रखंड में चढ़ते अषाड़ वर्षा ने मंगलवार को दोपहर में दस्तक दिया जिससे किसानो में खुशी है वही एक वृद्ध महिला का सहारा वज्रपात ने छीन लिया। जानकारी अनुसार भागोडीह पंचायत के चुंदी ग्राम स्थित केवाल टोला निवासी 60 वर्षीय लखन भुईया का मृत्यु वज्रपात से हो गयी, मृतक अपनी पत्नी के साथ जीवन यापन कर रहा था, लखन की मृत्यु से मृतक की पत्नी बेसहारा हो गयी इस घर में पति पत्नी के अलावा कोई भी नहीं है, लखन की मृत्यु से उसकी पत्नी का भरण पोषण कैसे होगा लोगो की जुबां पर यही चर्चा था। ग्रामीणों ने बताया की मृतक लखन वर्षा के समय अपने घर के बाहर बने मडई में दोपहर का खाना खाने के लिए बैठा इसी क्रम में झोपडी पर वज्रपात हुआ जिसके चपेट में लखन भूईया आ गये और उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सुचना मिलने पर थाना प्रभारी आकाश कुमार के निर्देशानुसार पुलिस बल एवं एसआई राकेश कुमार घटना स्थल पहुँच कर शव का पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल भेज दिया।

# बचे हुए नक्सलियों के खिलाफ चलेगा इंटर स्टेट अभियान : आईजी

**नवीन मेल संवाददाता**



**पलामू।** जोनल आईजी सुनील भास्कर ने मंगलवार को सर्किट हाउस में झारखंड-बिहार के सीनियर अधिकारियों के साथ अपराध और नक्सल को लेकर समीक्षा बैठक की।

बैठक में पलामू डीआईजी नौशाद आलम, सीआरपीएफ के डीआईजी पंकज कुमार, बिहार गया के एसएसबी डीआईजी मनवेंद्र नेगी, पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन, गढ़वा एसपी अमन कुमार, लातेहार कुमार गौरव सहित कई सीनियर अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में नक्सलियों के खिलाफ इंटर स्टेट अभियान और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। बचे हुए नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए इंटर स्टेट और इंटर डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टास्क फोर्स गठन किया गया। वैसे लोग जो जमानत पर जेल से बाहर निकले हैं उनपर निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

आईजी सुनील भास्कर ने बताया कि बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई है। नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाने के साथ-साथ अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई पर सहमति बनी है। बचे हुए नक्सलियों के कमांडरों को टारगेट करने के लिए कहा गया है और उनके खिलाफ विशेष रणनीति बनाई जा रही है।

## पेज एक के शेष

### शहीद की पत्नी...

संवाद कर पारिवारिक स्थिति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। उन्होंने शहीद आरक्षी सुनील धान की पत्नी से कहा कि राज्य सरकार के प्रावधान के तहत आप चाहें तो अनुकंपा पर सरकारी नौकरी कर सकती हैं। शहीद की पत्नी ने मुख्यमंत्री से कहा कि उनके बच्चे अभी काफी छोटे हैं। आने वाले दिनों में वे नौकरी करने के संबंध में विचार करेंगी।

### शराब घोटाला मामले...

दिसंबर 2024 तक अमित प्रकाश पद पर रहे थे। इस दौरान हुए अनियमितता का आंकलन एसीबी ने किया है। एसीबी ने जांच में पाया है कि अमित प्रकाश के पास बैंक गारंटी को इनकैश कर जेएसबीसीएल के खाते में पैसा जमा कराने का अधिकार था, लेकिन उन्होंने इस दिशा में पद पर रहते हुए कोई कदम नहीं उठाया। मंगलवार को पूछताछ के दौरान अमित प्रकाश ने एसीबी के सवालों पर टालमटोल किया, साथ ही उनके द्वारा अनुसंधान में सहयोग नहीं किया गया।

### झारखंड में हुई...

इस दौरान वज्रपात से मां-बेटी की मौत हो गई। गढ़वा जिले के बिशनपुर थाना क्षेत्र में मानसून की पहली बारिश के साथ हुए वज्रपात में ईंट भट्ठा की महिला मजदूर की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची समेत दो लोग घायल हो गए हैं। गढ़वा जिले के रमना थाना क्षेत्र के चुन्दी के केवाल टोला निवासी 62 वर्षीय लखन भुइयां की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गई। गढ़वा जिले के बिशनपुर थाना क्षेत्र के अमहर गांव में मंगलवार को आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई। इस दौरान वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा समेत दो लोग घायल हो गए हैं। मृतका लातेहार थाना क्षेत्र के सोहर गांव के मान कुंवर की पत्नी मंजू देवी बताई जा रही है। घायलों में मंजू देवी की पुत्री सुरति कुमारी (5 वर्ष) एवं उत्तर प्रदेश के चोपन गांव निवासी अजय कुमार शामिल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**वज्रपात से 62 साल के लखन भुइयां की मौत :** गढ़वा जिले के रमना थाना क्षेत्र के चुन्दी के केवाल टोला निवासी 62 वर्षीय लखन भुइयां की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गई। मंगलवार दोपहर लखन भुइयां के घर बाहर लगाया हुआ ढाबा पर अचानक वज्रपात होने से लखन भुइयां की मौत हो गई। उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई।

### कोविड-19 : कोरोना आया...

संक्रमण के 428 केस कम हुए हैं। इससे अब कोविड के एक्टिव मामलों की संख्या घटकर 6836 हो चुकी है। इसके पहले सोमवार को संक्रमण के मामलों में 119 की गिरावट दर्ज हुई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में केरल में सबसे ज्यादा 261 मामले कम हुए। इसके अलावा गुजरात में 185, दिल्ली में 94, महाराष्ट्र में 28, आंध्र प्रदेश में 18, सिक्किम में 13, असम में 3, तेलंगाना-बिहार-छत्तीसगढ़ और गोवा में एक-एक घटे हैं। इस गिरावट के बाद केरल में कुल मामलों की संख्या अब 1659 बची है। गुजरात में फिलहाल एक्टिव केस 1248, कर्नाटक में 696, दिल्ली में 555, महाराष्ट्र में 512, उत्तर प्रदेश में 278, राजस्थान में 251, तमिलनाडु में 222, हरियाणा में 103 हैं। हालांकि कुछ ऐसे राज्य भी हैं, जहां कोरोना के मामलों में थोड़ी बढ़ोतरी हुई है। इसमें कर्नाटक में सबसे ज्यादा 105 नए मामले दर्ज हुए हैं। राजस्थान में 29 लोग संक्रमित हुए हैं, जबकि हरियाणा में 12 और पंजाब में 10 लोग कोविड की चपेट में आए हैं। इसके अलावा मणिपुर में 6, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में 3-3, ओडिशा-त्रिपुरा और तमिलनाडु में 2-2, झारखंड-लद्दाख-नागालैंड और उत्तराखंड में एक-एक मामला सामने आया है। पिछले 24 घंटों में संक्रमण के कारण पूरे देश में एक मौत दर्ज हुई है। महाराष्ट्र की रहने वाली 44 साल की एक महिला ने कोविड संक्रमण के कारण अपनी जान गंवाई है।

### आधुनिक टेक्नोलॉजी के...

याचिका में कहा गया है कि वर्ष 1932 में भूमि का सर्वे हुआ था। इसके बाद झारखंड में 1975 से भूमि सर्वे की प्रक्रिया शुरू हुई थी, जो अब तक पूरी नहीं हो पाई है। भूमि का रिकॉर्ड अपडेट नहीं होने के कारण रैयतों को काफी परेशानी हो रही है और भूमि विवाद के मामले बढ़ रहे हैं। पिछली सुनवाई में सरकार ने बताया था कि राज्य में सर्वे का काम चल रहा है। दो जिलों लातेहार व लोहरदगा में सर्वे पूरा हो गया है। अमीन के कई पद रिक्त हैं और सर्वे के लिए तकनीकी दक्षता वाले कर्मचारियों की कमी है, इसलिए सर्वेक्षण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है। इस पर कोर्ट ने भूमि राजस्व सुधार विभाग के प्रधान सचिव को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा था कि सर्वे का कार्य पूरा करने के लिए अमीन सहित अन्य कर्मियों की कब तक नियुक्ति कर ली जाएगी और इसकी पुरानी टेक्नोलॉजी को कब तक अपडेट किया जाएगा।

### ईरान में बिगड़े...

ईरान में सभी भारतीय नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे तुरंत भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान तथा संपर्क नंबर प्रदान करें, क्योंकि ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष तेज हो गया है। भारतीय मिशन ने सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) को भी सलाह दी है कि जो अपने स्वयं के संसाधनों से तेहरान से बाहर जा सकते हैं, वे शहर के बाहर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। तेहरान में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सभी भारतीय नागरिक जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान तथा संपर्क नंबर प्रदान करें। कृपया इन नंबर पर संपर्क करें: +989010144557; +989128109115; +989128109109 ।'' यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष तेज हो गया है तथा उन्होंने पांचवें दिन भी हमले किए हैं। हम आपको बता दें कि मौजूदा परिस्थिति के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले ही वापस वाशिंगटन के लिए रवाना हो गए हैं। ट्रंप ने ईरानियों को तत्कल तेहरान छोड़ने की चेतावनी भी दी है। इस बीच, नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान और इजराइल में जारी घटनाक्रम के मद्देनजर मंत्रालय में 24 घंटे संचालित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। बयान में कहा गया, ''नियंत्रण कक्ष का संपर्क विवरण इस प्रकार है: 1800118797 (टोल-फ्री), +91-11-23012113, +91-11-23014104, +91-11-23017905, +91-9968291988 (व्हाट्सएप) ।'' इसके अलावा, तेहरान में भारतीय दूतावास ने संपर्क के लिए 24 घंटे संचालित आपातकालीन हेल्पलाइन स्थापित की है। इसमें कहा गया है, ''केवल कॉल के लिए: +98 9128109115, +98 9128109109; व्हाट्सएप के लिए: +98 901044557, +98 9015993320, +91 8086871709, बंदर अब्बास: +98 9177699036, जाहेदान: +98 9396356649।''

### भारत का शांत...

जो वह हर बार ही साबित करते हैं ।प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। कृष्ण ने जहाँ बांसुरी बजाकर प्रेम का संदेश पूरी दुनिया को दिया था। वहीं पर आवश्यकता पड़ने पर सुदर्शन चक्र उठाकर पपिया का नाश भी किया था। हमारे वीर इस धरती के वंशज हैं। जिन्होंने जब-जब पपिया ने कर उठाया उनके सर को बुरी तरह से कुचला। नमन है उन वीरों को जिन्होंने देश की सुरक्षा मान सम्मान के लिए अपने पारिवारिक रिश्तों की परवाह न करते हुए पूरे देश को सुरक्षित करने के लिए अपने प्राणों की आहुति तक देने से पीछे नहीं हटे। आज अंबर को छूता यह तिरंगा ,उनके बलिदान को नमन करता है।देश का गौरव सदा उन वीरों का ऋणी रहेगा। हाल ही में घटित घटना पहलगाम मैंने देशों के साथ हुए अत्याचार के बदले ऑपरेशन सिंदूर के रूप में दुश्मनों को धूल चाटने पर मजबूर कर दिया।

शीश नवाती हूँ नित-नित मैं वीरों के बलिदान को।
प्राण गवा कर जिसने सींचा भारत के सम्मान को।।
नहीं फ़िक्र की जिसने घर आँगन के सुख की यहाँ कभी।
षड्यंत्र धुआँ सब करके धूल चटाया पाकिस्तान को।।

## नगर पंचायत ने संभाली कमान

# बारिश से पहले जेसीबी से हो रही नालियों की युद्धस्तर पर सफाई




**नवीन मेल संवाददाता**

**मंझिआंव (गढ़वा)।** आगामी मानसूनी बारिश को देखते हुए, नगर पंचायत ने शहर में जलजमाव की स्थिति से निपटने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। बताते चले कि शहर के मुख्य पथों के साथ-साथ विभिन्न गलियों की अवरुद्ध नालियों की सघन सफाई का कार्य जेसीबी मशीनों की सहायता से किया जा रहा है। हर साल बारिश के मौसम में नालियों के जाम होने से शहर के कई घरों और दुकानों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त और आर्थिक छती हो जाता है। इसी चुनौती से निपटने और नागरिकों को असुविधा से बचाने के लिए नगर पंचायत इस वर्ष पहले से ही कमर कस चुकी है। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया, "बारिश से पहले नालियों की पूरी तरह से सफाई सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। पिछले अनुभवों से सीख लेते हुए हमने इस बार जेसीबी मशीनों का उपयोग कर बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया है, ताकि गाद और कचरे को प्रभावी ढंग से हटाया जा सके।" उन्होंने आगे कहा कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक सभी प्रमुख नालियों की शत-प्रतिशत सफाई नहीं हो जाती। सफाई अभियान के दौरान, जेसीबी मशीनें नालियों में जमा कचरे, प्लास्टिक, मिट्टी और अन्य मलबे को निकाल रही हैं। इस कार्य से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि बारिश का पानी बिना किसी रुकावट के नालियों से होकर निकल सके, जिससे सड़कों और रिहायशी इलाकों में पानी जमा होने की संभावना कम हो। नगर पंचायत ने शहर के नागरिकों से भी अपील की है कि वे नालियों में कूड़ा-कचरा न डालें और सफाई अभियान में सहयोग करें, ताकि शहर को स्वच्छ और जलजमाव मुक्त रखा जा सके। इस व्यापक सफाई अभियान से उम्मीद है कि आगामी बारिश में शहरवासियों को जलभराव की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी।

# संघ के शिष्टमंडल ने उपायुक्त से शिष्टाचार मुलाकात कर गुणात्मक शिक्षा पर की चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** मंगलवार को अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे, महासचिव अमरेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने नवपदस्थापित उपायुक्त समीरा एस एवं जिला शिक्षा अधीक्षक से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इसके पूर्व उपायुक्त पलामू को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। गुणात्मक शिक्षा के संवर्द्धन हेतु गहन चर्चा किया गया। बताया गया कि शिक्षक सदैव विपरीत परिस्थितियों में काम करते आ रहें हैं। सीमित संसाधनों में पठन पाठन कार्य कर रहें हैं। आठवीं बोर्ड परीक्षाफल, मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति परीक्षा, मेधाछात्रवृति परीक्षाओं में इस जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। शिक्षकों की घोर कमी के बीच मीड डे मील व अन्य विभागीय रिपोर्टिंग में पलामू पूरे राज्य में नजीर पेश किया है। लोकसभा चुनाव व विधानसभा चुनाव में प्रशिक्षण से लेकर परिणाम तक शिक्षकों ने पूरी ऊर्जा उड़ेल दी थी, शांतिपूर्ण काम भी हुआ। त्रासदी है कि इस जिला में पद रिक्तता के सापेक्ष में विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति लंबित है। ग्रेड फोर के लिए संघ सदैव प्रयासरत रहा है। पूर्व में भी तत्कालीन उपायुक्त महोदय का ध्यान आकृष्ट कराया है। वरीयता सूची जिला शिक्षा स्थापना समिति से अनुमोदित है, लेकिन यथेष्ट परिणाम नहीं आया है।

# सारिका सिंह ने नीट की परीक्षा में 598 नंबर लाकर हुसैनाबाद क्षेत्र का नाम रौशन की है

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** सबानो गांव निवासी व समाजसेवी महेंद्र कुमार सिंह की भतीजी सारिका सिंह ने जेईई नीट में पूरा देश में 598 नंबर लाकर हुसैनाबाद क्षेत्र का नाम रौशन की है। महेंद्र कुमार सिंह गरीबों को इलाज करवाते हैं। वह रांची राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान(रिम्स) में और सारिका सिंह को पढ़ाई व्यवस्था कराने में महेंद्र कुमार सिंह का अहम योगदान रहा है। सारिका सिंह का पिता का नाम अरविंद सिंह और माता कविता सिंह हैं। सारिका सिंह बहुत ज्यादा गरीबी हालत में पढ़ाई की है। हुसैनाबाद क्षेत्र के पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने भी बधाई दी। मौके पर मौजूद कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी, समाजसेवी जय प्रकाश उपाध्याय, समाजसेवी अश्विनी तिवारी, आदि ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## हुसैनाबाद के होम्योपैथी चिकित्सक के पोते ने नीट यूजी की परीक्षा में पाई सफलता, हर्ष



**शहर** के होम्योपैथी चिकित्सक व अहमद नगर निवासी डॉ. शिव प्रसाद मेहता के पोता एवं निरंजन कुमार के पुत्र अभिषेक रंजन ने नीट मेडिकल प्रवेश परीक्षा में 530 अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता व परिजनों सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।अभिषेक ने ऑल इंडिया रैंकिंग (ओबीसी) में 10961वीं स्थान प्राप्त किया है ।अभिषेक रंजन की इस शानदार सफलता पर परिवार, मोहल्ले और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। रिश्तेदारों, शुभचिंतको द्वारा उन्हें बधाइयों और शुभकामनाएं दिया जा रहा हैं। अभिषेक की इस कामयाबी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि लगन, परिश्रम और परिवार का सहयोग मिल जाए तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।

**भय** सहार विहरा व पंसा गांव पर मंडराने लगा कोयल नदी की बाढ़ का खतरा, ग्रामीण सशंकित

# नहीं हुई तटबंध निर्माण की मांग पूरी

- भीम बराज का जलस्तर काफी बढ़ जाने पर 40 में से 38 गेट को करीब 3 मीटर खोलना पड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** बरसात की शुरूआत के साथ कोयल व सोन तटवर्ती गांवों खासकर, इस प्रखंड के सहार विहरा और पंसा पर बाढ का खतरा मंडराने लगा है। इसे लेकर ग्रामीण सशंकित हो गए हैं। बताया जाता है कि भीमबराज की क्षमता से जब कभी भी बारिश का पानी अधिक होता है, उसे कोयल नदी में छोड़े जाने पर इन्हीं गांव के जलमग्न होने का खतरा पैदा हो जाता है। बीते साल भी ऐसा देखने को मिला था। तब भीम बराज का जलस्तर काफी बढ़ जाने पर इसके 40 में से 38 गेट को करीब 3 मीटर खोलना पड़ा था। इससे नदी के डाउन स्ट्रीम में 1.24 लाख क्यूसेक जलप्रवाह होने से इन गांवों मे पानी समा गया था। वहीं, कोयल नदी की उफान की वजह से स्थानीय श्मशानघाट के पास गाइड बांध के कटे होने से मैदानी इलाकों में बाढ के पानी के समा जाने से करीब 20 से अधिक एकड़ में लगी धान, मक्का और अन्य भदई फसलों को नुकसान पहुंचा था। सहारविहरा और पंसा में बड़े पैमाने पर धान की फसल को नुकसान पहुंचने की बात कही गई थी।

## वर्षों से की जा रही तटबंध निर्माण की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि तटबंध निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है। मगर, कादल, मोहम्मदगंज और भजनियां से आगे तटबंध निर्माण अभी तक नहीं हुआ है। सहार विहरा निवासी प्रोफेसर त्रिपुरारी सहार जीवनपर्यंत इसकी लड़ाई लड़ते रहे। उनके बाद अंत में नियति मानकर बाढ की त्रासदी झेलने को खासकर, इन दोनों गांव के लोग अभिशप्त हैं। ग्रामीण कहते हैं कि त्रिपुरारी जी केंद्र की सत्तारुढ दल के सच्चे मन से संघर्षशील सिपाही थे। जो पार्टी के अच्छे दिन नहीं देख सके।

## ईरान का इजराइल के मोसाद हेडक्वार्टर पर हमला, मिलिट्री इंटेलिजेंस की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया

# ईरान-इजराइल तनाव बढ़ा, डिप्टी कमांडर की हत्या से माहौल गर्माया

**तेहरान/तेल अवीव । एजेंसी**

इजराइल और ईरान के बीच 5वें दिन भी संघर्ष जारी है। ईरान ने मंगलवार को तेल अवीव में इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के हेडक्वार्टर पर हवाई हमला किया। इसके अलावा मिलिट्री इंटेलिजेंस से जुड़ी खुफिया एजेंसी अमन की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया है। इजराइली हवाई हमले में ईरान के डिप्टी कमांडर मेजर जनरल अली शादमानी की मौत हो गई है। शादमानी ईरान की खतम-अल-अनबिया हेडक्वार्टर्स यानी सैन्य आपात कमान के हेड थे। उन्होंने 4 दिन पहले ही यह पद संभाला था। उन्हें 13 जून को इजराइली हमले में मारे गए मेजर जनरल गुलाम अली राशिद की जगह यह जिम्मेदारी दी गई थी। राशिद की मौत पिछले शुक्रवार को हुई थी। इजराइली हमलों में अब 224 ईरानी मारे जा चुके है, जबकि 1,481 लोग घायल हुए हैं। वहीं, इजराइल में अब तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा घायल हैं।

वहीं, ईरान के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसने इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के हेडक्वार्टर पर हवाई हमले के लिए एक नई मिसाइल का इस्तेमाल किया है।




इजराइल की राजधानी तेल अवीव के हर्जीलिया टाउन में स्थित मोसाद हेडक्वार्टर पर ईरानी हमले के बाद धुआं उठता दिखा

## ईरान में फंसे भारतीय छात्रों की वापसी शुरू, आर्मेनिया के रास्ते निकाले जा रहे

**तेहरान/नई दिल्ली ।** इजराइल- ईरान में जारी संघर्ष के बीच भारत ने अपने नागरिकों को ईरान से निकालना शुरू कर दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया है कि कुछ भारतीय नागरिकों को आर्मेनिया बॉर्डर के रास्ते देश से बाहर निकाला गया है। इन छात्रों में ज्यादातर जम्मू-कश्मीर के रहने वाले हैं, जो ईरान के उर्मिया शहर से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय समय के अनुसार 16 जून की रात दो बजे छात्रों को यूनिवर्सिटी कैंपस से आर्मेनिया बॉर्डर तक लाया गया था। कश्मीर के अनंतनाग के रहने वाले मोहम्मद शफी भट्ट ने बताया कि उनकी बेटी तय्यैबा शफी उर्मिया यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस फाइनल ईयर की छात्रा है। उनकी बेटी उनसे लगातार संपर्क में है। हालांकि, आज बात नहीं हुई है। छात्रों के साथ भारतीय एंबेसी के अधिकारी हैं। सभी बुधवार को भारत पहुंच जाएंगे। इसी तरह, कश्मीर के शोपियां के रहने वाले मोहम्मद अनवर भट्ट ने बताया कि उनकी अपनी बेटी कहकशां अनवर से कल ही बात हुई थी।

## इजराइली हमले में मारे गए ईरानी सैन्य जनरल





**1 मेजर जनरल मोहम्मद बघेरी**
- **रोल :** ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ (सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड)। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई के बाद देश के दूसरे सबसे बड़े सैन्य अधिकारी।
- **बैकग्राउंड :** 1980 में आईआरजीसी में शामिल हुए, ईरान-इराक युद्ध में भाग लिया। अक्टूबर 2024 में इजराइल पर हुए ईरानी मिसाइल हमलों में अहम भूमिका निभाई।



**2 जनरल हुसैन सलामी**
- **रोल:** इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कमांडर-इन-चीफ।
- **बैकग्राउंड:** 1980 में आईआरजीसी में शामिल हुए, ईरान-इराक युद्ध (1980-1988) में हिस्सा लिया।



**3 ब्रिगेडियर जनरल अमीर अली हाजीजादेह**
- **रोल:** आईआरजीसी की एयरोस्पेस फोर्स के प्रमुख। मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रम के मुख्य जिम्मेदार।
- **बैकग्राउंड:** अक्टूबर 2024 में इजराइल पर मिसाइल हमलों प्लान किए।



**4 जनरल गुलाम अली राशिद**
- **रोल:** ईरानी सेना के डिप्टी कमांडर और खतम-उल-अनबिया हेडक्वार्टर के प्रमुख ।
- **बैकग्राउंड:** ईरान-इराक युद्ध में सीनियर आईआरजीसी अधिकारी।



**5 जनरल गुलाम रेजा मेहराबी**
- **रोल:** सेनाओं के जनरल स्टाफ में खुफिया विभाग के डिप्टी हेड।
- **बैकग्राउंड:** मेहराबी ईरानी सेना की खुफिया व्यवस्था के वरिष्ठ अधिकारी थे। वे बाहरी खतरों की निगरानी और मिडिल ईस्ट क्षेत्र में हिजबुल्लाह जैसे प्रॉक्सी नेटवर्क को संभालते थे।



**6 जनरल मेहदी रब्बानी**
- **रोल:** सशस्त्र बलों की जनरल स्टाफ में ऑपरेशन्स डिपार्टमेंट के डिप्टी हेड।
- **बैकग्राउंड:** रब्बानी सैन्य अभियानों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने में मुख्य भूमिका निभाते थे। वे मिसाइल और ड्रोन हमलों की रणनीति का हिस्सा थे।



**7 मोहम्मद काजमी**
- **रोल:** आरजीसी के खुफिया संगठन के चीफ। देश की सुरक्षा तय करना। इस्लामी नियमों का पालन करवाना।
- **बैकग्राउंड:** 2022 में महसा अमीनी की हत्या के बाद कड़ाई से विरोध प्रदर्शनों के खिलाफ कार्रवाई की।



**8 मेजर जनरल अली शादमानी**
- **रोल:** ईरानी सेना के डिप्टी कमांडर और खतम-अल-अनबिया हेडक्वार्टर के चीफ
- **बैकग्राउंड:** ईरान के सर्वोच्च लीडर आयतुल्ला अली खामेनेई के सबसे करीबी सैन्य व्यक्ति। रिवोल्यूशनरी गार्डस (आईआरजीसी) और ईरानी सेना दोनों की कमान संभाली थी।

# जांच में हिस्सा लेने के लिए इंटरनेशनल एविएशन एजेंसियां अहमदाबाद पहुंची

**ब्यूरो**



- शिकागो कन्वेंशन प्रोटोकॉल हमारी उड़ानों के हर पहलू को सुव्यवस्थित और नियंत्रित करता है।

**नई दिल्ली।** गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जाने वाली फ्लाइट क्रैश हो गई। इसमें 241 यात्री व क्रू मेंबर्स मारे गए। सबसे पहले इमरजेंसी सर्विस पहुँची , फिर परिवार के लोग एयरपोर्ट पर इकट्ठा हो गए। मीडिया कर्मी भी बाद में अहमदाबाद पहुंचे। लेकिन रविवार को इस त्रासदी की जांच में हिस्सा लेने के लिए इंटरनेशनल एविएशन एजेंसियां भी अहमदाबाद पहुंची। भारत पहुंचने वालों में अमेरिका के एनटीएसबी के प्रतिनिधि, टॉप ट्रांसपोर्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी, यूएस सिविल एविएशन रेगुलेटर व यूनाइटेड किंगडम सिविल एविएशन अथॉरिटी के अधिकारी शामिल थे। इससे लोगों के मन में यह सवाल तो आता ही है कि विदेशी एजेंसियां भारत की धरती पर इंडियन एयरलाइंस के विमान हादसे की जांच में क्यों शामिल हैं। इसका पूरा जवाब 78 साल पहले हुए इंटरनेशनल एग्रीमेंट में छिपा हुआ है। यह हमारे उड़ान भरने के लगभग हर एक पहलू को कंट्रोल करता है। कन्वेंशन ऑफ इंटरनेशनल सिविल एविएशन पर 1944 में साइन किए गए थे। यह उस वक्त किए गए थे जब दूसरा विश्व युद्ध खत्म होने की ओर था। इसके निर्माताओं ने समझा कि एविएशन दुनिया को बेहतरीन तरीके से जोड़ेगा।

आज कन्वेंशन के टेक्निकल मानकों की देखरेख मॉन्ट्रियल स्थित संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी आईसीएओ की तरफ से की जाती है। भारत, अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम सहित सभी 193 सदस्य देशों ने इसके नियमों का पालन करने पर सहमति जताई है। इनमें से सबसे अहम एनेक्स 13 है। यह विमान हादसे और गंभीर घटनाओं की जांच के लिए इंटरनेशनल प्रोटोकॉल तय करता है। एनेक्स 13 का अध्याय पांच बड़ी जिम्मेदारियों को रेखांकित करता है। यह साफ करता है कि इसका लक्ष्य दोष या दायित्व सौंपना नहीं है, बल्कि कारणों का पता लगाकर और भविष्य में दुर्घटनाओं को रोककर एविएशन सेफ्टी में सुधार करना है।अध्याय पांच के मुताबिक, विमान हादसे की जांच करने की जिम्मेदारी उसी देश की होती है जहां पर दुर्घटना हुई थी। इसके अलावा विमान से जुड़े अन्य देशों को भी इसमें भाग लेने का औपचारिक अधिकार है। इनमें स्टेट ऑफ रजिस्ट्री, 'स्टेट ऑफ ऑपरेटर', ' स्टेट का डिजाइन' और 'स्टेट ऑफ मेन्युफैक्चर' शामिल हैं। एआई 171 विमान दुर्घटना भारतीय की जमीन पर हुई थी इसलिए भारत के पास घटना की स्थिति का अधिकार है। इसलिए दुर्घटना की जांच का नेतृत्व एएआईबी की तरफ से किया जाता है। यह सिविल एविएशन मिनिस्ट्री के तहत एक सरकारी एजेंसी है। और यही गंभीर घटनाओं की जांच के लिए जिम्मेदार है। 'स्टेट ऑफ ऑपरेटर', वह भी भारत है। ऐसा इसलिए क्योंकि एअर इंडिया ने विमान का संचालन किया था। 'स्टेट ऑफ रजिस्ट्री' भी भारत ही है। एअर इंडिया के बोइंग विमान पर इंडियन रजिस्ट्रेशन मार्किंग के साइन होते हैं। यह राष्ट्रीय नियमों के अनुसार वीटी से शुरू होते हैं। हालांकि, इस मामले में स्टेट ऑफ डिजाइन और स्टेट ऑफ मैन्युफैक्चर दोनों ही अमेरिका है। विमान का निर्माण बोइंग द्वारा किया गया था और इसमें जनरल इलेक्ट्रिक द्वारा बनाए गए इंजन हैं। यह दोनों अमेरिकी फर्म हैं। इस तरह एनटीएसबी और एफएए जैसी अमेरिकी एजेंसियां आईसीएओ एनेक्स 13 के तहत जांच में भाग लेने की हकदार हैं।यदि बात ब्रिटेन की करें तो यहां के प्रतिनिधि इस वजह से जांच में शामिल हुए हैं क्योंकि एअर इंडिया की फ्लाइट में 53 ब्रिटिश यात्री सवार थे। इनमें से सभी की मौत हो गई। सभी को हादसे वाली जगह पर जाने, मलबे और सबूतों की जांच करने का पूरा अधिकार है। यह कोई हैरानी भरा नहीं होना चाहिए क्योंकि इसकी जरूरत है। यह इस सिद्धांत को दिखाता है कि हवाई सुरक्षा एक अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी है।

## रूस को 6 हजार सैन्य इंजीनियर सैनिक भेजेगा उत्तर कोरिया

**सियोल (आईएएनएस)**

उत्तर कोरिया रूस में लगभग 6 हजार सैन्य इंजीनियर सैनिकों को भेजने की योजना बना रहा है। यह जानकारी मंगलवार को मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई। मॉस्को के सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन के साथ वार्ता के लिए प्योंगयांग गए थे। शोइगु के हवाले से योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि रूस के कुर्स्क क्षेत्र में तैनात किए जाने वाले सैनिकों में 5 हजार सैन्य निर्माण श्रमिक और 1 हजार सैपर शामिल होंगे। रूस के सुरक्षा परिषद सचिव सर्गेई शोइगु उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन से मुलाकात करने के लिए दो सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार प्योंगयांग पहुंचे। यह इस महीने में शोइगु की दूसरी उत्तर कोरिया यात्रा है, इससे पहले जून की शुरुआत में उन्होंने यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने किम से मुलाकात की थी और कोरियाई प्रायद्वीप से जुड़े सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की थी।

रूसी समाचार एजेंसी तास ने रूसी सुरक्षा परिषद के हवाले से कहा था कि शोइगु की किम के साथ आगामी बैठक 4 जून को उत्तर कोरिया की उनकी पिछली यात्रा के दौरान किए गए समझौतों का हिस्सा है।

## सिंधु समझौता- पाकिस्तान में चिनाब का पानी 92% घटा

**नई दिल्ली ।** भारत ने पहलगाम हमले के दूसरे दिन 24 अप्रैल को पाकिस्तान के साथ 65 साल पुराना सिंधु जल समझौता रोक दिया था। अब पाकिस्तान में इसका असर दिखने लगा है। पाकिस्तान में चिनाब नदी का फ्लो 92% तक घट चुका है। नदी में 29 मई को वाटर फ्लो 98 हजार 200 क्यूसेक था। अब यह घटकर सिर्फ 7200 क्यूसेक रह गया है। पानी का स्तर 3000 क्यूसेक यानी 'डेड लेवल' से भी नीचे जा सकता है। पंजाब और सिंध प्रांत के 6.5 करोड़ किसान सिंचाई के लिए चिनाब पर निर्भर हैं। पानी की कमी के चलते यहां की 40% से ज्यादा फसल बर्बाद होने की कगार पर हैं।

## एनसीआरसी को जर्मनी में यूआईटीपी पुरस्कार मिला

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) को जर्मनी के हैम्बर्ग में आयोजित यूआईटीपी (इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ पब्लिक ट्रांसपोर्ट) ग्लोबल पब्लिक ट्रांसपोर्ट समिट-2025 में दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के लिए 'सार्वजनिक और शहरी परिवहन रणनीति' श्रेणी के तहत प्रतिष्ठित यूआईटीपी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ऐसा अनुमान है कि 2030 तक दिल्ली विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला शहर बन जाएगी। ऐसे में भारत की प्रथम रीजनल रेल, नमो भारत, एनसीआर में सड़कों पर भीड़भाड़ और वायु प्रदूषण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस कॉरिडोर का उद्देश्य इस क्षेत्र में एक तेज, आधुनिक और कुशल परिवहन विकल्प प्रदान करना है, ताकि निजी वाहनों पर निर्भरता को कम किया जा सके। इसका उद्देश्य बेहतर पहुंच के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाना, आर्थिक और सामाजिक अवसरों तक पहुंच के मुद्दों को संबोधित करना और एनसीआर के संतुलित और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।


### जी 7 से अचानक लौटे ट्रंप, कहा

# युद्ध विराम से कोई लेना-देना नहीं मुझे इससे कहीं ज्यादा जरूरी काम

- क्या ज़रूरी काम ईरान पर हमला करना और वहां के सुप्रीमो अली खेमेनेई को नेस्तनाबूद करना है?

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दावा किया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्राइल और ईरान के बीच युद्ध विराम कराने की पेशकश की है। लेकिन ट्रंप ने मैक्रों के दावों को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें किसी और कारण से जी 7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़ना पड़ा। इसका युद्धविराम से कोई लेना-देना नहीं है।ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन से उनके लौटने का निश्चित रूप से युद्ध विराम से कोई लेना-देना नहीं है। यह उससे कहीं ज्यादा बड़ी बात है। उन्होंने इस पर अधिक स्पष्टीकरण दिए बिना राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की तत्काल बैठक बुलाई। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'प्रचार चाहने वाले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गलती से कहा कि मैं कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन छोड़कर वापस डीसी जा रहा हूं, ताकि इस्राइल व ईरान के बीच युद्ध विराम पर काम कर सकूं। गलत! उन्हें नहीं पता कि मैं अब वॉशिंगटन क्यों जा रहा हूं, लेकिन इसका निश्चित रूप से युद्ध विराम से कोई लेना-देना नहीं है। इससे कहीं ज्यादा बड़ा और जरूरी काम है। चाहे जानबूझकर हो या अनजाने में इमैनुएल हमेशा गलत ही बोलते हैं। देखते रहिए!' इससे पहले मैक्रों ने कहा कि ट्रंप का लक्ष्य ईरान व इस्राइल के बीच शांति समझौता कराना है। उन्होंने जी7 शिखर सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, 'वास्तव में मुलाकात का प्रस्ताव है। युद्ध विराम कराने और फिर व्यापक चर्चा शुरू करने के लिए विशेष रूप से प्रस्ताव दिया गया था।' दावा किया गया कि ट्रंप के पश्चिम एशिया के दूत स्टीव विटकॉफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची परमाणु समझौते और संघर्ष को समाप्त करने पर चर्चा करने के लिए मुलाकात कर सकते हैं। लेकिन कुछ देशों को लगता है कि अमेरिका ने जिस तरह इराक को परमाणु बम बनाने से रोकने के नाम पर इराक पर हमला करके सद्दाम का ख़ात्मा करा दिया ,उसी तरह अब ईरान में खेमेनेई को नेस्तनाबूद करेगा। इधर इस्राइल व ईरान के बीच संघर्ष पांचवें दिन भी थमता नहीं दिख रहा है। दोनों ही देश एक-दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं। हताहतों की संख्या बढ़ रही है। इस्राइल में कम से कम 24 व ईरान में 224 लोगों की मौत की खबर है। इस्राइल के हमलों ने तेहरान के अलावा ईरान के रणनीतिक स्थानों, मिसाइल भंडारण बंकर, लांचर और परमाणु सुविधाओं को नुकसान पहुंचाया। इस्राइल ने ईरान के शीर्ष सुरक्षा और खुफिया अधिकारियों को मार गिराया है। जवाब में ईरान ने इजरायल में हाइफा, तेल अवीव व यरुशलम को नुकसान पहुंचाया।



## विमान हादसे की साइट से मिला 800 ग्राम गोल्ड

**नई दिल्ली ।** एअर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जाने वाली फ्लाइट AI-171 (बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर) जहां क्रैश हुआ था, वहां से 80 तोला (800 ग्राम) गोल्ड, 80 हजार क्रैश, एक मोबाइल फोन, भगवद गीता की कॉपी, 9 पासपोर्ट्स और दूसरा सामान बरामद हुआ।




कहानी फिल्म जगत की

# कमल हासन की 'ठग लाइफ' कर्नाटक में रिलीज होनी चाहिए

### लोगों के सर पर बंदूक नहीं तानी जा सकती, सुप्रीम कोर्ट ने कहा



**सुप्रीम कोर्ट की सख्ती**

### कहा, 'सीबीएफसीश' से पास फिल्म सभी राज्यों में रिलीज होनी चाहिए

शीर्ष अदालत ने कर्नाटक सरकार को राज्य में फिल्म की रिलीज के बारे में जानकारी देने के लिए एक दिन का समय दिया और कहा कि एक बार जब फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से मंजूरी मिल जाती है तो उसे सभी राज्यों में रिलीज किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि यदि कमल हासन ने कुछ भी असुविधाजनक कहा है तो उसे अटल सत्य नहीं माना जा सकता और कर्नाटक के प्रबुद्ध लोगों को इस पर बहस करनी चाहिए थी और कहना चाहिए था कि वह गलत थे।

उच्चतम न्यायालय ने अभिनेता कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' को राज्य में रिलीज नहीं किये जाने को लेकर कर्नाटक सरकार को मंगलवार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर हंगामा करने इजाज़त नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक में तमिल फिल्म ठग लाइफ पर लगाए गए न्यायेतर प्रतिबंध पर अपनी असहमति जताई। मणिरत्नम द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कमल हासन मुख्य भूमिका में हैं। महेश रेड्डी नामक व्यक्ति द्वारा दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को जस्टिस उज्जल भुयान और मनमोहन की बेंच सुनवाई कर रही थी। जनहित याचिका में ठग लाइफ को प्रदर्शित करने की अनुमति मांगी गई थी।